भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी 05:37 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 7 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 292, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



धूमकेतु ही नहीं, क्षुद्रग्रह भी हैं उल्कावृष्टि की वजह 16

दिलजीत दोसांझ की बार्डर 2 में हुई एंट्री 15

# जनरथ बस ने पिकअप में मारी टक्कर, 17 की मौत

**हाथरस में हादसा**

## चालीसवां में शामिल होने जा रहे थे, 16 लोग घायल

संवाददाता, हाथरस

**अमृत विचार :** चंदपा कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम एक पिकअप को पीछे से यूपी रोडवेज की जनरथ बस ने टक्कर मार दी। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 लोग घायल हो गए।

हाथरस के पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार की शाम यह दुर्घटना उस समय चंदपा कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुर गांव के पास हुई, जब आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरटेक करने की कोशिश में बस पिकअप से टकरा गई। घटनास्थल जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर है। मरने वालों में 16 आगरा के खंदौली थाना क्षेत्र के गांव सेमरा के रहने वाले थे, जबकि एक फिरोजाबाद जनपद का निवासी था।

बताया जा रहा है कि एक महिला का कुछ अरसा पहले निधन हो गया था। उसके चालीसवां में शामिल होने के लिए राजुद्दीन की ससुराल गांव सेमरा से करीब 35 लोग पिकअप में सवार होकर आए थे। 6 सितंबर की शाम करीब साढ़े 5 बजे ये लोग आगरा के लिए रवाना हुए। जब ये कोतवाली चंदपा क्षेत्र के कपूरा चौराहे के निकट पहुंचे तो पिकअप जनरथ बस से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। इसमें सवार लोग उछलकर सड़क किनारे झाड़ियों में जाकर गिर गए। हादसे के बाद जमा हुए लोगों ने घायलों और मृतकों को जिला अस्पताल भिजवाया।

घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ जिलाधिकारी आशीष कुमार और पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल मौके पर पहुंच गए। एसपी ने बताया कि मामले में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है और चालक की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी हादसे के पीड़ितों के लिए दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट किया, "उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुए भीषण सड़क हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोकसंतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य-लाभ की प्रार्थना। राज्य सरकार से मेरी अपील है कि पीड़ितों को तत्काल इलाज मिले और प्रभावित परिवारों को समुचित मुआवजा दिया जाए।"



हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और जमा भीड़। ● अमृत विचार

### प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता की घोषणा की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाथरस सड़क हादसे पर शोक जताया है। एक्स पर उन्होंने लिखा, 'उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। इसमें जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।' प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तो घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने भी मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50 हजार रुपये देने का ऐलान किया है।

# भारत का गोल्डन सिक्सर



**नोएडा के प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद में जीता स्वर्ण पदक, एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया**

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय एथलीट प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। प्रवीण ने आज यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में 2.08 मीटर की अपनी व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। प्रवीण कुमार (टी64) ने इस बार अपने जोरदार प्रदर्शन से रजत पदक को स्वर्ण पदक में बदल दिया। इसी के साथ ही प्रवीण ने क्षेत्रीय और एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। इस पदक के साथ ही पैरालंपिक खेलों में भारत के पदकों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। उत्तर प्रदेश में नोएडा के गोविंदगढ़ में जन्मे प्रवीण ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की एवं टोक्यो पैरालंपिक 2020 खेलों में पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के पैरा-एथलीट बन गए। वहां उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी64 श्रेणी में 2.07 मीटर की प्रभावशाली छलांग के साथ रजत पदक जीता था। उन्होंने एशियाई पैरा गेम्स 2022 में 2.05 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। प्रवीण ने हाल में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीता और पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

## मणिपुरः पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर रॉकेट से हमला, बुजुर्ग की मौत

**इंफाल।** बिष्णुपुर जिले के रिहाइशी इलाके मोइरांग में शुक्रवार दोपहर संदिग्ध उग्रवादियों के रॉकेट हमले में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के आवास के परिसर में यह रॉकेट गिरा। शुक्रवार को जिले में दागा गया यह दूसरा रॉकेट है। एक अधिकारी ने कहा कि बम फटने के समय बुजुर्ग व्यक्ति परिसर में कुछ धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारी कर रहा था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विस्फोट में 13 वर्षीय लड़की सहित पांच अन्य घायल हो गए। यह रॉकेट आईएनए मुख्यालय से लगभग दो किलोमीटर दूर एक स्थान पर गिरा।

# अनुच्छेद 370 इतिहास, वापसी कभी नहीं

## गृहमंत्री शाह ने कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए जारी किया घोषणा-पत्र

जम्मू, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा-पत्र जारी किया और कहा कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन गया है। केंद्र शासित प्रदेश में इसकी कभी वापसी नहीं होगी।

शाह ने कहा कि पिछले 10 साल की अवधि देश और जम्मू-कश्मीर के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी और उन्होंने लोगों से सुशासन जारी रखने के लिए उनकी पार्टी को वोट देने का आग्रह किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने भाजपा का घोषणापत्र जारी करने से पहले अपने संबोधन में कहा कि मैं नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के एजेंडे को जानता हूं। मैं पूरे देश को यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है और इसकी कभी वापसी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 अब संविधान का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस अनुच्छेद ने युवाओं के हाथों में सिर्फ हथियार और पत्थर दिए हैं और उन्हें आतंकवाद की ओर धकेला है। शाह ने कहा कि मैं उमर अब्दुल्ला से कहना चाहता हूं कि नतीजे चाहे जो भी हों, हम आपको गुज्जरों, बकरवालों और पहाड़ी लोगों को दिए गए आरक्षण को छूने नहीं देंगे।'



### आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान से बात नहीं

**जम्मू।** अमित शाह ने कहा कि भारत आतंकवाद समाप्त होने तक पाकिस्तान से बातचीत के पक्ष में नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बातचीत और बम एक साथ नहीं चल सकते।

LAST 5 DAYS
ALL CHILDREN & TEENAGER WEAR
7 DAYS OPEN
Jeans, T-Shirt
Top, Boy Suit
Girl Dress,
Gown,
Track Suit
Kurti, Plazo,
Selex
& Footwear
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

# विनेश कांग्रेस में शामिल जुलाना से लड़ेंगी चुनाव

● पहलवान बजरंग पूनिया ने भी थामा कांग्रेस का हाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख और पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध में सबसे आगे रहने वाले ओलंपियन पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पूनिया चुनाव लड़ेंगे या नहीं, लेकिन रात को जारी हुई हरियाणा चुनाव के लिए पार्टी के 31 उम्मीदवारों की सूची में जुलाना विधानसभा क्षेत्र से विनेश फोगाट के नाम की घोषणा की गई।

कांग्रेस में शामिल होने के कुछ ही घंटों बाद पूनिया को पार्टी द्वारा अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल, पार्टी के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया और अन्य नेताओं की मौजूदगी में दोनों पहलवान कांग्रेस में शामिल हो गए। इससे पहले फोगाट और पूनिया ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर मुलाकात की।



## वज्रपात से सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत

**दंतेवाड़ा।** नक्सल विरोधी प्रशिक्षण केंद्र पर शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत हो गई। जान गंवाने वालों में एक जवान प्रयागराज का रहने वाला था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना अपराह्न 3 बजे उस वक्त घटी, जब जिले के बारसूर थाना क्षेत्र में स्थित प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण सत्र चल रहा था। सीआरपीएफ की 111वीं बटालियन के कांस्टेबल महेंद्र कुमार और एसएस आलम आकाशीय बिजली गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से दंतेवाड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण




**बालासोर।** भारत ने शुक्रवार को ओडिशा तट के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया। प्रक्षेपण सभी परिचालनात्मक और तकनीकी मापदंडों के आधार पर पूरी तरह से सफल रहा।

### उत्तराखंड में भूकंप के झटकों से डोली धरती

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड में शुक्रवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। उत्तरकाशी के मोरी क्षेत्र में भूकंप का केंद्र रहा। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से करीब पांच किमी नीचे उत्तरकाशी जिले में मोरी तहसील के सिंगतूर वन क्षेत्र के पास दर्ज किया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

## एग्जिट पोल को नियंत्रित करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एग्जिट पोल को नियंत्रित करने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने इसे राजनीतिक हित याचिका करार देते हुए कहा कि देश में शासन चलने दें और चुनाव की गाथा को बंद करें। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने बीएल जैन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि सरकार चुनी जा चुकी है। अब चुनाव के दौरान क्या होता है, इसकी गाथा बंद करें और अब देश में शासन शुरू करें।

# पूर्व प्राचार्य घोष के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता दुष्कर्म-हत्या मामला**

● करीबी प्रसून चटर्जी को हिरासत में लिया



कोलकाता, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के गिरफ्तार पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष, उसके रिश्तेदारों तथा आधिकारिक सहयोगियों के कोलकाता और पश्चिम बंगाल के अन्य जिलों में स्थित घरों सहित 10 जगहों पर छापे मारे।

ईडी ने शुक्रवार सुबह चार स्थानों पर तलाशी शुरू की, जिसमें पूर्वी कोलकाता के बेलियाघाटा में घोष का घर और हावड़ा के सालकिया में मेडिकल सप्लाई के विक्रेता बिप्लब सिंघा का घर शामिल है। ईडी ने घोष के पूर्व निजी सचिव प्रसून चटर्जी के घर पर भी छापा मारा। प्रसून को उत्तर 24 परगना के सुभाषग्राम स्थित उसके घर से उठाया गया। सात घंटे की पूछताछ के बाद दक्षिण 24 परगना के कैनिंग साउथ ले जाया गया, जहां पूर्व घोष का दो बीघा में फैला एक बंगला है।

श्री गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं



रजि.
बालाजी कन्सलटैंसी
फाइनेंस एडवाइजर | इण्डस्ट्रीयल लोन
सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया Central Bank of India
इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD



DSA-LOAN

स्पेशलिस्टः- कंट्रोल एटमोसिफियर, कोल्ड स्टोर, फ्रूट चेम्बर, राईस मिल, ईंट भट्टा, गत्ता फैक्ट्री, दाल मिल, ग्रीन हाउस, वेयर हाउस, मिल्क प्रोडक्ट, भैंसो की डेयरी, बकरी-बकरा व मुर्गी पालन, डिस्पोजल व मिट्टी की क्राकरी, नमकीन, सोयाबीन, कोल्डड्रिंक, टायर पायरोलिसिस, प्लास्टिक पायरोलिसिस (प्लास्टिक टू फ्यूल), ऑयल स्पेलर, बेकरी, कुरकुरे, सोया, प्लास्टिक पाइप, कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट (बायो सीएनजी), वेस्ट टू एनर्जी, पेपर, कप, नैपकीन, टिशू पेपर, मिट्टी क्राकरी, फ्लोर मिल, कोल्ड रूम, ऑक्सीजन गैस प्लांट, औद्योगिक गैस प्लांट, बायो सी बी जी प्लांट, बायो डीजल प्लांट, बायो इथेनॉल प्लांट, बायो पैलेट प्लांट, बायो ब्रिकेट प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट रिसाइकिलिंग प्लांट, बियर मैनुफेक्चरिगं प्लांट, प्याज लहसुन सूखा पाउडर प्लांट, पीवीसी पाइप प्लांट आदि (100 करोड़ रुपये तक) ऋण का सरकारी सब्सिडी का स्तर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में 90 प्रतिशत तक प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें।



केवल 25 लाख से 100 करोड़ तक का लोन प्राप्त करने वाले संपर्क करें
सन्तोष कुमार
Mob. 9917519347
E-mail: balajiconsultancy101@gmail.com
D85, Sector 63 Noida, Uttar Pradesh
स्नेहलता स्कूल के पास, बैंक ऑफ़ बड़ोदा एटीएम के बराबर में, सीकरी गेट, चंदौसी

# प्रदेश के हर मंडल में खुलेंगे सैनिक स्कूल

## बरेली, मुरादाबाद, अयोध्या, कानपुर समेत 16 मंडलों में पीपीपी मॉडल योजना तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य के युवाओं में देश प्रेम के जज्बे और जुनून का रंग और गाढ़ा करने की तैयारी है। गोरखपुर के बाद प्रदेश के प्रत्येक मंडल में सैनिक स्कूल खोला जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बरेली, मुरादाबाद, अयोध्या, कानपुर, देवीपाटन समेत 16 मंडलों में पीपीपी मॉडल पर स्कूल की योजना तैयार हुई है।

गोरखपुर में शनिवार को प्रदेश में पांचवें सैनिक स्कूल के उद्घाटन अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मौजूदगी में इसकी घोषणा हो सकती है। लखनऊ के सैनिक स्कूल के बाद गोरखपुर का सैनिक स्कूल यूपी सैनिक स्कूल सोसाइटी के अंतर्गत स्थापित होने वाला दूसरा विद्यालय है। गोरखपुर के फर्टिलाइजर कारखाने की करीब 50 एकड़ भूमि में तैयार इस स्कूल का 23 जुलाई 2021 शिलान्यास करते समय भी मुख्यमंत्री ने 'युवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा' का ध्येय गिनाते हुए सभी मंडलों में सैनिक स्कूल का संकल्प लिया था। सूत्रों के अनुसार पहले फेज में बरेली, मुरादाबाद, अयोध्या, कानपुर, देवीपाटन, वाराणसी, आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, आजमगढ़, बस्ती, बांदा, झांसी, मेरठ और मिर्जापुर में पीपीपी मॉडल पर सैनिक स्कूल खोलने की योजना तैयार हो गई है।



### गोरखपुर में बनेगा फॉरेस्ट्री कॉलेज

गिद्ध राज जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने वन विभाग को निर्देश दिए कि गोरखपुर में एक फॉरेस्ट्री कॉलेज बनाए। जहां वन से संबंधित पढ़ाई के लिए डिग्री और डिप्लोमा के पाठ्यक्रम चलाए जाएं। इससे वन विभाग की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न पदों पर युवाओं को नौकरी भी मिल सकेगी। हालांकि देश में वानिकी महाविद्यालय कई प्रदेशों में खासकर कृषि विश्वविद्यालयों से जुड़े हैं। कानपुर के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में भी वानिकी महाविद्यालय में 4 वर्षीय बीएससी (वानिकी) समेत चार विभाग कार्यरत हैं।

## एक नजर

### बंद रहेंगी मीट की दुकानें

**शाहजहांपुर।** नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देशन में गतवर्ष की भांति इस बार भी जैन वार्षिक पर्युषण पर्व ( क्षमा पर्व ) संवतसरी महापर्व कल 8 सितंबर रविवार को मनाया जाएगा। जिसके क्रम में नगर निगम क्षेत्र में सभी मांस, मछली, मुर्गा की दुकानें बंद रहेंगी। आदेश का पालन कड़ाई से कराया जाएगा। इसके बाबजूद अगर कोई दुकान मांस, मछली की खुली पाई जाती हैं, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गणेश स्थापना आज

**पुवायां।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। चौराहा बाजार स्थित कामेश्वर नाथ मंदिर पर आज गणेश की स्थापना कर 13 को शोभायात्रा निकाल गणपति को अगले वर्ष आने के लिए कहते हुए विदा किया जाएगा। जिसके बाद 14 को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी पवन अग्रवाल उर्फ मार्शल ने दी।

### गाजे-बाजे के साथ शोभायात्राएं निकालकर होगी विघ्न विनाशक की स्थापना, घरों में भी तैयारियां पूरी

# लो जी, सज गए दरबार ... आज पधारेंगे गणपति बप्पा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गणपति महोत्सव आज से शुरू हो रहे हैं। विघ्न विनाशक गणपति बप्पा के स्वागत में लोगों ने पलक-पांवड़े बिछा रखे हैं। महानगर में मराठा समुदाय के साथ स्थानीय लोगों ने भी गणपति स्थापना के लिए शुक्रवार को मंडप सजाने शुरू कर दिए हैं। प्रमुख स्थानों पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

घरों में भी गजानन की स्थापना की तैयारियां कर ली गई हैं। लोगों ने स्थापना उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाने के लिए संबंधियों को आमंत्रण भी भेजने शुरू कर दिए हैं। पुरोहितों की बुकिंग हो चुकी है।

शुक्रवार को चौक क्षेत्र समेत रेती मार्ग पर राजस्थानी परिवारों के द्वारा बनाए गए गणपति बप्पा की छोटी-बड़ी मूर्तियों की बिक्री होती रही। लोगों ने परिवार के साथ बच्चों की पसंद के गणपति घरों में स्थापित करने के लिए खरीदे।

बता दें कि मराठा परिवारों के साथ अब बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी घरों में डेढ़ दिन, ढाई दिन, पांच दिन की स्थापना कर रहे हैं। कुछ परिवार पूरे दस दिन तक विघ्नविनाशक की स्थापना कर पूजन करते हैं। घरों भोग के लिए गणपति बप्पा को प्रिय मोदक समेत तरह-तरह के पकवान भी तैयार किए जा रहे हैं।

### सदर में सजा शाहजहांपुर के महाराज का दरबार



इसी तरह सदर क्षेत्र में मराठा समुदाय की ओर से पारंपरिक ढंग से खिरनीबाग स्थित लाला रामचरन लाल धर्मशाला में गणपति बप्पा का भव्य दरबार सजाया गया है। यहां शाम सात बजे गाजे-बाजे के साथ बप्पा की स्थापना की जाएगी। महाराष्ट्र मराठा मंडल के तत्वावधान में शाहजहांपुर के महाराजा के मंडप में प्रतिदिन शाम को धार्मिक अनुष्ठान होंगे। व्यवस्था में सुदामा शिंदे, अर्जुन सूर्यवंशी, अनिल कदम, आशीष गुप्ता, हर्षित गुप्ता, अक्षय कदम, योगेश कदम, सागर शिंदे, रचित गुप्ता, नंदा सूर्यवंशी, वंदना कदम, दीप्ति त्रिपाठी, शिल्पी गुप्ता, बिंदू मिश्रा, सोनम वर्मा, साधना शिंदे, वीना गुप्ता, सोनल त्रिपाठी आदि संभालेंगी।

### शर्मा जी के डेरा में धूम मचाएंगे मठिया के महाराजा



चारखंभा तिराहा स्थित शर्मा जी के डेरा में मठिया के महाराजा की स्थापना धूमधाम से की जाएगी। आयोजन के प्रवक्ता सुचित सेठ ने बताया कि शनिवार को शोभायात्रा के साथ गणपति बप्पा भव्य मंडप में विराजेंगे। इस बार कोलकाता की घटना को देखते हुए महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान दिया गया है और महिला सुरक्षा थीम पर आयोजन किया जाएगा। मठिया के महाराजा की स्थापना शोभायात्रा राम जी रस्तोगी के बक्सरियां स्थित आवास से निकाली जाएगी। पुरोहत पंडित राजीव मिश्रा सरस गणेश स्थापना कराएंगे। इसके बाद 16 तक प्रतिदिन पौराणिक कथाओं पर आधारिक सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम सात बजे से होंगे और 16 को गणपति विसर्जन होगा। आयोजन समिति में अरुण कुमार रस्तोगी, विमल किशोर कपूर, सुनील बंसल, अमित वैश्य, मनोज शर्मा, प्रदीप मेहरोत्रा, अमित कटियार, महेंद्र किशोर कपूर आदि शामिल हैं।

### क्षत्रिय धर्मशाला में विराजेंगे चौक के राजा

महानगर में चौक क्षेत्र के मराठा परिवारों की ओर से पारंपरिक ढंग से चौक के राजा की स्थापना शनिवार शाम को की जाएगी। श्री गणेश उत्सव मंडल समिति के बैनर लाला कालीचरण मार्ग चौक स्थित क्षत्रिय धर्मशाला में गणपति को बैंड बाजे के साथ स्थापना स्थल तक लाया जाएगा। गणपति बप्पा के आगमन को लेकर क्षत्रिय धर्मशाला रंग-बिरंगी झालरों और झंडियों से सुसज्जित कर लिया गया है। दरबार भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। चौक के राजा की विसर्जन यात्रा 17 सितंबर को निकाली जाएगी। आयोजन समिति में मुख्य रूप से शिवाजी राव खांडे, विश्राम चव्हाण, प्रकाश मोरे, हनुमान बागल, अनिल माने, राकेश शुक्ला, रूपेश पवार, विकास वर्मा, सचिन खांडे, विशाल मोरे, पिंटू पवार, सुदीप माने, पिंटू माली, मुकेश कपूर,अजय देवल आदि शामिल हैं।



जलभराव से निकालने पर पर बंद हो गई स्कूटी, पैदल लेकर निकलता युवक। ● अमृत विचार



ब्रज बिहार कॉलोनी के पास गली में भरे पानी में गिरी बच्चे की साइकिल।



शहर में एक क्लीनिक के सामने जलभराव में नाली में घुसी कार को निकालने का प्रयास करते लोग। ● अमृत विचार

# बारिश से मौसम हो गया सुहावना...पर सड़कें बन गईं तालाब

### करीब डेढ़ घंटे की बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत, बारिश थमी तो लोगों ने झेला जाम का झाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बारिश थमने के बाद शहर में लगे जाम में फंसे लोग। ● अमृत विचार



...कुछ इस तरह घर पहुंचे छोटे बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शुक्रवार को सुबह से तेज बारिश होने से मौसम तो सुहावना हो गया, पर कई स्थानों पर हुए जलभराव से सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। दोपहर में धूप खिलने पर मौसम का मिजाज फिर गर्म हो गया। हालांकि शाम को मौसम में फिर नमी आ गई। इससे लोगों ने राहत की सास ली। वहीं बारिश थमने के बाद रोडवेज बस स्टैंड, अंटा चौराहे के पास रोड पर जाम लग गया। इससे लोग काफी देर तक जाम में फंसे रहे।

बृहस्पतिवार रात से बादल छाए रहने के साथ ही ठंडी हवा चल रही थी। शुक्रवार सुबह 8: 30 बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई लेकिन एक घंटे बाद बूंदाबांदी रुक गई। इसके बाद पूर्वान्ह करीब 11 बजे से बादल उमड़-घुमड़ आए और तेज बारिश शुरू हो गई। करीब डेढ़ घंटे की बारिश से तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया। गर्मी से राहत मिली लेकिन शहर की सड़कों और गलियों में जलभराव हो गया। नगर निगम कार्यालय परिसर और उसके आसपास कवि तिराहा, शहीद उद्यान के पास जलभराव हो गया। यही स्थिति अंटा चौराहे पर भी हो गई। सड़क पर दूर-दूर तक पानी ही पानी नजर आ रहा था। नालियां और बड़ा सा नाला नजर नहीं आ रहा था। घर जाने की जल्दी में लोग पानी के बीच से होकर गुजरे। स्कूल से निकलने वाले बच्चों को लोग गोदी में लेकर निकले। एक क्लीनिक के सामने कार का अगला पहिया नाली में चला गया। कार को बमुश्किल बाहर निकाला गया। वहीं तारीन बहादुरगंज, बाडूजई, चौभुर्जी, बक्सरियां आदि तमाम गलियों में पानी भर गया। वहीं बारिश के कारण सड़कों पर कीचड़ हो गया। रोडवेज बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन को जाने वाली सड़क पर कीचड़ हो गई। इस रोड से हर वक्त लोगों का आना-जाना लगा रहता है। रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं बारिश थमने के बाद रोडवेज बस स्टैंड, अंटा चौराहे के पास रोड पर जाम लग गया। इससे लोग काफी देर तक जाम में फंसे रहे।

## माल गोदाम रोड जलमग्न, दिक्कतें झेलकर निकले लोग

अमृत विचार, जमुका / रोजा

**अमृत विचार :** शुक्रवार पूर्वान्ह 11 बजे हुई बारिश के दौरान रोजा में माल गोदाम का रोड जलमग्न हो गया। लोग दिक्कतें झेलते हुए यहां से निकले।

रोजा में यह सबसे मुख्य रोड है। जहां से गांव के वाशिंदों से लेकर आदर्श नगर कॉलोनी, बल्लिया, मालगोदाम, मठिया कॉलोनी, पैतापुर, रामापुर, निघोना आदि जगहों के लोग रोजाना सफर तय करते हैं। जरा सी बारिश होने के दौरान यह सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। यहां पर नाले का भी पता नहीं लगता। बल्लिया स्कूल के पास रखे ट्रांसफार्मर के पास भी बारिश के दौरान जलभराव होने के कारण करंट उतर जाने का खतरा बना रहता है। लोगों ने बताया कि नाले-नालियों का निर्माण न होने से दिक्कत होती है।



ट्रांसफार्मर के पास जलभराव के बीच निकलते लोग। ● अमृत विचार



जलालाबाद शमशाबाद हाईवे पर चलता पानी। ● अमृत विचार

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से स्टेट हाईवे पर चलने लगा बाढ़ का पानी

मिर्जापुर, अमृत विचार : पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश तथा बैराज से छोड़े जा रहे पानी के चलते गंगा एक बार फिर उफनाने लगी है। बाढ़ का पानी ढाई घाट मार्ग पर जलालाबाद शमशाबाद हाईवे पर चौरा गांव के पास चलने लगा है। गंगा के लगातार बढ़ रहे जलस्तर के चलते क्षेत्रीय ग्रामीणों की मुसीबत एक बार फिर बढ़ने लगी है। शमशाबाद जलालाबाद स्टेट हाइवे पर चौरा गांव के पास तेजी से बाढ़ का पानी चलने से यातायात बाधित होने की संभावना है। चौरा नगला बसोला मार्ग पर भी बाढ़ का पानी चलने लगा है। बाढ़ के पानी से आजादनगर, कमथरी, चितार, पैलानी उत्तर, इस्लामनगर, कटैला नगला, मस्जिदनगला, लोहार नगला, चौरा समेत कई गांव घिरने लगे हैं।

## ओसीएफ रामलीला मंच का नवीनीकरण कार्य शुरू



नवीनीकरण कार्य का फीता काटकर प्रारंभ करते महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले की प्रख्यात ओसीएफ रामलीला के लिए मंच का नवीनीकरण कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया। आयुध वस्त्र निर्माणी के महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा ने नवीनीकरण कार्य का प्रारंभ शिलापट का अनावरण, फीता काट कर और पूजन के साथ किया। आचार्य प्रमोद शुक्ला ने विधि विधान से पूजन कराया।

श्री रामलीला एवं प्रदर्शनी समिति के तत्वावधान में शुरू हुए मंच के जीर्णोद्धार का कार्य अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश भी महाप्रबंधक राजेश कुमार वर्मा ने दिए। इधर, रामलीला मंचन संयोजन समिति के सचिव देवेश दीक्षित और रामलीला निर्देशक अंकित सक्सेना ने बताया कि रामलीला का पूर्वाभ्यास सात सितंबर से शाम चार बजे से शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान अपर महाप्रबंधक एके वर्मा, उप महाप्रबंधक एसएस मीना, मेला महासचिव ऋषि बाबू, उप प्रबंधक दिव्यानंद पांडेय, उप महाप्रबंधक अनु सक्सेना, प्रकाश प्रभाकर, एससी सिंह, बी राजा मणि, दीपक, अमन कुमार सक्सेना समेत यूनियन, एसोसिएशन, कार्य समिति, जेसीएम के सदस्य मौजूद रहे।

## अंतिम दिन भी जारी रहा अटेवा का विरोध-प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** ऑल टीचर्स एंड एम्प्लॉयज वेलफेयर एसोसिएशन ( अटेवा ) से जुड़े शिक्षकों और कर्मचारियों ने शुक्रवार को अंतिम दिन भी काली पट्टी बांधकर यूपीएस एवं एनपीएस का विरोध किया। प्रदर्शनकारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर विरोध जता रहे हैं।

जिला अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षक एवं कर्मचारियों का पुरानी पेंशन लेना संवैधानिक अधिकार है, जिसे कोई भी सरकार बंद नहीं कर सकती है। पुरानी पेंशन से ही हमारा बुढ़ापा आराम से कट सकता है। यदि सरकार इस विरोध से नहीं चेती तो आने वाले समय में दिल्ली में वृहद स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

विरोध प्रदर्शन में रामकुमार, विनोद कुमार कश्यप, रमन उपाध्याय, पृथ्वीराज, राजकुमार सिंह, योगेश कुमार, गौरी शंकर वर्मा, धनपाल सिंह, नरेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## हद्दफ व ईदगाह बाज़ार इकाई का विस्तार



इकाई विस्तार के मौके पर मौजूद महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **महानगर अध्यक्ष बोले, जल्द गठित होगी क्विक एक्शन कमेटी**
- **पीड़ित व्यापारी की सूचना पर 15 मिनट में पहुंच जाएगी टीम**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के खिरनी बाग स्थित कार्यालय पर शुक्रवार को हद्दफ और ईदगाह बाज़ार इकाई का विस्तार किया गया। जिसमें सर्व सहमति से इबाद उल्ला खान (चांद), अरविंद राठौर व जुहेब खान को संगठन मंत्री, बहावुद्दीन व अब्दुल कासिम कदीर को उपाध्यक्ष और मोहम्मद वली को मंत्री नियुक्त किया गया।

इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने बताया कि जल्द ही व्यापार मंडल में एक क्विक एक्शन कमेटी का गठन होने जा रहा है, जिससे अगर कोई अधिकारी या कोई असामाजिक तत्व किसी व्यापारी को परेशान करता है तो वह टीम 15 मिनट में उस व्यापारी के यहां एकत्रित हो जाएगी। शशांक कौशिक ने कहा कि व्यापार मंडल किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने देगा। उवैस हसन खां ने सभी नव नियुक्त सदस्यों को बधाई दी। इस मौके पर डॉ. शब्बन अली ( अध्यक्ष हद्दफ एवं ईद गाह बाज़ार ), मोहम्मद आसिफ ( महामंत्री हद्दफ एवं ईदगाह बाज़ार ), लकी खान, अशोक गुप्ता, महेंद्र दूबे, रेहान मिर्ज़ा, अखिल मिश्रा, आकाश दीप गुप्ता, यासिर, सुहेल अंसारी, मोहम्मद तनवीर, ज़ुबैर आदि व्यापारी शामिल रहे।






# जिले में घातक हुआ बुखार... सात दिन में आठ ने तोड़ा दम

## शिविर लगाकर लोगों की जांच कर खानापूर्ति कर रहा सेहत महकमा, बीते वर्ष से नहीं लिया कोई सबक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिले में लगातार बुखार से जा रही लोगों की जान
- बीते वर्ष हो गई थी 37 से ज्यादा लोगों की मौत
- जान बचाने की ठोस रणनीति नहीं बना पा रहा विभाग

**अमृत विचार :** जिले में बुखार का प्रकोप बढ़ गया है। 29 अगस्त से चार सितंबर के बीच सात दिन में आठ से ज्यादा लोगों की बुखार से जान चली गई है। जिससे स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची हुई है। गांवों में कैंप लगाकर लोगों की जांच कराई जा रही है। बीते दो साल से जिले में जानलेवा बुखार का प्रकोप दिखाई दे रहा है, लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हो पाया है। बीते वर्ष 35 से ज्यादा लोगों की जान बुखार से चली गई थी और इस साल भी अब तक दस से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। फाइलेरिया, डेंगू, टाइफाइड और दिमागी बुखार से जान जाने की आशंका है। दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते दिनों एक-एक बेड पर तीन मरीजों को भर्ती किया जा रहा था। जिसके बाद अधिकारियों ने बेड बढ़ाने के निर्देश जारी किए थे। ताकि मरीजों को इलाज मिल सके।

जिले में एक-एक कर बुखार से लोगों की जान जा रही है। यही हाल बीते वर्ष भी था। एक-एक कर लोगों की मौत बुखार से होती चली गई और अंत तक 37 से ज्यादा लोग काल के गाल में समा गए। अगर बीते वर्ष हुई मौतों से सबक लिया गया होता तो शायद इस साल बीते साल की अपेक्षा कम जनहानि होती। सेहत महकमे की तैयारी देखकर लग रहा है कि बीते वर्ष से कोई सबक नहीं लिया। बस शिविर लगाकर खानापूर्ति की गई। स्वास्थ्य विभाग बीते वर्ष भी कैंप लगा रहा था और इस वर्ष भी लगा रहा है। जहां-जहां बुखार से लोगों की मौत होती है या मरीज मिलते हैं स्वास्थ्य विभाग वहां कैंप लगा रहा है। नए मरीजों की जांच कर रहा है, लेकिन एक के बाद एक लोगों की जान बुखार से जा रही है। जनहानि नहीं रुक पा रही है। 29 अगस्त से चार सितंबर तक आठ लोगों ने सिर्फ बुखार से अपनी जान गंवा दी।

वर्तमान में जिले में में बुखार घातक हो चुका है, इसके बाद भी हिसाब से स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां दिखाई नहीं दे रही। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वह लगातार प्रयास कर रहे हैं कि कोई जनहानि न हो। शिविर लगाकर लोगों की जांच की जा रही है। मरीजों को इलाज भी दिया जा रहा है। इसके बाद भी अगर कहीं से कोई शिकायत आती है तो उसे दिखवाया जाता है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि इस सीजन अब तक 20 से ज्यादा लोगों की जान बुखार से जा चुकी है।

### देहात क्षेत्र में हालत और खराब

देहात क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं और बदहाल हैं। बुखार तक के गंभीर मरीजों को रेफर किया जाता है। दूसरी ओर सीएचसी और पीएचसी में चिकित्सकों के समय से न बैठने के चलते भी लोगों को परेशानी होती है। इसके चलते संचारी रोगों के फैलने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज में बेड फुल होने से जगह नहीं मिल पाती है। हालांकि कॉलेज प्रशासन का दावा है कि उनके पास पर्याप्त बेड और दवाओं का इंतजाम है।

### फाइलेरिया, डेंगू, टाइफाइड की आशंका

बीते वर्ष जिले में 37 से ज्यादा लोगों की मौत बुखार से हो गई थी। उस दौरान फाइलेरिया, डेंगू, टाइफाइड या दिमागी बुखार से मौतें होने की आशंका जताई गई थी। बुखार आने पर लोग छोटे से बड़े चिकित्सक के पास इलाज कराने जाते रहे, लेकिन वह बच नहीं पाए। एक के बाद एक लोगों की मौत होती चली गई। पहले से तैयारी नहीं करने की वजह से पिछले वर्ष डेंगू व मलेरिया की वजह से काफी लोगों की जान गई थी। जबकि स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में गिनती की मौतें हुई थी। नदी व तालाब वाले इलाकों में सबसे ज्यादा लोग पीड़ित हुए थे।

### बुखार से अब तक इन लोगों की गई जान...

1- : 29 अगस्त को कलान क्षेत्र के मोहल्ला गंगानहर निवासी शिवकुमार गुप्ता( 40 )
2- :29 अगस्त को ही जलालाबाद के रामपुरवैन निवासी राम भजन की पुत्री चांदनी( 11 )
3- :29 अगस्त को ही भावलखेड़ा ब्लॉक के गांव रौसरकोठी में आलोक राय( 30 )
4- :30 अगस्त को जलालाबाद के मोहल्ला बाबू नगर निवासी व्यापारी मनोज कश्यप( 45 )
5- : 30 अगस्त को जलालाबाद के मोहल्ला खेड़ा निवासी लालाराम( 38 )
6- : 01 सितंबर को जलालाबाद के ही मोहल्ला खंडहर निवासी धर्मपाल कश्यप( 49 )
7- :03 सितंबर को शहर के मोहल्ला शाहबाज नगर निवासी किशोर केशव( 15 )
8- :04 सितंबर को पुवायां के मोहल्ला छावनी निवासी किशोरी निशा ( 15 )

"बुखार से किसी की मौत न हो इसके लिए ठोस इंतजाम किए गए हैं। जहां-जहां बुखार फैलने की शिकायत आती है, वहां शिविर लगाकर जांच और मरीजों का इलाज किया जाता है।
-डॉ. आरके गौतम, सीएमओ



तेज धूप और हुई बारिश के चलते वायरल फीवर दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। हमारे गांव में ज्यादातर लोगों को बुखार हैं।
– **अतुल सक्सेना**, पड़रा सिकंदरपुर



हमारे गांव में ज्यादातर लोग वायरल फीवर का शिकार बने हुए हैं। मुझे भी वायरल फीवर है। दवा का असर कुछ ही देर के लिए रहता है।
– **चेतराम राठौर**, पड़रा सिकंदरपुर



इस समय मुझे भी बुखार है। गांव की महिलाएं, पुरुष, बच्चे व बुजुर्ग वायरल फीवर से पीड़ित चल रहे हैं। बीमारी बढ़ रही है।
– **मालती देवी**, पड़रा सिकंदरपुर



हमारे गांव में एक सप्ताह में वायरल फीवर ने पैर पसार लिए है। दिनो दिन खांसी जुकाम, बुखार के मरीज बढ़ते जा रहे हैं।
– **अखिलेश प्रजापति**, पड़रा सिकंदरपुर

### बुखार के साथ खांसी-जुकाम का भी बढ़ रहा असर

**जमुका/ रोजा, अमृत विचार :** तेज धूप और गर्मी के चलते ब्लॉक भावलखेड़ा के रोजा में खांसी जुकाम, बुखार डायरिया, मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू आदि वायरल और बुखार के लोग दिन-प्रतिदिन शिकार हो रहे हैं। गांव निघोना मकरंदपुर में करीब चार-पांच दिन से लगातार वायरल फीवर से अमित पाल( 22 ), सविता पाल( 29 ), राजेंद्र कुमार ( 30 ) बुखार से पीड़ित हैं। जबकि सविता देवी, अमित पाल, आदेश कुमार, सुरजीत, रामराज भी बुखार से पीड़ित रह चुके हैं। पड़रा सिकंदरपुर के प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि गांव में एक सप्ताह से वायरल फीवर ने पैर पसारे है। बुखार से प्रधान विनोद कुमार, अखिलेश प्रजापति, मुरलीधर, जगपाल, सुरजीत, मालती देवी, मुकेश राठौर, आलोक प्रजापति पीड़ित रह चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के बाद जब से तेज धूप और गर्मी का प्रकोप बड़ा है, तभी से लोगों को बुखार आ रहा हैं। छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं बड़े, बुजुर्ग बुखार से पीड़ित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कैंप में दवा वितरित की गई है लेकिन जब तक दवा का असर रहता है, तब तक बुखार गायब रहता है, दवा का असर खत्म होते ही बुखार आ जाता है।

## घायल युवक की अस्पताल में मौत

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र के गांव गुलड़िया निवासी शरदवीर( 25 ) छह अगस्त को फर्रुखाबाद से गंगा जल लेकर गोला जा रहा था। मोहम्मदी रोड पर मुकरमपुर गांव के सामने बाइक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया था। घायल को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## ट्रेन से गिरकर अधेड़ व्यक्ति घायल

**शाहजहांपुर।** शुक्रवार की शाम पांच बजे पीलीभीत से शाहजहांपुर ट्रेन आ रही थी। स्टेशन से कुछ दूरी पर ट्रेन से गिरकर यात्री घायल हो गया। जीआरपी ने जानकारी की। उसकी उम्र करीब 60 साल होगी। रेल लाइन पर पत्थरों पर गिरने से उसके मुंह में चोट आई थी, इसलिए वह बोल नहीं पा रहा था। घायल को मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।

## एक नजर

### रिश्तेदार के अंतिम संस्कार से लौट रहे युवक की हादसे में मौत

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** नर्सरी के पास हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक खुशीराम( 35 ) निवासी गोगेपुर थाना गढ़िया रंगीन अपने साथी राहुल के साथ कलान के तितुरी गांव में किसी संबंधी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था। लौटते समय मिर्जापुर थाने से करीब 500 मीटर आगे नर्सरी के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे खुशीराम की मौके पर ही मौत हो गई। साथ में बैठा राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### हाईवे पार कर रहा किशोर ट्रक की चपेट में आया, घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** हॉस्पिटल में भर्ती पिता को देखने गया किशोर हाईवे पार करते समय ट्रक की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक व चालक को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव कपसेड़ा निवासी शिशुपाल शर्मा बीमारी के चलते बंथरा स्थित एक हॉस्पिटल में चार-पांच दिन से भर्ती हैं। शुक्रवार को सुबह करीब दस बजे शिशुपाल का बेटा अभय शर्मा उर्फ गोलू ( 14 ) पिता को हॉस्पिटल देखने गया था। वह सड़क पार कर ही रहा था कि शाहजहांपुर की ओर से आते एक ट्रक की चपेट में आ गया। उसके दोनों पैरों में गंभीर रूप से चोट आई। हॉस्पिटल स्थित चौकी पुलिस ने उसे भर्ती कराया। दुर्घटना करने वाले ट्रक व चालक को कब्जे में ले लिया।

# छुट्टा पशुओं से टकराए बाइक सवार, दंपती समेत छह घायल

संवाददाता, निगोही

- अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटना एक महिला की हालत गंभीर

**अमृत विचार :** अलग-अलग स्थानों पर बाइक सवार गोवंशीय पशुओं से टकरा गए। हादसों में दंपती समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों में एक महिला की हालत गंभीर है। उसे सीएचसी निगोही से जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई गई है।

क्षेत्र के गांव रेभा निवासी सत्यपाल पत्नी पवना देवी और पुत्री हर्षिता के साथ बाइक से निगोही आए हुए थे। गुरुवार रात करीब आठ घर लौटते समय बाइक निगोही-शाहजहांपुर रोड पर गिरगिचा चीनी मिल गेट के पास पहुंची, तभी अचानक सामने से गोवंशीय पशु आ गया। जिससे बाइक टकरा गई। हादसे में तीनों लोग घायल हो गए। उधर से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी निगोही भिजवाया। जहां डॉक्टर ने पवना देवी की हालत को गंभीर देखते हुए उसे सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं, निगोही क्षेत्र के गांव लधौला निवासी ओमवीर सिंह पत्नी चहेती देवी, बुआ सुशीला देवी के साथ बाइक से कांट क्षेत्र से रात करीब आठ बजे लौट रहे थे। निगोही से पुवायां रोड पर कबीरपुर झोतेपुर के निकट छुट्टा गोवंशीय पशुओं से बाइक टकरा गई। जिससे तीनों लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी निगोही में भर्ती कराया गया।

# लाइन में लगकर पर्चे बनवा लेते हैं मरीज, लेकिन नहीं मिलते डॉक्टर

संवाददाता, पुवायां

- पुवायां के सरकारी अस्पताल में कुछ चिकित्सक 11 बजे तक नहीं पहुंचते
- रोजाना 400 से लेकर 500 तक बनते हैं पर्चे, इलाज नहीं मिलने से लोग परेशान

**अमृत विचार :** वायरल बुखार के तेजी से बढ़ते मरीजों के बीच अस्पताल की हालत बहुत खराब है। यहां रोजाना 400 से लेकर 500 मरीज पर्चा बनवाते हैं, जिसमें से बमुश्किल आधे मरीजों को ही इलाज मिल पाता है। सुबह 8 से ड्यूटी शुरू होने के बाद भी 11 तक कोई डॉक्टर ओपीडी नहीं शुरू करता, जिससे परेशान होकर मरीज निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हैं।



शिकायतकर्ता शिव कुमार।

पुवायां के सरकारी अस्पताल का हाल बहुत बेहाल है। इस समय बुखार का भयंकर प्रकोप चल रहा है, जिसके चलते सुबह से ही मरीजों की लाइन लग जाती है। शुक्रवार को सुबह नौ बजे जैसे ही पर्चे बनने शुरू हुए तो सभी पर्चा बनवाने को दौड़ पड़े। भीड़ बढ़ी तो एक कर्मचारी ने कहा कि इतनी भी जल्दी क्या है डॉक्टर 11 बजे आएंगे तभी मरीज देखेंगे। यह बात सुन कर डूडा गांव के शिवकुमार ने ऑनलाइन शिकायत कर दी। शिवकुमार ने शिकायत में कहा कि तेज बुखार में वह सुबह 8 बजे से अस्पताल में बैठा है। 9:15 बजे तक पर्चा ही बनना शुरू हो सका, यहां पता चला कि डॉक्टर 11 बजे मिलेंगे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. नागेंद्र पाल ने बताया कि स्टाफ की कमी है, जिसके चलते 24 घंटे काम करना पड़ता है। डॉक्टर कभी कभार लेट हो जाते हैं। गुरुवार को 405 और शुक्रवार को 593 मरीज आए।



लाइन में लगकर पर्चा बनवाते मरीज। ● अमृत विचार



परिसर में जंगल झाड़ी, घास-फूस के बीच कंडम खड़ी एंबुलेंस।

### चीफ फार्मासिस्ट के कमरे में निकला कोबरा

अस्पताल परिसर में बहुत गंदगी है। परिसर में घास फूस और तमाम कंडम खड़ी एंबुलेंस के कारण कीड़े मच्छर व सांप पनप रहे हैं। शुक्रवार सुबह परिसर में ही चीफ फार्मासिस्ट कमलेश कुमार एवं बीआर आजाद के आवास में ब्लैक कोबरा निकाला, जिससे सभी कर्मचारी दहशत में आ गए। काफी मशक्कत के बाद जैसे तैसे उसे कुछ लोगों ने हटाया, जिसके बाद चीफ फार्मासिस्ट कमलेश कुमार ने राहत की सांस ली।

### ... गाड़ी भर के आए सैनेटरी पैड, गोदाम में रखवा दिए

शुक्रवार को सुबह एक गाड़ी भर के महिलाओं को सुरक्षित रखने के लिए सेनेटरी पैड आदि आए, जिन्हें अलग गोदाम में रखवा दिया गया। कई महिलाओं ने आरोप लगाया कि अस्पताल में मांगने के बाद भी सुरक्षा सामग्री नहीं मिलती है।





अस्पताल में भर्ती नहीं किए जाते मरीज। जिसके चलते बंद रहता है वार्ड।



साढ़े दस बजे तक ओपीडी कक्ष में नहीं थे डॉक्टर... खाली पड़ी कुर्सियां।

# थाने से चंद कदम की दूरी...चोरों ने दुकान से लाखों का सामान उड़ाया

संवाददाता, बंडा

- मुख्य चौराहे के पास दीवार काटकर दुकान के अंदर घुसे
- सात लाख का कपड़ा और 12 हजार की ले गए नगदी

**अमृत विचार :** कस्बे के मुख्य चौराहे पर चोरों ने कपड़े की दुकान की दीवार काटकर करीब सात लाख रुपये कीमत का कपड़ा और 12 हजार रुपये की नगद चोरी कर ली। घटना की जानकारी सुबह दुकान खोलने के दौरान हुई। पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले की जानकारी ली। दुकानदार ने पुलिस से चोरी का खुलासा करने की मांग की है, जिस पर पुलिस ने जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।

कस्बे के मोहल्ला रामनगर निवासी मोहम्मद तोइयब ने पुलिस को बताया कि उसकी कस्बा बंडा के मुख्य चौराहे से करीब 30 मीटर की दूरी पर खुटार मार्ग पर स्थित शुक्ला मार्केट में बुंदा क्लॉथ हाउस के नाम से थोक की दुकान है। गुरुवार की रात आठ बजे रोजाना की तरह वह दुकान बंद कर घर चला गया। रात में किसी समय चोर दुकान की साइड की दीवार काटकर दुकान में घुस गए और दुकान में रखा सात लाख रुपये कीमत का कपड़ा और गुल्लक में रखे 12 हजार रुपये चोरी कर लिए। शुक्रवार सुबह जब वह अपनी दुकान खोलने गया, तो दुकान की दीवार कटी हुई थी और दुकान में रखे कीमती कपड़े गायब थे। चोरी की जानकारी लगते ही मौके पर तमाम व्यापारी इकट्ठा हो गए और घटना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने लगे। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को दुकान में हुई चोरी की सूचना दी। कुछ देर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बारे में जानकारी करते हुए जांच पड़ताल की। पुलिस ने चोरों की सुरागरसी कर घटना का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया। व्यापारी का आरोप है कि पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। व्यापारियों ने बताया कि क्षेत्र में चोरों का गिरोह काफी समय से सक्रिय है और कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं, फिर भी पुलिस चोरी रोकने में नाकाम साबित हो रही है।



घटना की सूचना पर एकत्र व्यापारी। ● अमृत विचार

"कपड़ा व्यापारी की दुकान से चोरी की जानकारी मिली है, चोरों की सुरागरसी कर जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।
-**पंकज पंत**, सीओ पुवायां



चोरों द्वारा काटी गई दुकान की दीवार।

### ट्रक की टंकी से 300 लीटर डीजल चोरी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बुधवार की रात हाईवे पर खड़े ट्रक से चोरों ने टंकी से 300 लीटर डीजल चुरा लिया। चालक को सुबह डीजल चोरी की जानकारी हुई है। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बंगशान निवासी फिरोज खां ट्रक का चालक है। बुधवार की रात 12 बजे उन्होंने हाईवे पर मोहल्ले के सामने ट्रक खड़ा कर दिया और केबिन को अंदर से बंद कर लिया और सो गया। रात में चोरों ने ट्रक की टंकी में पाइप डालकर डीजल चुरा लिया। वह सुबह छह बजे उठा तो देखा कि टंकी का लॉक टूटा था और डीजल गायब था। उसने डीजल चोरी की सूचना कटरा थाना पर दी। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी सिपाहियों के साथ पहुंचे और चालक से जानकारी की। चालक ने बताया कि 300 लीटर डीजल चोरी हो गया है। चालक ने थाना पर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है।

### ...पुलिस को नहीं लगी भनक

कस्बा बंडा के मुख्य चौराहे पर 24 घंटे पुलिस की ड्यूटी रहती है। साथ ही रोड पर गश्त भी होती है। इसके बाद भी मुख्य चौराहे पर चोर दीवार काट कर चोरी को अंजाम देते रहे। पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी। इससे व्यापारियों में असुरक्षा का भाव बना हुआ है।

# तीन चोर गिरफ्तार, दो पंपिंग सेट बरामद

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

- पकड़े गए लोगों के पास से बाइक भी मिली
- बाइक के बारे में जानकारी जुटा रही पुलिस

**अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने पुवायां-निगोही रोड पर तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरों के कब्जे से दो चोरी के पंपिंग सेट बरामद किए हैं।

निगोही प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि 31 अगस्त की रात में विनोद कुमार निवासी रामनगर थाना निगोही का खेत से पंपिंग सेट चोरी हो गया था। उन्होंने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार सुबह दस बजे सूचना मिली कि तीन चोर चोरी के पंपिंग सेट बेचने आ रहे हैं। पुलिस ने निगोही-पुवायां रोड पर रेलवे फाटक के निकट तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर राहुल निवासी धीरठ थाना निगोही, रामऔतार निवासी भटियुरा थाना निगोही और राजपाल निवासी अर्जुनपुर थाना निगोही है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से दो चोरी के पंपिंग सेट व बाइक बरामद की है। पूछताछ के दौरान चोरों ने बताया कि एक विनोद कुमार का और दूसरा पंपिंग सेट पुवायां रोड रेलवे फाटक के पास एक खेत से चुराया था। पुलिस बाइक के बारे में पता कर रही है। राहुल पर पहले से एक मुकदमा और राजपाल पर तीन केस दर्ज हैं। पुलिस ने चोरों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक ओमकार सिंह, अंकित कुमार आदि थे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद पंपिंग सेट व बाइक। ● अमृत विचार

# तालाब में डूबा ग्रामीण, मौत

संवाददाता, जैतीपुर

- तालाब में घुसी भैंसे निकालने गया था जैतीपुर के कीरतपुर गांव का मंशीचरन

**अमृत विचार:** एक ग्रामीण तालाब में गई भैंसों को निकालने के दौरान अचानक डूब गया। उसका शव दो घंटे बाद तालाब से बाहर निकाला गया।

क्षेत्र के गांव कीरतपुर निवासी मंशीचरन (45) ने भैंसें पाल रखी है। वह गुरुवार दोपहर बाद दो बजे भैंसों को लेकर गांव के बाहर एक तालाब पर गया था। भैंसे तालाब में चली गई। वह चार बजे भैंसों को तालाब से बाहर निकाल रहा था इसी बीच अचानक तालाब में डूब गया। गांव वालों ने उसके परिजनों को जानकारी दी। परिवार वाले ग्रामीणों के साथ तालाब पर पहुंचे। उसकी तलाश में तालाब में घुसे गांव वालों ने दो घंटे बाद मशक्कत कर शव बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी नीलावती और तीन बच्चे बेहाल हैं।



मृतक मंशीचरन।

### घायल परिचालक की इलाज के दौरान मौत

**मिर्जापुर।** कस्बा निवासी हिमांशु पाठक यूपी रोडवेज में परिचालक के पद पर तैनात था। बीते दिनों छत से गिरकर घायल हो गया था। गुरुवार रात बरेली के अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को शव पहुंचा। पिता बृजलाल पाठक, मां कमला पाठक, पत्नी रचना पाठक, पुत्र सूर्यांश पाठक, प्रियांशु पाठक समेत परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है।

**दिक्कत** दो मिनट का स्टॉपेज... जानकारी न मिलने पर छूट जाती है कई यात्रियों की ट्रेन, परेशान लोगों ने की शिकायत

# जनरल कोच की घोषणा बंद, ट्रेन पकड़ने को दौड़ लगाते हैं यात्री

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर पूछताछ कार्यालय से ट्रेनों के जनरल कोच का अनाउंस होना बंद हो गया। जिससे जानकारी न होने पर यात्रियों को सामान लेकर प्लेटफार्म पर ट्रेन के आगे-पीछे दौड़ लगानी पड़ती है। दो मिनट के स्टॉपेज से कई यात्रियों की ट्रेन छूट जाती है। प्लेटफार्म पर कोच डिस्प्ले नहीं है। यात्रियों ने इसकी शिकायत पूछताछ कार्यालय पर की है।

ट्रेन में जनरल कोच गार्ड की बोगी या इंजन के पास होते है। स्लीपर कोच बीच में होते है। ट्रेन में इंजन के पास एसी कोच होते है तो जनरल कोच गार्ड की बोगी के पास होते है। जब गार्ड की बोगी के पास एसी कोच होते तो जनरल कोच इंजन के पास होते है। यात्रियों को जानकारी नहीं होती है कि जनरल कोच कहां होंगे। इसलिए यात्री ट्रेन के आगे-पीछे जनरल कोच के लिए खड़े होते है। जब ट्रेन प्लेटफार्म पर आकर खड़ी होती है तो पता चलता है कि जनरल कोच गार्ड की बोगी के पास है। यात्री जनरल कोच के लिए प्लेटफार्म पर सामान लेकर दौड़ लगाते है। सबसे अधिक परेशानी वृद्ध यात्रियों और दिव्यांग यात्रियों को होती है। यात्री जब तक जनरल कोच के पास पहुंचता है तो ट्रेन चल देती है। क्योंकि ट्रेन का दो मिनट का स्टॉपेज है। कई बार यात्री चलती ट्रेन पर चढ़ते समय गिर जाते है। पूछताछ कार्यालय से पहले ट्रेन के जनरल कोच के बारे में अनाउंस होता था। लेकिन अनाउंस बंद कर दिया गया है। शहर के मोहल्ला चौक के विनोद कुमार, मोहल्ला निसरजई के रामऔतार आदि ने पूछताछ कार्यालय पर कहा कि ट्रेन के जनरल कोच का अनाउंस करना चहिए। अनाउंस नहीं होने से यात्रियों को दिक्कत होती है।



प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेन और कोच ढूंढते यात्री। ● अमृत विचार

"प्रत्येक ट्रेन का पूछताछ कार्यालय से जनरल कोच का ट्रेन आने से पहले अनाउंस होना चाहिए। जिससे यात्रियों को पता चल सके कि जनरल कोच कहां पर है। जनरल कोच की जानकारी होने पर यात्रियों को दिक्कत नहीं होगी। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए है कि जनरल कोच का अनाउंस होना चाहिए।
**आदित्य गुप्ता**, मंडल मुख्य वाणिज्य प्रबंधक

मुफ्त
मुफ्त
मुफ्त
मोतियाबिन्द ऑपरेशन
Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003
0581-2530800/700
HELPLINE 9720200777
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की निःशुल्क सुविधा
जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है उनका मोतियाबिन्द का ऑपरेशन राशन कार्ड व आधार कार्ड साथ लाने पर निःशुल्क किया जायेगा
नेत्र रोग विभाग
डॉ. विशी श्रीवास्तव
M.B.B.S., DNB (New Delhi), MNAMS, FLVPEI (Hyderabad)
कॉर्निया, कैटरेक्ट एवं लेसिक सर्जन
सम्पूर्ण नेत्र रोग से सम्बन्धित परामर्श व इलाज
बिना टांका, बिना चीरे के मशीन द्वारा मोतियाबिन्द का ऑपरेशन
कम शुल्क में लेंस अपग्रेड की सुविधा
पुतली का समस्त उपचार
24×7 आँखों की इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

## पति समेत 4 के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रोजा क्षेत्र के गांव रुकनपुर निवासी याकूब ने बताया कि उसने अपनी पुत्री साइना की शादी एक साल पूर्व नाजीम निवासी शाहगंज थाना रोजा के साथ की थी। उसने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था लेकिन ससुराली बुलेट की मांग कर रहे थे। जबकि शादी में बाइक के लिए एक लाख 70 हजार रुपये नगद दिए थे। मांग पूरी न होने पर ससुराली उसे प्रताड़ित करने लगे। वह अपनी बेटी को ससुराल से लेकर आ गया था। उसकी बेटी ने मायके में एक बेटी को जन्म दिया। वह अपनी पुत्री साइना को गुरुवार की दोपहर बाद ससुराल छोड़ने के लिए गया तो ससुराली गाली देने लगे और उसे मारा पीटा। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोमा की जाँच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. सतेन्द्र शर्मा M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

# तिलहर नगर पालिका अध्यक्ष की पावर सीज करने की मांग

## धरना-प्रदर्शन के बाद 17 सभासदों ने एसडीएम को सौंपे थे इस्तीफे

संवाददाता, तिलहर

- भ्रष्टाचार को लेकर नगर पालिका के कई सभासदों ने कमिश्नर से मिलकर की शिकायत
- पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी पर लगाया था मनमानी का आरोप

**अमृत विचार :** नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर नगर पालिका के कई सभासदों ने कमिश्नर से मिलकर नगर पालिका अध्यक्ष की पावर सीज करने की मांग के साथ ही निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

बीते दिनों नगर पालिका परिषद के 17 सभासदों ने सामूहिक रूप से नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार और पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को इस्तीफे सौंपे थे। मामले में ठोस कार्रवाई ना होते देखकर सभासदों ने कमिश्नर से मिलकर नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत की है। शुक्रवार को नगर पालिका सभासद संदीप रस्तोगी, दिलीप सक्सेना, अमित लोधी और सभासद पति अब्दुल सादिक संयुक्त रूप से कमिश्नर बरेली मंडल सौम्या अग्रवाल से मिले और उन्हें तिलहर नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा मनमानी से अवगत कराया। सभासदों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम और अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा के कार्यकाल के दौरान नगर पालिका में मनमानी और भ्रष्टाचार चरम पर है। सभासदों के द्वारा कमिश्नर को दिए गए प्रार्थना पत्र में निविदाएं आवंटन से लेकर जेम पोर्टल, बंधन योजना, आउटसोर्सिंग सहित कई बिंदुओं पर भ्रष्टाचार होने की शिकायत करने के साथ ही निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है और जब तक जांच पूरी ना हो जाए तब तक नगर पालिका अध्यक्ष की पावर को सीज किए जाने की भी मांग की है।


कमिश्नर सौम्या अग्रवाल को ज्ञापन देते नगर पालिका के सभासद। • अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### वसूली करने पहुंची टीम, ऋण जमा करने के दिए निर्देश



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बड़ौदा यूपी बैंक पुवायां तकिया शाखा ने नायब तहसीलदार और संग्रह अमीनों के साथ मिलकर शुक्रवार को ऋण वसूली अभियान चलाया। बड़े बकाएदार सदापुर निवासी राजकुमार, बसखेड़ा बुजुर्ग निवासी उदयवीर सिंह, ककरौआ जप्ती निवासी सुरेश चंद्र व दिनेश चंद्र, लालपुर ज.जेवा निवासी हरिपाल की आरसी जारी की जा चुकी है। जिनसे बकाया वसूली टीम ने मुलाकात कर ऋण की अदायगी किए जाने को कहा, साथ ही चेतावनी दी कि समय पर अदायगी नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। टीम में क्षेत्रीय प्रबंधक लखवीर सिंह, एजीएम शरद चंद्र, नायब तहसीलदार अमित कुमार आदि शामिल रहे। क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि 25 से 30 किसानों के खिलाफ कुर्की के आदेश की कार्रवाई की जा चुकी है।

### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**खुटार, अमृत विचार :** गांव दिलीपपुर में कलश यात्रा के साथ भूइयार बाबा स्थान पर गुरुवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ हो गया। कथा व्यास रोली त्रिवेदी ने गोमती नदी तट पर विधि विधान से पूजन के बाद आरती की। उसके उपरांत गोमती नदी से जल भरकर महिलाएं और बच्चे सिर पर कलश रखकर कथा स्थल तक पहुंचे। कथा व्यास रोली त्रिवेदी ने कथा स्थल पर वैदिक पूजन के उपरांत कथा का प्रारंभ किया। कथा का आयोजन 10 अगस्त तक चलेगा। 11 को विशाल भंडारा का आयोजन होगा।

### विधायक ने कोटेदारों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

**कांट, अमृत विचार :** ददरौल विधायक अरविंद सिंह, कांट मंडल अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह भदौरिया और सरथौली मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा मानु ने ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को कोटेदारों को भाजपा का सदस्य बनाया। मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविंद सिंह व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ला रहे। इस दौरान मनोज मिश्रा मानु, शिव प्रताप सिंह भदौरिया, संतोष दीक्षित, विधायक प्रतिनिधि हरजीत सिंह चौहान, विमल वाजपेयी, जयपाल सिंह, अनमोल पाठक आदि रहे।

## राज्य एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के चयन के ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि आनलाईन प्राप्त आवेदन जनपदीय समिति द्वारा परीक्षण एवं स्थलीय सत्यापन कर पात्र अध्यापकों का चयन करते हुए 16 सितंबर से 15 अक्टूबर तक मंडलीय समिति को प्रेषित करेंगे। उन्होंने बताया कि मंडलीय समिति द्वारा पात्र अध्यापकों का चयन कर 31 अक्टूबर से 14 नवंबर तक निदेशालय स्तरीय चयन समिति को ऑनलाइन प्रेषित करना होगा। इसके बाद राज्य स्तरीय समिति द्वारा चयन कार्यवाही पूरी की जाएगी। डीआईओएस ने कहा कि संबधित शिक्षक पने समस्त अभिलेख, उत्कृष्ट कार्यों का विवरण आवेदन पत्र के साथ ऑनलाइन अपलोड करेंगे। साथ ही उत्कृष्ट कार्यों के संबंध में अपना पांच मिनट का वीडियो भी अपलोड करेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे। निर्धारित समयावधि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए डीआईओएस कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## संस्कृत ज्ञान परीक्षा के लिए स्कूलों में किया संपर्क

**खुदागंज, अमृत विचार :** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कार्यक्रम को लेकर संस्था के पदाधिकारियों ने बुधवार को नगर के विद्यालयों में संपर्क किया। खुदागंज के कार्यक्रम प्रभारी कृष्ण कुमार सक्सेना, तहसील प्रभारी संजीव कुमार, जिला संयोजक एचपी गुप्ता ने बताया कि कक्षा 5 से 12 तक सभी छात्र-छात्राओं को नैतिक शिक्षा के अंतर्गत मानवीय मूल्यों व सांस्कृतिक संचेतना के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर संस्कृति ज्ञान परीक्षा कराई जा रही है। परीक्षा का उद्देश्य ऋषियों, वैज्ञानिकों के शोध कार्यों के ज्ञान के साथ ही जीवन जीने की कला को जीवन में चरितार्थ करना है।

## फुटबाल लीग: रजिस्ट्रेशन की आज अंतिम तिथि

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला फुटबाल एसोसिएशन के बैनर तले आठ सितंबर से शुरू होने वाली शाहजहांपुर फुटबाल लीग के लिए टीमों का पंजीकरण आज तक किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव दिलीप शर्मा ने बताया कि फुटबाल लीग आठ सितंबर से कैंट मैदान पर होगी, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि सात सितंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक टीमें शनिवार शाम तक रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं।

## वांछित गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना के उप निरीक्षक कुलदीप कुमार ने बताया कि अभियुक्त उदयवीर निवासी पिपरोला थाना कांट के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर जीटीआई के सामने से उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इधर, मिर्जापुर पुलिस ने बब्लू निवासी करदौला थाना जलालाबाद को भट्ठे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके

# एआई युग में भी कम नहीं होगी शिक्षकों की भूमिका


शिक्षक दिवस पर केंद्रीय विद्यालय-एक के शिक्षक अनुराग पांडेय भारत को सम्मानित करते समाजसेवी चंद्र शेखर खन्ना धीरू। • अमृत विचार


जीएफ कॉलेज में हुई गोष्ठी में विचार रखती एक छात्रा। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सामाजिक संगठन वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के बैनर तले शिक्षक दिवस उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के 13 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसमें योगाचार्य और नाट्य निर्देशक भी शामिल रहे। इस अवसर पर वीआईपी ग्रुप का नाम बदलकर जनसेवा परायण समिति रखने का प्रस्ताव पारित किया गया।

डोरेमोंस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आभासी कक्षा और वास्तविक कक्षा पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। सभी ने एकमत से स्वीकार किया कि समाज में शिक्षक की भूमिका हमेशा रहेगी, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहायक के रूप में शिक्षण को प्रभावशाली और सहज बनाएगा। इसके पश्चात मुख्य अतिथि बीएसए दिव्या गुप्ता, समाजसेवी चंद्र शेखर खन्ना धीरू, डॉ. दीपा दीक्षित, कार्यक्रम अध्यक्ष दीपमाला रस्तोगी आदि ने आयुर्वेद चिकित्सक और योग गुरु के रूप डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी, कला क्षेत्र से नाट्य निर्देशक शमीम आजाद, विधिक क्षेत्र के शासकीय फौजदारी अधिवक्ता आशीष त्रिपाठी, खेल जगत से अतुल कुमार सुमन समेत शिक्षक अनुराग पांडेय भारत, निकहत परवीन, दपिंदर कौर, मुदित सेठ, अभिषेक दीक्षित, रंजना तिवारी, राजकुमार तिवारी, वंदना अग्रवाल, रिद्धि बहल आदि शिक्षकों को सम्मानित किया।

संजय अग्रवाल के संचालन में चले कार्यक्रम में ग्रुप संचालक अभिनय गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सचिन बाथम, हेमा अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल, ज्योति गुप्ता, सतीश सक्सेना, संजय चोपड़ा, अल्पना श्रीवास्तव, नीतू गुप्ता, अनुज देव गुप्ता, मुकेश गुप्ता, पुनीत मिश्रा, वरुण शुक्ला, अपूर्व अग्रवाल आदि विशिष्टजन मौजूद रहे।


शिक्षक दिवस पर साथी शिक्षकों को सम्मानित करते मॉर्निंग वॉकर्स। • अमृत विचार

## मॉर्निंग वॉकर्स ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मॉर्निंग वॉकर्स समिति ने शिक्षक शिक्षक दिवस पर टीम के शिक्षक साथियों को फूल मालाएं पहनाकर और पटका पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मिष्ठान भी बांटा गया। मॉर्निंग वॉकर्स समिति के उपाध्यक्ष प्रदीप मेहरोत्रा, डीडीओ पवन कुमार सिंह, खाद्य आयुक्त चंद्र शेखर मिश्रा, सांख्यिकी अधिकारी एबी पाल आदि ने शिक्षक प्रेमपाल गंगवार, राजकुमार, अरविंद, अमरीश शुक्ला, अमित यादव, हर्षित तिवारी, सर्वेश यादव, सरोज को सम्मानित किया गया। मनोज गुप्ता, इंदर जीत सचदेव, राकेश आनंद, हेमंत बजाज, शोभित गुप्ता, दीपक कबीर, मोनू तुली, संजय तुली, आनंद पांडेय, सरोज वर्मा, शिव प्रकाश वर्मा, जितेंद्र गुप्ता, पप्पन मिश्रा, रामप्रकाश अग्रवाल, रामकुमार गुप्ता, मनोज सक्सेना, मोहित मेहरोत्रा, आनंद गंगवार, हरीश बजाज आदि मौजूद रहे।



शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं नालंदा स्कूल की छात्राएं।

## नालंदा स्कूल में शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मानित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नालंदा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस छावनी परिषद में शिक्षक दिवस रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया। आरंभ छावनी परिषद के नामित सदस्य अवधेश दीक्षित, पूर्व उपाध्यक्ष गजेंद्र गंगवार और प्रधानाध्यापिका श्रद्धा सैनी ने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। प्रधानाध्यापिका ने आभार व्यक्त करते हुए सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अतिथियों ने स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। आयोजन में अमित आर्य, अभिषेक वर्मा, शोभना गुप्ता, सचिन कुमार, सीमा श्रीवस्तव, प्रत्युषा प्रियदर्शी, भारती सिंह, प्रतिभा कश्यप, इब्तेशाम खां, संध्या सक्सेना, सुरेश कुमार, नीरज पाल आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## आरएसएस ने शिक्षकों को किया सम्मानित

जलालाबाद, अमृत विचार : नगर ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में विभाग कार्यवाह अनिल सिंह एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रज प्रांत के प्रांत बौद्धिक प्रमुख नरेंद्र ने शिक्षक दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया एक बार जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन विद्यालय में पढ़ा रहे थे, तो विद्यार्थियों ने कहा गुरुजी हम सब आपका जन्मदिन मनाना चाहते हैं तो उन्होंने कहा हमारा जन्मदिन न मनाओ यदि मनाना ही चाहते हो तो इसको शिक्षक दिवस के रूप में मनाओ, तब से पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कृष्णपाल, आचार्य राम मोहन मिश्र, जिला प्रचारक अनुज ,नगर प्रचारक रोहित, सुधीर, गोपाल, शिक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह, अभिनय मिश्रा राजेश पांडेय, दीप्ती, माधुरी, सीता, नीतू, धर्मेंद्र, ज्ञानेश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत प्रधानाचार्य एवं प्रांत के कुटुंब प्रबोधन सह संयोजक वीरेंद्र मिश्र ने की। विभाग कार्यवाह संचालन माधव शुक्ल ने किया।

## शिक्षक दिवस पर जीएफ में हुई गोष्ठी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जीएफ कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर विभागीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ. राधाकृष्णन की दार्शनिक शिक्षाएं विषयक गोष्ठी में प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का जीवन-आदर्श और शिक्षा हमें निरंतर आगे बढ़ने को प्रेरित करता है। दर्शन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा ने डॉ. राधाकृष्णन के दर्शन, शिक्षा और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। डॉ. रईस अहमद ने राधाकृष्णन के राजनीतिक जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। सेमिनार समन्वयक डॉ. मोहम्मद साजिद खान ने कहा कि राधाकृष्णन समूचे विश्व को एक विद्यालय मानते थे, इसलिए विश्व को एक इकाई मानकर शिक्षा का प्रबंधन करना चाहिए। इसी क्रम में इकरा खान, मंतशा, अभिषेक, साक्षी, अमजिश खां आदि छात्रों ने भी विचार व्यक्त किए। डॉ. आयशा जैबी, डॉ. शीनुल इस्लाम आदि मौजूद रहे।

## आरएलडी स्कूल में शिक्षक सम्मानित



शाहजहांपुर, अमृत विचार : पुवायां मार्ग स्थित आरएलडी पब्लिक स्कूल बारापुर में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जीएसआरसी अरुण गुप्ता और विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद केशव चंद्र मिश्र समेत स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रबंध समिति के अवधेश दीक्षित, डायरेक्टर श्रवण दीक्षित, रमाकांत, प्रधानाचार्य सौरभ सक्सेना ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इससे पहले अतिथियों ने सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पार्चन किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ का योगदान रहा।

# भेड़िए का हमला, दो बच्चे लहूलुहान

संवाददाता, खुटार

- सीमावर्ती पीलीभीत के गांव केसरपुर की घटना
- अस्पताल में भर्ती, वन विभाग ने लिया घायलों का हाल

**अमृत विचार :** सीमावर्ती जनपद पीलीभीत के गांव केसरपुर के मजरा जादौपुर में खेत में मौजूद दो बच्चों पर भेड़िए ने हमला कर घायल कर दिया। परिजनों और गांव के लोगों के आ जाने से भेड़िया गन्ने के खेत में चला गया। परिजनों ने पूरनपुर के निजी अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया है। वन विभाग ने घायलों का हाल लिया है।

पीलीभीत के सेहरामऊ उत्तरी के गांव केसरपुर का मजरा जादौपुर खुर्द खुटार क्षेत्र में सीमावर्ती से लगा हुआ है। जादौपुर के रहने वाले अयान (12), याकूब (13), मोहम्मद (12) गुरुवार दोपहर बाद गांव के किनारे खेत की तरफ गए थे। जहां भेड़िए ने अयान और याकूब पर अचानक पीछे से हमला कर दिया। यह देख मोहम्मद शोर मचाने लगा और घर पहुंच कर मामले की जानकारी दी। इसके बाद रहीस सहित परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जहां रहीस पर भी हमला कर दिया। गनीमत रही कि वह बच गया। ग्रामीणों ने लाठी डंडा फटकार कर भेड़िए को भगाया। हमले में अयान व याकूब घायल हो गए। परिजन दोनों को पूरनपुर के निजी अस्पताल ले गए। उधर, घटना की जानकारी पाकर वनकर्मी गांव पहुंचे और हाल जाना। शुक्रवार को भी वनकर्मियों ने गांव पहुंच कर भेड़िया की लोकेशन ट्रेस की। लोगों को सतर्कता बरतने की अपील की है।

> दो बच्चों पर भेड़िया ने हमला किया है। वन कर्मियों को गांव भेजा गया था। घायलों का हाल जाना और ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की है।
> – **मनोज श्रीवास्तव**, रेंजर

# रास्तों में भरे कीचड़ ने बढ़ाई आफत...निकलना हुआ मुश्किल

## धनसिंहपुर सहित पांच गांवों में गंदगी की भरमार, नालियों में उग गई घास

**सफाई व्यवस्था चौपट**

- नहीं पहुंच रहे सफाईकर्मी, मंडरा रहा संक्रमण का खतरा

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत धनसिंहपुर सहित पांच गांवों में सफाई व्यवस्था चौपट नजर आ रही है। गांव की गलियों में कीचड़ और नालियों में गंदगी पसरी हुई है। सफाई कर्मचारी के नहीं आने पर गांव के लोग खुद ही घरों के सामने सफाई करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई-कई माह बाद भी सफाईकर्मी नहीं पहुंच रहे हैं। इससे नालियों में घास उग आई है। वहीं जिम्मेदार भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। गंदगी की वजह से गांवों में संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत धनसिंहपुर में प्रीतमपुर, बरगदिया, प्रसादपुर और चाठिया गांव शामिल है। ग्राम पंचायत में पांच हजार से ज्यादा आबादी और तीन हजार के करीब वोटर हैं, लेकिन यह लोग गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। गांव धनसिंहपुर में आशाराम, रामकुमार, अजय, नोखेलाल, पूरन, सोनू, साजिद, मुरारी के घर के सामने रास्ते में कीचड़ भरा है। नालियों में गंदगी जमा है, जिससे पानी निकास की समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है। ठहरे हुए पानी और गंदगी में मच्छर पनप रहे हैं। सड़क पर कीचड़ की वजह से लोगों को आने जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सफाईकर्मी महीने दो महीने में कभी-कभार आते हैं और कभी-कभी तो कई-कई माह गुजर जाने के बाद भी नजर नहीं आते है। इस कारण नालियों में गंदगी से जमा हो गई है। इसके ऊपर घास खड़ी हो गई है। इससे पानी का निकास बंद हो गया है और नालियों का पानी सड़कों पर बहता नजर आ रहा है। मजबूरन लोग घरों के सामने खुद सफाई कर रहे है।गंदगी की वजह से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।



गांव धनसिंहपुर के रास्तों पर कीचड़। ● अमृत विचार



प्रीतमपुर की गलियों में जलभराव। ● अमृत विचार

### बरगदिया और प्रीतमपुर में यह कैसी सफाई...

ग्राम पंचायत धनसिंहपुर में शामिल गांव बरगदिया और प्रीतमपुर में भी नालियां गंदगी से चोक हैं। यहां भी सड़कों पर भी पानी भरा है। कुछ स्थानों पर नालियां टूट चुकी है। जहां गंदा पानी व कीचड़ जमा है। गांव बरगदिया में उमेश कुमार, रामदयाल, बालकराम आदि लोगों के घरों के सामने यह स्थिति है। रामदयाल की पत्नी राधा देवी ने बताया कि कई माह हो गए है। लेकिन सफाईकर्मी नहीं आ रहे है। इससे नालियों में कीचड़, गंदगी जमा हो गई है। पानी एकत्र रहने से घर की नींव खराब होने लगी है। यहीं हाल प्रीतमपुर का भी है।

> मामले की जानकारी हुई है। जांच कराई जाएगी। यदि गांव में अव्यवस्था फैली है, तो सफाई कर्मियों की टीम लगाकर सफाई कराई जाएगी और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के लिए लेटर लिखा जाएगा।
> – **नमित दीक्षित**, ब्लॉक प्रमुख, खुटार

### प्रसादपुर और चाठिया के हाल भी बदहाल

ग्राम पंचायत धनसिंहपुर में शामिल प्रसादपुर और चाठिया (महारानीगंज) में भी गंदगी के यही हालात है। प्रसादपुर में कई जगहों पर नालियों में गंदगी पसरी है। जहां दुर्गंध उठने लगी है। इससे आसपास घरों में रहने वालों को काफी समस्या होती है। उधर, गांव चठिया में भी सफाईकर्मी नहीं पहुंच रहे है। इससे नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है। नालियों में गंदगी जमा रहने से संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। जबकि इस समय बुखार का प्रकोप काफी है। इसके बावजूद जिम्मेदार ध्यान नहीं देते है। ग्रामीणों ने सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने की मांग की है।



प्रसादपुर में सरकारी हैंडपंप के पास नाली में कीचड़।



चठिया में चोक नालियां।

### सिंधौली के लधौला में जलभराव से लोग परेशान



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक सिंधौली के गांव लधौला में मुख्य मार्ग पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इससे लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। वह कीचड़ और जलभराव वाले रास्ते पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गांव के लोगों ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत कर समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग की है। जबकि 2500 लोगों की आबादी वाले गांव में 1550 मतदाता हैं।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Address : Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly, 243006 (U.P.)
FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES
FACULTY REQUIRED
Application are invited for the post of Associate Professor/ Assistant Professor in the Department of Paramedical Sciences.
Qualification M.Sc. RIT And M.Sc. Optometry Experience As Per UGC Norms.
The candidates with requisite qualification & good academic track can submit their application within 15 days to Email-facultyofparamedicalsciences@gmail.com
Contact Detail:- 8865080485
Principal
Faculty Of Paramedical Sciences

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# मकान में जुआ खेलते आठ लोग पकड़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 13 हजार 507 रुपये, छह मोबाइल व गड्डी बरामद
- जुआ करवाने को कमीशन लेता था मकान मालिक

**अमृत विचार :** शहर में ककरा कला में एक मकान में कई माह से जुआ चल रहा था। पुलिस ने मकान में दबिश देकर आठ जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। जुआरियों से 13 हजार 507 रुपये, छह मोबाइल और ताश की गड्डी बरामद की है।

सीओ सिटी सौम्या पांडेय को गुरुवार की शाम सात बजे सूचना मिली कि ककरा कला में राकेश के बंद मकान में जुआ हो रहा है। उन्होंने सदर बाजार थाना को दबिश के निर्देश दिए। उप निरीक्षक युग रतन ने सिपाहियों के साथ दबिश दी तो जुआ खेलते हुए सात जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए जुआरी राकेश निवासी मोहनपुर चौक कोतवाली, फहीम निवासी बाबूजई चौक कोतवाली, अमन निवासी बिजलीपुरा चौक कोतवाली, शादाब निवासी गौहरपुरा चौक कोतवाली, इमरान निवासी कांशीराम कॉलोनी चौक कोतवाली, रेहान निवासी बाबूजई चौक कोतवाली और विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से 13 हजार 507 रुपये, छह मोबाइल, ताश की गड्डी बरामद की है। बताते है कि मकान मालिक कई माह से जुआ करवा रहा था और प्रत्येक खेल पर कमीशन लेता था। पुलिस ने जुआरियों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार आदि थे।

# देवर पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जलालाबाद क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसका पति मुरादाबाद में पल्लेदारी करता है।

बुधवार की रात वह कमरे में सो रही थी। आरोप है कि उसका देवर रात में तीन बजे कमरे में गलत नीयत से घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने आरोपी ने उसे जमकर मारा पीटा। उसके शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। उसने थाने पर देवर के खिलाफ तहरीर दी है।

अपराध निरीक्षक रवि शंकर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



प्रवेश प्रारंभ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

# अपनी संस्कृति को न भूले समाज



नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष अजय को मनोनयन पत्र देकर स्वागत करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बंडा

- अजय बने हिंदू युवा संगठन के बंडा ब्लॉक अध्यक्ष

**अमृत विचार :** हिंदू युवा संगठन (अ) की बैठक शुक्रवार को बंडा में हुई, जिसमें हिंदुत्व और हिंदू समाज को लेकर आए दिन हो रही घटनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

हिंदू युवा संगठन (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने कहा कि अगर अब भी सोया हुआ हिंदू नहीं जागा, तो कल उनके लिए इसके परिणाम घातक होंगे। उन्होंने कहा कि आज हर जगह हमें निशाना बनाया जा रहा है। इसलिए सभी को संगठित होने की जरूरत है। संगठन मंत्री व शाहजहांपुर के जिला प्रभारी कमल दीक्षित ने आह्वान किया कि लोग अपनी संस्कृति को ना भूले। इस मौके पर जिला प्रभारी कमल दीक्षित ने बंडा के ददियुरी गांव निवासी अजय द्विवेदी को बंडा का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री अजय बाजपेई, अंश गुप्ता, आयुष गुप्ता, उपेंद्र सिंह, कुलदीप राठौर, अध्यन गुप्ता, हरिओम राठौर, सावन गुप्ता, राघवेंद्र मिश्रा, आयुष, राजू मिश्रा आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### जमानत पर छूटा, फिर अगवा कर ले गया बेटी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीया पुत्री को नीरज अगवा करके ले गया था। पुलिस ने उसकी पुत्री को बरामद कर उसके सुपुर्द किया था। कुछ दिनों बाद आरोपी जमानत पर छूटकर आ गया था। उसका आरोप है कि दो सितंबर को आरोपी फिर उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### रिश्ते का मामा ले गया नाबालिग भांजी

**तिलहर, अमृत विचार :** चार दिन पूर्व एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी के रिश्ते का मामा ले उड़ा। पिता ने एक युवक समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि गांव कपसेड़ा निवासी राजू उनकी नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया है। इस साजिश में उसका पिता बाबूराम, मां सुखदेई, भाई दिनेश, भाभी कुसुमा व बहन प्रीति शामिल हैं। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित पिता की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। राजू लड़की के रिश्ते में मामा लगता है। लड़की की तलाश की जा रही है।

### किशोर लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट क्षेत्र के मोहल्ला पश्चिमी पट्टी निवासी सलीम ने बताया कि उसने अपने पुत्र वसीम(14) को किसी बात को लेकर डांट दिया था। बुधवार की सुबह 10 बजे नाराज होकर वह कहीं चला गया है। उन्होंने रिश्तेदारी में उसे तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद उसने थाने पर सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

## सियार के शव को पकाकर खा गया मानसिक मंदित युवक

**खुटार, अमृत विचार:** खुटार-गोला हाईवे किनारे स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के पास में शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे पुलिया पर बैठे संदिग्ध युवक को लोगों ने सियार का मांस खाते देखा तो होश उड़ गए। पुलिस के साथ ही वन विभाग को सूचना दी गई। पुलिस ने उसके पास में रखे बैग की तलाशी ली। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि युवक मानसिक मंदित है। इस बीच मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बताया कि जंगली मृत सियार सड़क किनारे पड़ा था। जिसे वह पका कर खा रहा था। मानसिक मंदित होने के चलते पुलिस ने उसे वाहन से खुटार-जनपद लखीमपुर खीरी सीमा पर छुड़वा दिया।

## सार-संक्षेप

### बाउंड्रीवॉल में लगा रहे थे पीली ईंट, ठेकेदार को फटकार



**खुटार, अमृत विचार :** गांव महोलिया वीरान में बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य में ठेकेदार मानक विहीन सामग्री लगा रहा है। लोगों की शिकायत पर शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, बीडीओ वीरेंद्र मिश्र ने खुटार पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत सचिव महेश कांत पांडेय के साथ सामग्री का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पर ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ मौके पर पाया कि पीली ईंट से निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ में दीवार में घटिया सामग्री का भी प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। बताया कि जांच में यदि मानक विहीन कार्य मिला तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### अधिवक्ता के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को सौंपा ज्ञापन



**तिलहर, अमृत विचार :** कासगंज में अधिवक्ता मोहिनी तोमर का अपहरण करने के बाद हत्या करने के मामले में अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। उन्होंने कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी को सौंपा। शुक्रवार को बार एसोसिएशन के महासचिव राजीव सिंह चौहान के नेतृत्व में अधिवक्ता एकत्र हुए। अध्यक्ष नरेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि मोहिनी हत्याकांड के आरोपियों को पकड़कर सख्त कार्रवाई की जाए और फांसी की सजा की मांग की। महासचिव राजीव सिंह चौहान ने कहा कि अधिवक्ताओं पर लगातार हो रहे जानलेवा हमलों को देखते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट सरकार लागू करें।

### अपराध स्वीकार कर लें प्ली बारगेनिंग की सुविधा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को जेल में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन प्ली बारगेनिंग विषय पर किया गया। जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भानु देव शर्मा के निर्देशानुसार हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीयूष तिवारी ने की। सचिव की ओर से बंदियों को बताया गया कि प्ली बारगेनिंग एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें किसी दंडनीय अपराध के लिए आरोपित व्यक्ति अपना अपराध स्वीकार कर प्ली बारगेनिंग की प्रक्रिया के माध्यम से कानून के तहत निर्धारित सजा से कम सजा प्राप्त करने के लिए अभियोजन से सहायता लेता है। दिनेश मिश्रा ने कहा कि 7 वर्ष से कम की सजा वाला बंदी ही प्ली बारगेनिंग का लाभ ले सकता है। मोहम्मद अफजल ने कार्यक्रम का संचालन किया। जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने आभार व्यक्त किया। शिविर में जेलर कृष्ण मुरारी गुप्ता, डिप्टी जेलर अनिल, डिप्टी जेलर सुभाष यादव, सुरेंद्र लाल आदि रहे।

### पैनल से पोस्टमार्टम, रात में किया अंतिम संस्कार

**पुवायां, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला छावनी के विनोद की बेटी निशा(15) की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों की मांग के बाद शुक्रवार को मृतका के शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया। शुक्रवार देर शाम को पीएम होने के बाद मृतका का गोमती के गुटिया घाट पर दफनाकर अंतिम संस्कार किया गया। इस मामले में परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि मृतका के परिजनों की तहरीर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेज दी गई थी। इसके बाद उन्होंने जांच रिपोर्ट नहीं भेजी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की जांच रिपोर्ट के बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### महिला समेत दो अज्ञात शव मिले

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खुदागंज पुलिस को शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव कस्बे में दुकान के बाहर चबूतरे पर मिला है। उसकी उम्र 60 साल है। वह कस्बा में भीख मांगा करता था। इधर सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि फैक्ट्री स्टेट मंदिर के बाहर एक महिला बुधवार को बेहोशी की हालत में मिली थी। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी उम्र 60 साल है। बताते है कि वह भी भीख मांगा करती थी। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।











# पूरी रात गुल रही बिजली गर्मी से परेशान रहे ग्रामीण

## तीन घंटे सप्लाई के बाद फिर जली अंडर ग्राउंड केबिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर की अंडर ग्राउंड केबिल जल जाने से 14 गांवों की बिजली करीब 40 घंटे तक ठप रही। केबिल जोड़कर जैसे ही सप्लाई शुरू की गयी तो चार घंटे चलने के बाद फिर से जल गयी। भारी गर्मी से लोगों को फिर परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब नौ घंटे तक सप्लाई ठप रहने के बाद शुक्रवार सुबह साढ़े तीन बजे सप्लाई शुरू हुई तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

शहर की ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर से ककराला रोड के करीब 14 गांवों को सप्लाई दी जाती है इसके साथ ही कुछ शहरी क्षेत्र भी इसी सप्लाई के अधीन है। ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर से मंगलवार की रात 11 बजे बिजली गुल हो गयी। जिससे पूरा इलाके में हाहाकार मच गया। गर्मी के कारण लोग परेशान हो उठे। अफसरों ने बताया कि अंडरग्राउंड केबिल जल गयी है जिसे ठीक किया जा रहा है। शुक्रवार सुबह साढ़े तीन बजे केबल ठीक की गयी तब कहीं जाकर सप्लाई चालू हो सकी। बार बार केबिल जलने से पचास हजार आबादी प्रभावित होती है। लेकिन विभाग के अधिकारी कोई जानकारी नहीं देते हैं।कि बिजली सप्लाई समय से मिले यह प्रयास किया जाएगा।



जिला अस्पताल में सीएमएस से बात करते अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार और अधिशासी अभियंता संजीव कुमार। ● अमृत विचार

### अधीक्षण अभियंता ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**बदायूं ,अमृत विचार :** विद्युत कटौती से मची हाय तौबा के समाचार प्रकाशित होने पर शासन स्तर से बिजली विभाग को कड़ी फटकार लगी है। जिससे परेशान बिजली विभाग के अधिकारी जिला अस्पताल पहुंच गए और वहां बिजली घर तथा लाइनों का निरीक्षण करने के बाद सीएमएस से बात की। अधिकारियों ने कहा कि अस्पताल में बिजली कटौती की खबरे अधिक आ रही हैं जिससे शासन स्तर से नाराजगी व्यक्त की गयी है। तीमारदारों द्वारा हाथ के पंखे से हवा की जाती दिखायी जा रही है यह ठीक नहीं है। इस व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। जिला प्रशासन भी अस्पताल प्रशासन से कटौती पर जवाब मांग रहा है। शासन से भी बिजली अधिकारियों फटकारते हुए बिजली व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए गए हैं। इसी को लेकर शुक्रवार को बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार और अधिशासी अभियंता प्रथम संजीव कुमार जिला अस्पताल पहुंच गए। अफसरों ने सबसे पहले अस्पताल का बिजली घर देखा उसके बाद लाइन चेक की। कुछ जगहों पर लाइन ठीक करने के निर्देश दिए। उसके बाद अधिकारी सीएमएस डा. कप्तान सिंह से मिले और बिजली कटौती के कारण हो रही दिक्कत पर चर्चा की। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि बिजली सप्लाई समय से मिले यह प्रयास किया जाएगा।

## बॉ विद्यालय में बनेगी कंप्यूटर लैब

**बदायूं,अमृत विचार:** जिले में संचालित 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में कंप्यूटर लैब स्थापित की जाएगी। इसके लिए शासन की ओर से 14 लाख से अधिक की धनराशि विभाग को आवंटित की गई है। संस्था का चयन कर लिया गया है। लैब बनाने को जमीन चिन्हित की जा रही है।

जिले में 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में 18 सौ से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। पंजीकृत छात्राओं को डिजिटल सशक्तीकरण तकनीक पर आधारित शिक्षा दी जाएगी। जिससे विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राएं प्रारंभिक कक्षा से ही कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगी।

**छात्राएं कंप्यूटर शिक्षा में होगी दक्ष हमारे :** डीसी बालिका शिक्षा प्रशांत गंगवार ने बताया कि स्कूलों में कंप्यूटर लैब बनने से छात्राएं कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। लैब में एआई , फाइनेंशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शासन से बजट प्राप्त हो गया है।

● लैब बनाने को संस्था चयनित, जमीन की तलाश जारी

# कार्यकत्रियों को धरना खत्म करने को दी जा रही धमकी



मालवीय आवास गृह पर धरने पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

● धरने में शामिल होने पर वेतन काटने का डर दिखाया जा रहा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आंगनबाड़ी श्रमिक संघ एटक का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन में शामिल होने को आने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जबरन रोका जा रहा है। धरने में शामिल होने पर कार्यवाही करने की धमकी दी जा रही है।

आंगनबाड़ी श्रमिक संघ के तत्वाधान में चार दिन से कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी श्रमिक संघ की जिलाध्यक्ष मिथलेश और सुषमा गंगवार ने कहा कि यदि सरकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांगों को स्वीकार नहीं करेगी तो हड़ताल जारी रहेगी। सुषमा गंगवार ने कहा कि सीडीपीओ अब आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को हड़ताल धरना प्रदर्शन में शामिल होने पर कार्यवाही की धमकी दे रही हैं। वेतन काटने की बात कही जा रही है। धरना खत्म करने को तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकत्री अब पीछे नहीं हटेंगी। इस मौके पर दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## बसेला मजरा नगला गुर्जर में हुआ रास्ते पर अवैध कब्जा

**दातागंज ,अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज के अंतर्गत ग्राम बसेला मजरा नगला गुर्जर में दबंगों ने अपने मकान के आगे आम रास्ते पर अतिक्रमण कर कब्जा लिया है। जिससे ग्राम वासियों को निकालने में परेशानी हो रही है। शुक्रवार को आधा दर्जन लोगों ने अवैध कब्जे की शिकायत उप जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह से की है। ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि आम रास्ते में अतिक्रमण होने से बाहन निकलने में परेशानी हो रही है । अवैध रूप से किया गया अतिक्रमण हटाया जाए। एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह ने शिकायत पर अमल करते हुए जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। शिकायती पत्र देने वालों में ऋषि पाल, विनोद कुमार, ओमकार, राजपाल विजय कुमार, सीताराम अविनेश आदि लोग शामिल रहे।

# गंगा में खतरे से ऊपर पहुंचा पानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** नरौरा से एक बार फिर गंगा नदी मे एक लाख 7 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिससे तटवर्ती इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। कछला गंगा खतरे के निशान से 49 सेमी ऊपर बह रही है। जबकि राम गंगा में भी पानी बढ़ने से आस पास सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

कुछ दिन तक गंगा में पानी दस से बीस हजार क्यूसेक छोड़ा जा रहा था जो गंगा में सामान्यतः पास हो रहा था। पहले से गंगा के आसपास भरा पानी भी खत्म हो गया था। सड़कों पर यातायात शुरू कर दिया गया था। लेकिन दो दिन से नरोरा से एक बार फिर एक लाख क्यूसेक पानी से अधिक छोड़ा जा रहा है जिससे कछला गंगा खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है। उसहैत इलाके में जटा और प्रेमी नगला के सम्पर्क मार्ग पर पानी भर जाने से यातायात ठप हो गया है। गंगा की धार ने अपने आस पास का क्षेत्र जलमग्न कर दिया है जिससे स्थानीय लोगों को एक बार फिर परेशानी पैदा हो गयी है। जटा गांव के पास तक पानी पहुंच चुका है। प्रेमी नगला में पानी भर गया है। गांव को जाने वाली सड़क पर रात भर में पानी पहुंच गया है जिससे यातायात बंद हो चुका है। दातागंज इलाके में गंगा की धार ने फिर से तबाही मचानी शुरू कर दी है। रामगंगा का जलस्तर शुक्रवार को 159,390 मीटर गेज मापा गया। खतरे के निशान तक पहुंच चुकी गंगा को देख लोग घबरा गए हैं। पानी बढ़ता ही जा रहा है।



उसहैत के जटा के पास गंगा में बढ़ रहा पानी। ● अमृत विचार

> दो दिन से पानी अचानक बढ़ गया है, इसलिए तटीय इलाकों में लोगों को कुछ परेशानियां हो रही हैं। संभावना है कि अगले दो दिन में पानी में कमी आ जाए। अब पहाड़ों पर अधिक बारिश नहीं हो रही है इसलिए पानी कम होगा। बाढ़ कहीं नहीं है। लोग सुरक्षित हैं।
> –**नेशपाल**, सहायक अभियंता बाढ़ खंड

## एक नजर

### मां को बुलाने जा रही किशोरी से दुष्कर्म

**बदायूं,अमृत विचार :** सहसवान कस्बा के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी पड़ोस के मोहल्ले में अपनी रिश्तेदारी में गई थी। उसकी 14 साल की बेटी घर पर थी। शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे उसकी बेटी अपनी मां को बुलाने के लिए पड़ोस में जा रही थी। रास्ते में मोहल्ला जाहिदपुर आलमपुर निवासी बबलू ने उसकी बेटी को रोक लिया। बेटी को मोबाइल दिलाने के बहाने पास के एक बाग में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। बेटी रोते हुए घर पहुंची और आपबीती बताई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### डीजे की दुकान में चोरी

**उघैती ,अमृत विचार :** मंगल बाजार के पास गुरुवार की रात बाबा डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गई। साउंड मलिक राजकुमार पुत्र धर्मपाल निवासी उघैती सर्की जब सुबह उसने अपनी दुकान खोली तो दरवाजे खुले और सामान फैला पड़ा था। दुकान से एक लाख कीमत के एमटी के दो सेट चोरी हो गए थे। उसके खाली डिब्बे दुकान में ही छोड़ गये। जिसकी तहरीर थाना पुलिस को दी गई है।

# महिला आईपीएस बन ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

## मध्यप्रदेश के जबलपुर का रहने वाला युवक महिला की आवाज निकाल मांगता था रुपये,कई सराफा को ठग चुका

- बस अड्डा और रेलवे स्टेशन पर करता है गुजारा, बस व ट्रेन में करता रहता है सफर
- परिजनों को फोन करके झांसे में लेता था युवक,सराफा से की ठगी, जमानत पर है जेल से बाहर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


पुलिस और एसओजकी गिरफ्तार में महिला आईपीएस बनकर ठगी करने का आरोपी संकेत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** साइबर अपराधी धोखाधड़ी और ठगी के नए-नए पैतरे अपना रहे हैं। मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी युवक ने ठगी का नया तरीका अपनाया है। वह महिला की आवाज में लोगों से बात करते ठगी करता है। कभी महिला आइपीएस तो कभी जांच अधिकारी बनकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। गुमशुदा लोगों की एफआईआर निकलवाकर फिरौती मांगता था। वह कई सराफ को ठग चुका है। फरवरी में उझानी के सराफ को ग्वालियर की एसपी बनकर फोन कर फिरौती मांगी थी। सहसवान की लापता लड़की के परिजनों को भी फोन कर फिरौती मांगी थी। सराफा व्यापारी से ठगी के मामले में वह जेल भी जा चुका है और 60 दिन बाद जमानत होने के बाद वह फिर इसी काम में लग गया। एसओजी काफी दिनों से युवक की तलाश कर रही थी। यह पकड़ा गया तो एसएसपी ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। आरोपी को जेल भेजा गया है।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की बेटी कुछ दिन पहले लापता हो गई थी। 17 जुलाई को महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पास किसी का फोन आया था। बताया कि महिला की बेटी उनके कब्जे में दिल्ली में है। 25 हजार रुपये खाते में डाल दो वर्ना बेटी को जान से मार देंगे या उसके शरीर पर तेजाब डाल देंगे। फिर फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को दिल्ली कमिश्नर बताकर फोन किया। कहा कि उनकी बेटी अस्पताल में भर्ती है। रुपये डाल दो उसका इलाज कराना है। महिला ने पुलिस को सूचना दी। तो मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाया। जिसके आधार पर पुलिस और एसओजी ने गुरुवार शाम मध्यप्रदेश के जिला जबलपुर के थाना पाटन क्षेत्र कस्बा थापकबाड़ निवासी संकेत यादव पुत्र उमाशंकर यादव को गिरफ्तार किया। उसने अपने साथी जबलपुर निवासी इरशाद खां, राजूल दुबे, शिशांत सैन, आदित्य धारिया और हरियाणा निवासी राहुल के नाम बताए हैं। खुलासा के दौरान एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित किशोरी श्रीवास्तव ने घटना की जानकारी दी।

### उझानी के सराफा व्यापारी से की थी 25 हजार की ठगी

उसने गूगल से सराफा व्यापारियों के नंबर निकाले थे। उझानी के एक सराफा व्यापारी का मोबाइल नंबर लेकर महिला पुलिस अधिकारी बनकर फोन किया। कहा कि उसने चोर पकड़े हैं। जिन्होंने व्यापारी की दुकान पर चोरी का सामान बेचने की बात कहकर व्यापारी को डराया और व्यापारी से 25 हजार रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा था। वह दो महीने तक जेल में रहा। जमानत पर जेल से बाहर आने पर फिर से ठगी शुरू कर दी थी।

### महिला की हूबहू आवाज से झांसे में आ जाते थे लोग

पकड़ा गया आरोपी पर जबलपुर में तीन मुकदमे चल रहे हैं। हर बार जमानत पर बाहर आकर ऑनलाइन ठगी का काम करने लगता है। वह मोबाइल के किसी भी एप्लीकेशन का प्रयोग नहीं करता। बिल्कुल महिला की तरह आवाज निकालता है। जिससे लोग आसानी से उसके झांसे में आ जाते हैं।

### छह महीने से घर नहीं गया आरोपी

गिरफ्तार किया गया आरोपी संकेत शातिर किस्म का है। वह छह महीने से अपने घर नहीं गया है। वह अपने घर पर न रहकर ट्रेन और बस में सफर करता रहता है। वह होटल पर खाना खाता है। नहाने के लिए सुलभ शौचालय, सोने के लिए बस अड्डे या रेलवे स्टेशन का प्रयोग करता है। इसी बीच वह फोन करके घटनाओं को अंजाम देता था। एक घटना के बाद हर बार नए मोबाइल नंबर का प्रयोग करता था। लोगों से ठगी के रुपये अपनी बुआ के बेटे हरियाणा के झज्जर निवासी राहुल के खाते व जनसेवा केंद्र के खाते में भिजवा देता है। जरूरत होने पर वह जनसेवा केंद्र पर जाकर रुपये ले आता है।

### गूगल और गुमशुदगी के पोस्टर से लेता था मोबाइल नंबर

आरोपी गूगल के माध्यम से बड़े व्यापारी जैसे सराफा व्यापारियों के नंबर उठाता है। इसके अलावा बसों और जगह-जगह चस्पा गुमशुदगी के पोस्टर से लोगों का मोबाइल नंबर लेता है। उस नंबर पर फोन करके खुद को पुलिस का जांच अधिकारी बताते हुए गुमशुदा की बरामदगी का फर्जी झांसा देता है। गुमशुदा के साथ अप्रिय घटना की धमकी देकर उसके परिजनों को क्यूआर कोर्ड भेजकर रुपये ऑनलाइन मंगवाता है। पोस्टर में पूरी जानकारी लिखी होने का लाभ उठाकर परिजनों से करता था बात तो लोग विश्वास भी करने लगते थे।

### खुलासा करने वाली टीम में यह रहे शामिल

खुलासा करने वाली टीम में एसओजी प्रभारी नीरज कुमार, उपनिरीक्षक धर्वेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबिल संजय सिंह, विपिन कुमार, सचिन झा, शराफत हुसैन आदि के अलावा सदर कोतवाल राकेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अनित कुमार व धर्मेंद्र, हेड कांस्टेबिल सुरजीत, प्रवीन कुमार रहे।

## फसल की रखवाली कर रहे किसान को मारी गोली

**बदायूं,अमृत विचार :** खेत पर फसल की रखवाली करते समय किसी ने एक किसान को गोली मार दी। गोली किसान के सीने में लगी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनो ने घायल को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव करनपुर तालिमगंज निवासी मीरा देवी ने बताया कि गुरुवार रात लगभग साढ़े नौ बजे उनके पति श्रीपाल अपने खेत पर फसल की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान कोई व्यक्ति खेत पर पहुंचा था। उसने अंधेरे में श्रीपाल को गोली मार दी। जो उनकी सीने पर लगी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली की आवाज आसपास खेतों पर काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे। घायल श्रीपाल के परिजनों को सूचना दी। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने घायल को रेफर कर दिया। परिजनों ने घायल को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर हत्या की कोशिश की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की जांच कर रही है।

# प्रधान पर 14.96 लाख गबन का आरोप

**डीएम ने दिए जांच के आदेश**

- स्वच्छ भारत मिशन, हैंडपंप रिबोर सहित विकास कार्यों में किया है घपला
- फर्जी लेबर दिखाकर प्रधान करता रहा फर्जीवाड़ा, चहेती फर्म से कराए काम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

> ब्लॉक म्याऊं की ग्राम पंचायत दियोरिया असगुना के प्रधान और सचिव के पर सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने की शिकायत डीएम से की गई है। इसकी जांच कराई जाएगी।
> **-यावर अब्बास,** डीपीआरओ

**अमृत विचार:** ब्लॉक म्याऊं ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत दियोरिया असगुना में 14.96 लाख रुपये का प्रधान व सचिव द्वारा घपला किए जाने का प्रकरण सामने आया है। इस मामले में ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत की है। डीएम ने डीपीआरओ को प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं।

ब्लॉक म्याऊं क्षेत्र की ग्राम पंचायत दियोरिया असगुना निवासी ज्ञान सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के समक्ष शिकायती पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें ग्राम प्रधान और सचिव पर करीब 14 लाख 96 हजार 828 हजार रुपये गबन का आरोप लगाते हुए साक्ष्य प्रस्तुत किए। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव पर आरोप लगाते हुए डीएम को बताया कि ग्राम पंचायत में ग्राम निधि में प्राप्त स्वच्छ भारत मिशन की साढ़े सात लाख रुपये की धनराशि को लेबर से बिना काम कराए ही फर्जी बिल लगाकर निकाल लिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में करीब एक लाख 36 हजार 422 रुपए, साल 2024-25 में चार माह में दो लाख 43 हजार 646 रुपये का भुगतान अपने रिश्तेदार की फर्म को फर्म को भुगतान कर दिया गया। जबकि शासन का आदेश है कि प्रधान किसी भी रिश्तेदार की फर्म से काम नहीं करा सकता। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में 35 से 40 हैंडपंप की मरम्मत व रीबोर के नाम पर करीब तीन लाख से अधिक रुपये बिना काम कराए ही निकाल लिए गए। इसके अलावा ग्राम पंचायत में नियमित सफाई कर्मी तैनात है। वर्ष 2023-24 में दस हजार 112 व वर्ष 2024-25 के दो महीने में 20 हजार 149 का भुगतान निकालकर प्रधान और सचिव ने फर्जीवाड़ा कर लिया। वहीं नाला निर्माण एवं सीसी कार्य दिखाकर तीन लाख 30 हजार 611 रुपये का बजट खपाया गया। गोशाला में मिट्टी भराव के नाम पर 66 हजार रुपये खपा दिये गए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ई-रिक्शा व ट्राली, ठेली आदि की खरीदारी में भी सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। ग्रामीणों की शिकायत को डीएम ने गंभीरता से लेते हुए डीपीआरओ को जांच के आदेश दिए हैं।

### भाजपा युवा मोर्चा बनायेगा एक लाख नए सदस्य

**बदायूं, अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर भाजपा युवा मोर्चा की सदस्यता अभियान के संबंध में जिला कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री रुद्र लक्ष्मीकांत अवस्थी रहे। अभियान के जिला संयोजक सुधीर श्रीवास्तव रहे। जिला अध्यक्ष भाजयुमो गोविंद स्वरूप पाठक ने प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। क्षेत्रीय महामंत्री ने कहा कि युवा मोर्चा को जिले में एक लाख नए सदस्य बनाना है। जिसके अंतर्गत युवा मोर्चा को कैंप लगाकर कॉलेजों के बाहर युवाओं की सदस्यता करनी है। संचालन जिला महामंत्री दिग्गज गुप्ता ने किया। शिवम शंखधार, सहदेव सागर, अजीत प्रताप सिंह, मुकेश यदुवंश, राहुल सिंह, तापस सिंह, रवि बाबू, सुयश जौहरी, आदि रहे।

# रंजना तिराहे का होगा सौंदर्यीकरण

## बोर्ड बैठक में करोड़ों के प्रस्ताव पास


बोर्ड की बैठक में चर्चा करती पालिका अध्यक्ष और विधायक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

- हाउस टैक्स कम करने को लेकर भी बैठक में हुई चर्चा

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद की शुक्रवार को हुई बैठक में करोड़ों रुपये के विकास कार्य के प्रस्ताव पर मुहर लगी। विधायक हरीश शाक्य एवं चेयरमैन ज्ञानदेवी सागर की मौजूदगी में हाउस टैक्स कम करने पर भी चर्चा हुई।

दोपहर करीब एक बजे शुरु हुई में नगर की सफाई, पेयजल एवं पथ प्रकाश व्यवस्था की बेहतरी पर चर्चा हुई। साथ ही लंबे समय से नगर में हाउस टैक्स कम करने के लिए की जा रही मांग को भी रखा गया। कछला रोड स्थित रंजना तिराहे का सौंदर्यीकरण कराये जाने का प्रस्ताव सभासद प्रखर माहेश्वरी ने रखा। जिसे ध्वनि मत से पास कर दिया। वार्ड संख्या 16 के सभासद धर्मवीर सिंह ने नगर के बिजलीघर के सामने वाली सड़क पर होने वाले जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नालों का निर्माण भी कराए जाने का प्रस्ताव रखा। सभासद शब्बीरन बेगम ने मृत्यु और जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर वसूली पर रोक लगाने की का प्रस्ताव रखा।पालिकाध्यक्ष ने इस पर हरी झंडी दे दी। इसके अलावा अगोल रोड स्थित ईदगाह मार्ग की पथ प्रकाश व्यवस्था भी शीघ्र की जाएगी। बैठक में ईओ अनूप कुमार राय, पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश सागर, युधिष्ठिर सिंह आदि रहे।

# 500 रुपये दो तभी होगा सीटी स्कैन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



जिला अस्पताल का सीटी स्कैन सेंटर।

> सीटी स्कैन सेंटर पर अवैध वसूली का प्रकरण सामने आया है। इस मामले की जांच कराई जाएगी। यदि महिलाओं से पांच पांच सौ रूपए लिए गए हैं तो कार्यवाही की जाएगी। मरीजों की शिकायत पर गंभीरता से जांच की जाएगी।
> **-डा. कप्तान सिंह,** सीएमएस

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में एक बार फिर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। सीटी स्कैन के नाम पर मरीजों से पांच पांच सौ रुपए वसूले जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। पीड़ित ने सीएमएस से अवैध वसूली की शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि यदि आरोप सही है तो कार्यवाही की जाएगी।

गुरुवार को थाना उसावा के ग्राम गौंतरा निवासी युवती स्वाति अपनी चाची शीतल गुप्ता के साथ जिला अस्पताल पहुंची थी। वहां पैसे देने पर सीटी स्केन हुआ। शुक्रवार को स्वाति ने सीएमएस के पास पहुंच कर कहा कि उसे चक्कर आते हैं इसलिए डाक्टर ने उसे सीटी स्कैन कराने को लिखा। स्वाति ने बताया कि सीटी स्कैन सेंटर में भारी भीड़ होने पर उसका और उसकी चाची का सीटी स्कैन नहीं किया गया। उसके बाद अंदर से आए एक आदमी ने कहा कि पांच सौ रुपए दो तो सीटी स्कैन हो जाएगा। इस पर दोनो ने पांच पांच सौ रुपए दे दिए उसके बाद दोनो का तुरंत सीटी स्कैन कर दिया गया। स्वाति ने सीएमएस को बताया कि जिस आदमी ने पांच पांच सौ रूपए लिए उसने कई अन्य मरीजों से भी रूपए लेकर सीटी स्कैन कराया।


पीडिता स्वाति ने सीएमएस से की है शिकायत

- पीड़िता ने सीएमएस से की शिकायत, उन्होंने कर्मचारियों को दी चेतावनी

इससे पहले भी इस तरह की अवैध वसूली की शिकायतें मिल चुकी है। जिस पर एडी हेल्थ ने जिला अस्पताल का निरीक्षण भी किया था। टीबी स्कैन सेंटर मैनेजर नसीर खान ने कहा कि हमारे किसी कर्मचारी ने कोई पैसा नहीं लिया है। यदि कोई बाहर का आदमी पैसा लेता है तो हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है।

### बाहरी लोग करते वसूली

जिला अस्पताल में ऐसे अनेक युवक युवतियां हैं जो अस्पताल के कर्मचारी नहीं हैं फिर भी वह सालों से एप्रन पहन कर काम कर रहे हैं। यह लोग अवैध वसूली करते हैं। इसकी शिकायत भी कई बार सीएमएस से की जा चुकी है। शिकायत के बाद एक दो दिन तक वह लोग नजर नहीं आते हैं उसके बाद फिर उनका काम शुरू हो जाता है।

### सांड के हमले में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** गांव टेहरा निवासी रघुवीर पुत्र रामस्वरूप 29 अगस्त को सुबह 4 बजे खेत पर मूंगफली और बाजरा की फसल की रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान गोवंश का झुंड वहां आ गया। रघुवीर ने गोवंश को भगाया। तभी एक सांड ने उनपर हमला कर दिया। गुरुवार शाम उनकी हालत ज्यादा खराब हो गई। परिजन अस्पताल ले जा रहे थे रास्ते में मौत हो गई।




# 1500 मतदाताओं पर बनाया जाएगा मतदेय स्थल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** डीएम निधि श्रीवास्तव ने मतदेय स्थलों के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक की। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों का संभाजन अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर कराया जाएगा। विशेष परिस्थितियों में 300 से कम मतदाता वाले मतदेय स्थलों को रखा जाना अपरिहार्य होगा।

डीएम ने बताया कि मतदेय स्थलों को लेकर 09 सितम्बर तक दावे और आपत्तियां मांगी गई हैं। उनका निस्तारण करने के बाद मतदेय स्थलों की सूची का आलेख्य प्रकाशन 11 सितम्बर को किया जायेगा। कहा कि यदि कोई मतदेय स्थल निजी भवन में स्थापित है और वहां यदि शासकीय भवन उपलब्ध हो गये है तो उक्त मतदेय स्थलों को शासकीय भवनों में स्थानान्तरित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलों को उसी मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत उपलब्ध स्थायी भवन में स्थानान्तरित कर दिया जाए। कहा कि पोलिंग स्टेशन की दूरी लगभग 02 किमी से अधिक न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, उप जिलाधिकारी सदर सुख लाल प्रसाद वर्मा, बिसौली कल्पना जायसवाल, सहसवान प्रेमपाल सिंह, बिल्सी प्रवर्धन शर्मा, दातागंज धर्मेन्द्र सिंह सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पुलिस पर दबिश के दौरान मारपीट का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

संवाददाता, कुंवरगांव


पीड़ित दानिश।

**अमृत विचार:** न्यायालय से जारी वारंट को तामील कराने पहुंचे पुलिस कर्मियों ने युवक के साथ मारपीट की। यह आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

खेड़ा बुजुर्ग निवासी पीड़ित दानिश पुत्र बाजिद ने बताया कि उसके खिलाफ परिवार न्यायालय बदायूं में भरण पोषण की धनराशि का वाद विचाराधीन है। कोर्ट द्वारा रिकवरी वारंट जारी किया गया। उसे तामील कराने पहुंचे चौकी पुलिस कर्मियों ने उसके साथ मारपीट की। जिससे उसका पैर टूट गया। नवादा चौकी प्रभारी सुमित चौधरी का कहना कि कोर्ट से रिकवरी वारंट जारी है। युवक की पत्नी ने पुलिस को सूचना दी थी कि पति दानिश घर पर है। जिस पर सिपाही युवक को पकड़ने गए थे। आरोप निराधार हैं।

# प्रसूता की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों ने का हंगामा

संवाददाता, बिल्सी

- सीएचसी पर देर रात भर्ती हुई गांव गुधनी निवासी मृतक प्रसूता
- अस्पताल कर्मचारियों पर परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, पहुंची पुलिस

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार की सुबह तड़के प्रसव कराने आई एक प्रसूता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिसके बाद परिवार के लोगों ने अस्पताल के स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरु कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर-बुझाकर शांत किया। इसके बाद परिवार के लोग प्रसूता के शव को अपने गांव को ले गए।

गांव गुधनी निवासी मनीश कुमार दिल्ली में मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। गांव में उसकी पत्नी हिमांशी (25) अपने सास-ससुर के साथ रहती है। जो पिछले आठ माह से गर्भवती थी। बीती बृहस्पतिवार की रात हिमांशी को प्रसव पीड़ा हुई। प्रसव पीड़ा होने पर परिवार के लोग गांव की आशा संगिनी के साथ उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आए। जिस समय प्रसूता को भर्ती कराया गया था। उस समय उसे बार-बार दौरे पड़ रहे थे। उसकी हालत बिगड़ती जा रही है। प्रसूता की स्थिति को देखते हुए अस्पताल के कर्मियों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर करने के लिए कागज भी तैयार कर दिए। मगर हिमांशी के परिवार के लोग यहां भर्ती कराकर प्रसव कराना चाहते है। धीरे-धीरे हिमांशी की हालत और बिगड़ती गई। सुबह तड़के उसने दम तोड़ दिया। प्रसूता की मौत होने पर परिवार के लोगों ने सीएचसी स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरु कर दिया। हंगामा काटने की जानकारी पर पुलिस अस्पताल पहुंची और लोगों को समझाकर शांत किया। इसके बाद परिजन हिमांशी का शव लेकर गांव चले गए। सीएचसी के प्रभारी अधीक्षक डॉ. सर्वेश कुमार ने बताया कि प्रसूता की स्थिति काफी नाजुक थी। जिसके लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया था। मगर उसके परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल को नहीं ले गए। जिसके बाद प्रसूता ने थोड़ी देर बाद दम तोड़ दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरा इण्टरमीडिएट मुख्य परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1463724 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। काफी तलाशने पर अभी तक नहीं मिला। **सुमित सक्सेना पुत्र उमाशंकर नि. ग्राम चन्दोई तह. व जिला पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# महिला अधिवक्ता की हत्या पर आक्रोश जारी, दिया ज्ञापन

## कासगंज की अधिवक्ता के हत्यारोपी को गिरफ्तार कर मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग, अधिवक्ताओं की हो सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कासगंज में महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में जिले के अधिवक्ताओं में दूसरे दिन भी आक्रोश जारी रहा। बार एसोसिएशन ने अफसरों को ज्ञापन देकर अधिवक्ता के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट मे चलाने की मांग को लेकर डीएम और एसडीएम को ज्ञापन दिया।

जिला बार एसोसिएशन की सभा अध्यक्ष अधिवक्ता योगेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिला बार एसोसिएशन, कासगंज की सदस्य अधिवक्ता मोहिनी तोमर का अपहरण करके हत्या किए जाने पर दो मिनट का मौन धारण किया। अधिवक्ता की हत्या करने के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संदीप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने डीएम निधि श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लागू किया जाए। हर अधिवक्ता की सुरक्षा सुनिश्चित हो। कासगंज की अधिवक्ता के हत्यारोपियों का मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर जल्द सुनवाई करके कड़ी कार्रवाई की जाए।


डीएम निधि श्रीवास्तव को ज्ञापन देते जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

- **जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया, कहा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लागू हो**

**मोहिनी तोमर के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग**

**सहसवान ,अमृत विचार :** अधिवक्ताओं ने कासगंज में अधिवक्ता मोहिनी तोमर की निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में जुलूस निकाल कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रेम पाल सिंह को सौंपा । ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। उन्होंने ने मोहिनी तोमर के कातिलों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में मुजफ्फर सईद एडवोकेट, जितेंद्र सिंह यादव, महावीर सिंह यादव, अनेक पाल सिंह, हरिओम माहेश्वरी, राजीव कुमार चांडक, बादाम सिंह,कमल सक्सेना, जावेद इकबाल नकवी, जावेद अहसान, भगवान सिंह यादव, मुहम्मद हनीफ, अनिल कुमार मिश्रा, रविंद्र नारायण सक्सेना, नरोत्तम सिंह यादव अतर सिंह शाक्य, आदि शामिल रहे। प्रस्ताव की एक प्रति बार एसोसिएशन कासगंज को भेजी गई।

## मोहिनी तोमर के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग

**सहसवान ,अमृत विचार :** अधिवक्ताओं ने कासगंज में अधिवक्ता मोहिनी तोमर की निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में जुलूस निकाला कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रेम पाल सिंह को सौंपा । ज्ञापन में कहा गया है कि पूरे प्रदेश में अधिवक्ताओं की हत्या हो रही है। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग काफी समय से करते आ रहे हैं। अधिवक्ताओं में असुरक्षा की भावना उत्पन्न होती जा रही है। उन्होंने ने शीघ्र मोहिनी तोमर के कातिलों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में मुजफ्फर सईद एडवोकेट, जितेंद्र सिंह यादव, महावीर सिंह यादव, अनेक पाल सिंह, हरिओम माहेश्वरी, राजीव कुमार चांडक, बादाम सिंह,कमल कुमार सक्सेना, जावेद इकबाल नकवी, जावेद अहसान, भगवान सिंह यादव, मुहम्मद हनीफ, अनिल कुमार मिश्रा, रविंद्र नारायण सक्सेना, नरोत्तम सिंह यादव अतर सिंह शाक्य, आदि शामिल रहे। प्रस्ताव की एक प्रति बार एसोसिएशन कासगंज को भेजी गई।



## हत्यारों की गिरफ्तारी और आश्रित को एक करोड़ की आर्थिक मदद दे सरकार

**दातागंज ,अमृत विचार :** कासगंज की अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या के विरोध में शुक्रवार को तहसील वेलफेयर एसोसिएशन ने एकजुटता दिखाई, और हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार सुरेंद्र सिंह को सौपा। अधिवक्ताओं ने कहा कि मोहिनी तोमर के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। निष्पक्ष जांच की जाए साथ ही मृतक आश्रित को एक करोड़ की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की गयी। इस मौके पर अध्यक्ष दिनेश बाबू सक्सेना, सचिव दिनेश कुमार कठेरिया, राजेन्द्र कुमार, अजय कुमार, बबलू सिंह, जाने आलम, हरवीर सिंह यादव, प्रमोद चौहान, पीयूष मौर्या, सतेन्द्र शाक्य, बलवीर सिंह शाक्य, सुमित सिंह, मोहम्मद इसहाक, मंगलेश राठौर, इन्द्रपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, केपी सिंह, मोहम्मद रऊफ अंसारी, राकेश कुमार पुष्कर, धर्मपाल सिंह, बाबूराम कश्यप, मोहम्मद जाहिद, सुखपाल सिंह यादव, अभिषेक कुमार, विजेन्द्र सिंह, गिरीश आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# पशु गणना पर ब्रेक, कर्मचारियों को नहीं मिली लॉगिन आईडी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** एक सितंबर से शुरू होने वाली पशु गणना को ब्रेक लगा हुआ है। कर्मचारियों को अभी तक लॉगिन आईडी नहीं मिली है। इससे पशु गणना का काम शुरु नहीं हो सका है। पांच साल बाद शुरू हुई गणना के लिए 256 गणना कर्ता और 20 सुपरवाइजर लगाए गए हैं। इस बार कर्मचारियों को टैबलेट नहीं दिये गये हैं उन्हें अपने मोबाइल से ही गणना करनी होगी।

वर्ष 2019 के दौरान पशु गणना हुई थी। उस समय गणना के दौरान जिले में 16.14 लाख पशुओं को पंजीकृत किया गया था। जिसमें गोवंशीय पशुओं की संख्या 2,79790 और महिष पशुओं की संख्या 11,07170 थी। अब फिर से जिले में पशुओं की गणना होनी है। यह कार्य ऑनलाइन होगा। विभागीय पोर्टल पर होने वाली गणना के लिए कर्मचारियों को लॉगिन आइडी दी जानी है। परंतु अभी तक लॉगिन आईडी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इससे गणना का कार्य शुरु नहीं हो पाया है। अधिकारियों का कहना है कि पोर्टल में कुछ दिक्कत होने से लॉगिन आईडी कर्मचारियों को नहीं दी गई है।

- **एक सितंबर से जिले भर में होनी थी पशु गणना, अब तक नहीं हो सकी शुरुआत**
- **पशु गणना के लिए लगाए गए हैं 256 गणना कर्ता, 20 सुपरवाईजर**

**वर्ष 2019 की जनगणना में यह थी पशुओं की स्थिति**

| | |
|---|---|
| गोजातीय | 279790 |
| महिष | 1107170 |
| बकरियां | 176402 |
| सूअर | 8327 |
| भेंड़ | 12837 |
| छुट्टा | 29760 |
| योग | 1614286 |

"पोर्टल पर काम चल रहा है। जिसकी वजह से लॉगिंग आईडी गणना कर्ताओं को नहीं मिल सकी है। रविवार तक पोर्टल काम करने लगेगा। इसके बाद लॉगिन आईडी उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके बाद पशु गणना का काम शुरू हो जाएगा।
–डॉ विनोद कुमार , मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

### एक माह बाद दर्ज बाइक चोरी की रिपोर्ट

**कछला,अमृत विचार :** सावन माह के दौरान गंगा घाट आरती स्थल से वार्ड दस निवासी गौरव की बाइक चोरी हसे गई थी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। एसएसपी को पत्र सौंपकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई। एसएसपी ने कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए। अब एक माह बाद पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

# आज से घरों व पंडालों में विराजेंगे गणपति बप्पा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** आज से गणेश महोत्सव की शुरुआत होगी। सभी विघ्नों को हरने वाले गणपति घरों व पंडालों में विराजेंगे। शुक्रवार को गणेश महोत्सव के लिए चल रही तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। शहर में करीब 40 स्थानों पर बड़ी प्रतिमाएं विराजमान होंगी। इसके लिए पंडाल सजाए गए हैं। घरों में भी गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। समितियों द्वारा गणेश महोत्सव को लेकर गणमान्य लोगों में निमंत्रण पत्र बांटे जा रहे हैं।

पथिक चौक स्थित भोलाधाम में पंडाल सजाया गया है। इसके साथ ही आर्य समाज धर्मशाला तथा सम्राट अशोक नगर, नेकपुर आदि स्थानों पर शनिवार को गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित होंगी। महोत्सव के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाता रहा। गणेश महोत्सव से पूर्व शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें आयोजन समिति के सदस्य व श्रद्धालु शामिल होंगे। दस दिन चलने वाले इस महोत्सव में प्रतिदिन सुबह सात से दोपहर 12 बजे तक और शाम छह से रात 11 बजे तक श्रद्धालु दर्शन व पूजन कर सकेंगे।

**गणेश चतुर्थी व्रत पूजन विधि :** पंडित पवन कुमार मिश्रा ने बताया कि सुबह स्नानादि के बाद तांबे या फिर मिट्टी की गणेश जी की प्रतिमा लें। फिर एक कलश में जल उसके मुख को नए वस्त्र से बांध दें। फिर इस पर गणेश जी की स्थापना करें। गणेश भगवान को सिंदूर, दूर्वा, घी और 21 मोदक चढ़ाएं और उनकी विधि-विधान पूजा करें। गणेश जी की आरती उतारें और प्रसाद सभी में बांटें। दस दिन तक चलने वाले इस त्योहार में गणेशजी की मूर्ति को एक, तीन, सात और नौ दिनों के लिए घर पर रख सकते हैं। ध्यान रहे कि गणेशजी की पूजा में तुलसी के पत्तों का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। गणेश पूजन में गणेश जी की परिक्रमा करने का विधान है।


बिक्री को रखी गणेश की प्रतिमा


भोला धाम में गणेश उत्सव को लगता पंडाल। ● अमृत विचार

### नगर में निकली गणेश शोभायात्रा, काली का अखाड़ा रहा आकर्षण का केंद्र

**ओरछी ,अमृत विचार :** शुक्रवार को नगर मुड़िया धुरेकी में विघ्न हरण समिति के तत्वावधान में गणेश शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा का नगर में जगह–जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर शुक्रवार को नगर पंचायत मुड़िया धुरेकी में निकाली शोभायात्रा का शुभारंभ चेयरमैन अनुपम पाठक ने किया, शोभायात्रा में स्वचलित झांकियां काली का अखाड़ा राधा कृष्ण व शिव पार्वती की झांकी आकर्षण का केंद्र रही । शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया का उद्घोष करते रहे। संयोजक राहुल शंखधार ने बताया की नगर में लगने वाला मेला 6 तारीख से 10 तारीख तक रहेगा । इस दौरान सोनू मिश्रा, मयूर रूस्तगी, सुरेश शंखधार, भरत गौड़, अक्षय शर्मा, राजन मिश्रा, राजकुमार दक्ष, शेखर शंखधार सहित तमाम गणेश भक्त उपस्थित रहे ।



### श्री गणेश सेवा मंडल में विराजमान हुई गजानन की प्रतिमा



**बदायूं,अमृत विचार :** गणेश उत्सव शनिवार से प्रारंभ हो रहा है। श्री गणेश सेवा मंडल के तत्वावधान में 21वां महोत्सव मनाया जाएगा। मंडल के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को गणपति बप्पा की विशाल प्रतिमा को स्थापित किया है। गणेश सेवा मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि गणेश उत्सव शनिवार को गणेश शोभायात्रा के साथ प्रारंभ होगा । शोभायात्रा ब्राह्मण धर्मशाला से शुरू होगी। जिसमें 108 छोटी गणेश प्रतिमाओं को पीत वस्त्र धारी महिलाएं शामिल रहेंगी। शोभायात्रा विभिन्न झांकियों के और बैंड बाजों के साथ निकाली जाएगी। शुक्रवार को गणेश प्रतिमा स्थापित करने के दौरान सुनील वार्ष्णेय, महामंत्री सुनील गुप्ता, मनोज वैश्य, संतोष गुप्ता, रामेश्वर दयाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# यूपीएस को एनपीएस से बताया अधिक घातक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षक व कर्मचारियों ने अन्तिम दिन काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। अटेवा के बैनर तले शुक्रवार को नगर पालिका परिषद, में काली पट्टी बांधकर विरोध किया । स्वास्थ्य शासन कर्मचारी महासंघ शाखा अध्यक्ष सचिन सक्सेना, ने यूपीएस को एनपीएस से भी बदतर बताया। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम और अटेवा के बैनर तले जनपद के नगर पालिका परिषद, कर्मचारियों ने अंतिम दिन काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। स इस मौके पर सतीश कुमार, कृष्ण गोपाल चन्द्रा, लवी कुमार, सूर्य प्रकाश सक्सेना, रजनेश चन्द्र, नवेद इकबाल गनी, महेश बाबू, सुमित सिंह, नारायण दत्त शर्मा, अवनीश कुमार, मोहम्मद इमरान, देवेंद्र सक्सेना, मनोज सक्सेना, गजेन्द्र सिंह शाक्य, अकील अहमद, मोहम्मद शारिक, अली जुबैर, गुड्डी देवी, शायदा बेगम, परवीन, आदि मौजूद रहे।


काली पट्टी बांध कर एनपीएस का विरोध कर रहे पालिका कर्मचारी ।

## भाकियू की इस्लामनगर कार्यकारिणी का गठन

**इस्लामनगर,अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी द्वारा इस्लामनगर ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन ज़िलाध्यक्ष साहू द्वारा किया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों में सोबरन सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष इस्लामनगर, राकेश कुमार ब्लॉक उपाध्यक्ष, प्रेमवीर मौर्य संगठन मंत्री, वीर सिंह ब्लॉक संयोजक, अनोज कुमार प्रचार मंत्री इस्लामनगर ब्लॉक व धर्मपाल मौर्य को ग्राम अध्यक्ष कुन्दावली मुसिया नगला ज़िलाध्यक्ष सतीश साहू द्वारा नियुक्त किया गया। पदाधिकारियों को संगठन की टोपी लगा कर बिल्ले वितरित किये गये।

# 9 को काम नहीं, प्रदर्शन करेंगे जिले के ग्राम्य विकास अधिकारी


रिपोर्ट निरस्त करने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन एवं ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति की ओर से जिलाधिकारी को एक पत्र दिया गया है जिसमें सकरी गांव में निर्माणाधीन वाटर स्टेबिलाइजेशन पोंड में गिर कर बच्चे की हुयी मौत की प्राथमिकी निरस्त करने की मांग की गयी है। अन्यथा की स्थिति में 9 सितम्बर को काम बंद कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में कहा गया है कि ब्लॉक कादरचौक के ग्राम सकरी कासिमपुर में तालाब पर वीएसपी का निर्माण कराया जा रहा था। 1 सितम्बर को ग्राम प्रधान की मौत के बाद कार्य बंद करा दिया गया। दो नवम्बर को सुबह दस बजे पांच वर्षीय बालक खेलते हुए उसमें गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। उक्त प्रकरण में सचिव के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। जबकि जांच करने के बाद ही इस तरह का कदम उठाया जाना चाहिए था।

सचिव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो जाने से जिले के समस्त सचिव हताश हैं। प्राकृतिक कारणों से गड्ढे में पानी भर जाने से बालक की गिर कर मौत हो जाने के सचिव को दोषी ठहराना उचित नहीं है। यदि इस मामले में सही न्याय नहीं किया गया तो 9 सितम्बर को समस्त ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने तहरीर देकर बताया कि सहसवान के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी शाहरुख की रिश्तेदारी उसके गांव में है। कुछ साल पहले शाहरुख ने युवती से शादी करने की बात की थी। दोनों में शारीरिक संबंध बन गए। अब वह शादी की बात करने पर टालमटोल कर रहा है और उसके पास मौजूद युवती के अश्लील वीडियो और फोटो को वायरलकरने की धमकी दे रहा। वह युवती को जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोपी शाहरुख अपने साथ रहीस अहमद, लईक अहमद और चार अन्य लोगों के साथ युवती के घर में घुस गया और मारपीट करते हुए शिकायत वापस लेने का दवाब बनाया। पुलिस ने तीन नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## गड्ढे में मिला चार दिन से लापता युवक का शव

**बदायूं,अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव हत्सा निवासी मनोज पाली ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार शराब पीने के लिए मनोज ने अपने ई-रिक्शा की बैट्री बेच दी थी। चार दिन पहले वह लापताथा। शुक्रवार शाम गड्ढे में शव पड़ा देखा तो मनोज के परिजनों को सूचना दी। शव सड़ गया था। परिजनों ने कपड़े देखकर मनोज की पहचान की। पुलिस मौत का कारण जानने को शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## बिल्सी के युवक की नोएडा में मौत, परिवार में कोहराम

**बिल्सी ,अमृत विचार :** किसान कॉलोनी निवासी एक युवक की शुक्रवार को नोएडा में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिवार नोएडा के लिए रवाना हो गए। किसान कॉलोनी निवासी गोपाल वर्मा (23) पुत्र चंद्र प्रकाश बीती 29 अगस्त को अपनी बहन अंजू को छोड़ने के लिए दिल्ली गया था। दिल्ली से ही वह बड़े भाई प्रमोद कुमार के साले के यहां नोएडा चला गया। शुक्रवार को नोएडा से प्रमोद के साले महेश चंद्र ने परिवार के लोगों को फोन पर सूचना दी कि गोपाल की मौत हो गई और उसका शव कमरे में पड़ा है।

## सार-संक्षेप

### बरातेगदार में सीएमओ ने किया निरीक्षण



**बदायूं,अमृत विचार :** शुक्रवार को ब्लॉक सलारपुर के ग्राम बरातेगदार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा ग्राम में पाए गए मलेरिया धनात्मक रोगी का निरीक्षण किया गया। साथ ही ग्राम में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का निरीक्षण किया गया। एवं ग्राम में मलेरिया धनात्मक केस के सापेक्ष किए जा रहे निरोधात्मक कार्यवाही एंटी लार्वा स्प्रे एवं सोर्स रिडक्शन का निरीक्षण किया गया। ग्राम वासियों को मच्छर जनित रोगों के बारे में जानकारी प्रदान कराई गई ।बरातेगदार पहुंचे सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा ने गांव में ग्रामीणों से बातचीत करते हुए संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गंदगी से मच्छर पनपते हैं इसलिए गांव को घरों को साफ सुथरा बनाए रखें।

### अब रोशनी में हो सकेगा मरीजों का इलाज



**उसहैत ,अमृत विचार :** मोमबत्ती की रोशनी में प्रसव किए जाने की जानकारी पर शुक्रवार को पंचायत चेयरमेन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को बुलाकर जनरेटर की लाइन को केबिल डाल कर सही कराया। निरीक्षण के दौरान पंचायत चेयरमैन नवाब हसन को वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने स्वास्थ्य केंद्र के हालातों से अवगत कराया। बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर जनरेटर होने की वजह से दिक्कत होती है। एमओआईसी इस ओर से लापरवाही बरत रहे हैं। जिस पर चेयरमैन ने पालिका के कर्मचारियों को बुलाकर पंचायत में लगे जनरेटर की लाइन से स्वास्थ्य केंद्र की लाइन जोडा। जिससे वहां रात में आने वाले मरीजों का लाइट की रोशनी में इलाज किया जा सके।

### स्वामी धूम ऋषि इंटर कॉलेज में बच्चों का किया टीकाकरण



**उसावां ,अमृत विचार :** स्वामी धूम ऋषि इंटर कॉलेज में शुक्रवार को 1 से 15 वर्ष तक के बच्चों को जैपनीज इंसेफेलाइटिस का टीका लगाया गया। विद्यालय के प्रबंधक स्वामी किशन दास ने बताया कि बच्चों को दिमागी बुखार से बचाना है तो जापानी जेई का टीका लगवाने से न चूकें। क्योंकि बरसात के बाद खतरा सबसे अधिक रहता है। नगर सीएचसी की नर्स मनी सिंह ने बताया कि 1 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को यह टीका लगाया जाना है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से मनी सिंह, तबस्सुम व इंटर कॉलेज का स्टाफ़ मौजूद रहा।

### ड्राइंग प्रतियोगिता के सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**बिल्सी ,अमृत विचार :** एसकेएलएम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को एक कंपनी ने जल जीवन मिशन के द्वारा एक ड्राइंग प्रतियोगिता कराई, जिसमें लगभग 25 बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने पेंटिंग के माध्यम से दर्शाया कि पानी को कैसे बचाया जा सकता है । बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग कंपनी के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रिंकू सागर एक्टिविटी इंचार्ज कंचन सिंह, कोऑर्डिनेटर उपदेश कुमार ने पारुल राजपूत, अर्चित राघव को प्रथम, दिव्यांशी राजपूत, अंकित, अंबिका ,राघव, साक्षी शाक्य,तनिष्का, ममता को द्वितीय, युवराज गुप्ता, आर्यन पाल, रिद्धि सक्सेना, निकुंज कुमार ,दीपक, नितिन, विवेक, रूद्र ,वंश, जतिन ,अंश, संजना, चिराग, आदित्य को तृतीय स्थान पर रखा गया। प्रतियोगिता में सफल रहे बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के एमडी पीडी सिंह ने बच्चों को बताया कि जीवन में जल का बड़ा योगदान है। प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने कहा कि पानी को व्यर्थ न बहने देना चाहिए। इस मौके पर अंजली सिंह कर्मेंद्र सिंह,रंजीत सिंह, बीना सिंह, कमलेश, वीना सिंह, प्रिया सिंह, वीना , दीक्षा सिंह, सपना माहौर, अनामिका शर्मा, शशांक यादव, आदि मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने टीबी के मरीज को दी पोषण की पोटली



**बदायूं,अमृत विचार :** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कहा कि टीबी मुक्त भारत बनाने की पहल को साकार करना है। कहा कि अधिक से अधिक लोग टीबी मरीजों को गोद लें। इस दौरान गोद ली गई टीबी मरीज को पोषण पोटली दी ।जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी विनेश कुमार ने बताया कि जिले में 7076 टीबी मरीज है। जिनमें से 1275 को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं व अन्य व्यक्तियों द्वारा गोद लिया गया है। गोद लेने के बाद 6 माह तक मरीज को पोषण पोटली देते हैं। जिससे मरीज के शरीर में पोषण की कोई कमी न रहे। सरकार द्वारा मरीज को 500 रुपया महीना पोषण के लिए दिया जाता है। जिलाधिकारी ने शुक्रवार को गोद लिए हुए मरीज को पोषण पोटली दी। इस पोषण पोटली में 1 किलो भुने चने, 1 किलो गुड़, 1 किलो सोयाबीन की बड़ी, 1 किलो मूंगफली व आधा किलो का हॉर्लिक्स आदि दिया गया है।

### एनपीएस, यूपीएस के खिलाफ बांधी काली पट्टी



**बदायूं,अमृत विचार :** अटेवा पेंशन बचाओ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर जिला अस्पताल के कर्मचारियों ने भी विरोध जताते हुए काली पट्टी बांध कर काम किया और आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया। शुक्रवार को जिला अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर काम किया ।डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन एवं नर्सिंग एसोसिएशन व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष प्रदीप चतुर्वेदी ने कहा कि कर्मचारियों के भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है। लेकिन कर्मचारी ऐसा नहीं होंगे देंगे। इस मौके पर शिवम रस्तोगी, रीता सरन, सुप्रिया, बंदना, मीतृ सिंह, उमा, गुंजन, शोभना, मंजू, हरपाल, सोनू गौरव, अनिल, शालू, आर्येन्द्र, आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे ।उधर शिक्षक संघ ने भी पेंशन बहाली की मांग की है। पेंशन बहाली की मांग को लेकर कई अन्य संगठन आंदोलन की राह हैं।

# छह अधिवक्ताओं के खिलाफ एफआईआर, दो गुटों में बंटे वकील

## मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण कर हत्या की धाराओं में दर्ज की रिपोर्ट, मुकदमा लिखने के बाद वकीलों की गुटबंदी आई सामने

### आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान



28.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

### आज के कार्यक्रम

- सोरों में श्री वराह के प्रकटोत्सव के अवसर पर भंडारे का आयोजन सुबह दस बजे से।
- बजरंग सेना कम्युनिटी हॉल में हवन यज्ञ का आयोजन सुबह 10 बजे से।
- शीतला मंदिर में गणेश जी की पूजा अर्चना सुबह 9 बजे से।

### एक नजर

#### महिला की मौत के मामले में मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

**कासगंज।** जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार ममता पत्नी मोहन सिंह निवासी ग्राम गजौरा थाना सुन्नगढ़ी की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंजडुंडवारा में प्रसव के उपरान्त लगातार रक्तस्राव होने से मृत्यु हो गयी थी। मृत्यु के उपरांत परिजनों ने डॉक्टर व मेडिकल स्टाफ पर लापरवाही से मृत्यु होने का आरोप लगाया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मजिस्ट्रीयल जांच कराए जाने के लिए अतिरिक्त उपजिला मजिस्ट्रेट अंजली गंगवार को जांच अधिकारी नामित किया गया है। घटना के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति अपना पक्ष एवं साक्ष्य देना चाहता है तो वह नौ सितम्बर तक सुबह 10 से शाम पांच बजे तक उनके समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।

#### दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** जिले भर की पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोरों कोवताली पुलिस ने एक सफलता हासिल की। दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे वांछित आरोपी सरजीत पुत्र सुरेश निवासी नगला उल्फत थाना सोरों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि आरोपी सरजीत को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** अधिवक्ता मोहिनी तोमर हत्याकांड में पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर छह अधिवक्ताओं के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में नामजदगी को लेकर वकीलों के एक गुट में खासा आक्रोश है। इसको लेकर वकील दो गुटों में बंट गए हैं। एक गुट मोहिनी तोमर के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। वहीं, दूसरे गुट के वकील नामजदगी को गलत बताकर विरोध जता रहे हैं।



अधिवक्ता मोहिनी तोमर मंगलवार तीन सितंबर की दोपहर ढाई बजे के लगभग कचहरी के मुख्य गेट से अचानक लापता हो गई थीं। अगले दिन बुधवार शाम लगभग छह बजे सोरों इलाके में रजपुरा गांव के समीप गोरहा नहर में मोहनी तोमर का शव पानी पर उतराता नग्नावस्था में मिला था। उनके सिर व चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मोहनी तोमर की सिर कुचलकर हत्या की गई थी। दुष्कर्म की आंशका भी जताई जा रही है। मोहिनी के पति बृजतेन्द्र तोमर की तहरीर पर सदर कोतवाली में शुक्रवार सुबह एफआईआर दर्ज की गई। इसमें एडवोकेट मुस्तफा कामिल, असद मुस्तफा, हैदर मुस्तफा, सलमान, केशव मिश्रा निवासी सोरों के अलावा कासगंज के मोहल्ला बड्डू नगर निवासी मुनाजिर रफी को नामजद किया गया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कुछ अधिवक्ता अपने कदम पीछे खींच रहे हैं। जबकि एक गुट अभी मोहनी तोमर के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लामबंद है।

**दूसरे जिलों के अधिवक्ताओं में आक्रोश बरकरारः** बार एसोसिएशन अलीगढ़, बरेली, फिरोजाबाद, मैनपुरी व अन्य जिलों के अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या को लेकर आक्रोशित हैं। वे कार्रवाई की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। अलीगढ़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश सिंह ने समर्थन भी दिया है। मोहिनी के हत्यारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



अधिवक्ता मोहिनी तोमर के हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन करते वकील। ● अमृत विचार

### अधिवक्ता मोहिनी तोमर हत्याकांड

#### परिवार को महिला आयोग की सदस्य ने दी सांत्वना

उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने शुक्रवार को मोहिनी तोमर के घर जाकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। वह आयोग की अध्यक्ष के अलावा शासन के अधिकारियों को भी इस घटना से अवगत कराएंगी। मोहिनी तोमर को न्याय अवश्य दिलायेंगी।



पीड़ित परिवार से बातचीत करतीं महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़।

## चंदन हत्याकांड से जोड़ी जा रही मोहिनी तोमर के कत्ल की कड़ी

**कासगंज, अमृत विचारः** एफआईआर दर्ज होने के बाद अधिवक्ता मोहिनी तोमर हत्याकांड में नया मोड़ आता दिख रहा है। पति की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मोहिनी के कत्ल को चंदन हत्याकांड से जोड़ा है। इधर, पुलिस घटना को लेकर हर पहलू पर जांच कर रही है। पुलिस ने कई बिंदुओं पर लोगों से पूछताछ भी की है।

- **एफआईआर दर्ज करने के बाद हर पहलू पर जांच कर रही पुलिस**

अधिवक्ता मोहिनी तोमर के पति बृजतेंद्र तोमर ने एफआईआर में लिखा है कि वर्ष 2018 में तिरंगा रैली के दौरान चंदन हत्याकांड हुआ था। जिसमें पीड़ित पक्ष की ओर से मोहिनी तोमर ने आरोपी मुनाजिर रफी एडवोकेट की जमानत का विरोध किया था। कहीं न कहीं अधिवक्ता मुनाजिर तभी से द्वेष मनाते थे, और मोहिनी तोमर का विरोध करते थे। मोहिनी हत्याकांड में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है। चंदन हत्याकांड को लेकर भी पुलिस जांच कर रही है।

### मृतका के पति ने एफआईआर में बताई घटना की वजह

मोहिनी तोमर के पति बृजतेन्द्र तोमर ने दर्ज कराई एफआईआर में लिखा है कि मुस्तफा कामिल के लड़कों की जमानत में मोहिनी तोमर ने पीड़ित पक्ष की अधिवक्ता होने के कारण पैरवी की और विरोध किया था। इस पर उन्हें आए दिन गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जाती थी। रोजाना निकलते-उठते वक्त ताना देते थे। इससे मोहिनी मानसिक रूप से परेशान थीं। वहीं, मुनाजिर रफी के मामले में बताया कि 26 जनवरी को तिरंगा यात्रा के दौरान हुई घटना के मामले में चंदन गुप्ता की ओर से मोहिनी ने पैरवी की थी। मोहिनी तोमर ने मुनाजिर की जमानत का विरोध किया था।

### यूपी बार एसोसिएशन से मांगा समर्थन

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने उत्तर प्रदेश बार एसोसिएशन को पत्र लिखकर समर्थन मांगा है। उन्होंने कहा कि हर हाल में अधिवक्ता मोहिनी तोमर को न्याय दिलाने के लिए साथी एकजुट हों। बार काउंसिल उत्तर प्रदेश ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।



एफआईआर में नामजदगी का विरोध करते वकील। ● अमृत विचार



अधिवक्ताओं को घटना की सीबीआई जांच कराने का भरोसा देते सांसद देवेश शाक्य। ● अमृत विचार

### पूरे मामले की सीबीआई जांच होः सांसद

एटा लोकसभा क्षेत्र से सपा सांसद देवेश शाक्य ने अधिवक्ता मोहिनी तोमर की हत्या की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि वर्तमान में अधिवक्ता सुरक्षित नहीं है। प्रशासन से निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं है। इस मामले में सीबीआई जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कासगंज में सुरक्षा व्यवस्था तार-तार है।

### खाली पड़ा रहा कचहरी परिसर में बना पंडाल



विरोध प्रदर्शन के लिए अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में पांडाल लगाया गया था। यहां पांडाल पहले तो खाली पड़ा रहा, लेकिन दोपहर बाद वकीलों में नई रणनीति बनी और विरोध जताने के लिए पांडाल में जा पहुंचे। वकीलों ने कहा कि चंदन हत्याकांड से जोड़कर भी इस मामले की जांच होनी चाहिए।

### नामजद एफआईआर दर्ज होने की खबर पर भड़के वकील

शुक्रवार सुबह नामजद एफआईआर दर्ज होने की खबर मिलने पर कुछ वकील भड़क गए। उन्होंने इकट्ठे होकर एफआईआर में नामजदगी को लेकर विरोध जताया। उनका कहना है कि एफआईआर झूठी और षड्यंत्र के तहत लिखाई गई है।

### पीड़ित परिवार को दिया जाए मुआवजा

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने बार काउंसिल के अध्यक्ष को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि पीड़ित परिवार को एक करोड रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए। परिवार के एक सदस्य को नौकरी मिलनी चाहिए। समाजवादी पार्टी महिला उत्पीड़न को रोकने के लिए विशेष कानून की मांग करती है।

### अखंड आर्यावृत संघ भी समर्थन में आया

अंखड़ आर्यावृत संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेश शर्मा ने संगठन के अन्य पदाधिकारियों की सहमति से आंदोलनकारी अधिवक्ताओं को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा है कि मोहिनी के हत्यारों की जब तक गिरफ्तारी नहीं होती है तब तक मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा।



अधिवक्ताओं को समर्थन पत्र देते आर्यावृत के पदाधिकारी।

## शिक्षकों, वकीलों व समाजसेवियों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार देर शाम समारोह आयोजित कर शिक्षकों, अधिवक्ताओं और समाजसेवियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों व अन्य अतिथियों ने उपस्थित लोगों से अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम संगठन संरक्षक नवल कुलश्रेष्ठ के प्रतिष्ठान पर हुआ। कार्यक्रम चित्रगुप्त के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया गया। अध्यक्षता एडवोकेट नारायण स्वरूप सक्सेना ने की। मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक तरुण सक्सेना रहे।

विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य दामोदर दास गुप्ता, डा. नीरज सक्सेना, विद्युतलता कुलश्रेष्ठ, एडवोकेट आदर्श सक्सेना, शांतनु चौधरी, प्रधानाचार्य दीपक सक्सेना रहे। जिलाध्यक्ष केके सक्सेना ने सभी अतिथियों का पटुका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। पूर्व प्रधानाचार्य दामोदर दास गुप्ता ने कहा कि सभी के जीवन में शिक्षक की अहम भूमिका रहती है, सभी को शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। डॉ नीरज सक्सेना ने देश के पहले पूर्व उप राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की जानकारी दी। इस दौरान अचिंत सक्सेना, आदित्य सरन सक्सेना, धीरज सक्सेना, अजय सक्सेना, लवनीष गहराना, अरविंद सक्सेना, शेखर सक्सेना, पीयूष सक्सेना, अंशुल जौहरी, दुर्गेश सक्सेना समेत अन्य मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को सम्मानित करते कायस्थ महासभा के पदाधिकारी।

- **अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने आयोजित किया सम्मान समारोह**

## आधार कार्ड में त्रुटियां ठीक कराने को लग रही लंबी लाइन

**कासगंज। अमृत विचारः** आधार कार्ड में संशोधन कराना लोगों के लिए टेड़ी खीर हो गया है। त्रुटियां ठीक कराने के लिए लोग सुबह से ही आधार केंद्र पर जाकर लाइन में लग जाते हैं। तमाम लोगों को घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद बैरंग लौटना पड़ता है। शहर के नदरई गेट स्थित मालगोदम रोड पर आर्यावृत बैंक में आधार केंद्र बना है।

- **शासन ने कुछ केंद्रो को त्रुटियां ठीक करने के लिए किया है अधिकृत**

यहां दिन निकलते ही लोगों का जमावबाड़ा शुरू हो जाता है। लोग अपने आधार कार्ड में संशोधन कराने के लिए सुबह ही केंद्र पर जाकर लाइन में लग जाते हैं। मगर भीड़ ज्यादा होने के चलते कुछ ही लोगों की त्रुटियां दूर हो पाती हैं।

## समाज में शिक्षक की होती है अहम भूमिकाः सतीश गुप्ता

संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** लायंस क्लब कासगंज गोल्ड द्वारा शिक्षक दिवस पर समारोह आयोजित कर नगर के प्रतिष्ठित शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मां सरस्वती की वंदना के साथ एवं दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब के वक्ताओं ने समाज में शिक्षकों की अहम भूमिका के बारे में बताया।

शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन लायन सतीश गुप्ता, राजवीर सिंह सोलंकी ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। नगर के तीन सम्मानित शिक्षक धर्मेंद्र यादव, पंकज गुप्ता, आशु गुप्ता के अलावा शिक्षिका ममता यादव को शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसार पर धर्मेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, जीवन स्वयं एक महान शिक्षक है। प्रत्येक असफलता अपने भीतर एक सीख छिपाए होती है। प्रत्येक संघर्ष अपने आप में एक अवसर होता है। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने सभी को गहन रूप से प्रभावित किया। सतीश गुप्ता ने कहा कि समाज में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। शिक्षक समाज की वह धुरी है, जो छात्र के जीवन में आधारशिला रखते हैं। उन्हें कर्तव्य निष्ठा के साथ पढ़ाना और अपने दायित्वों को निर्वहन करना चाहिए। संचालन लायन अखिलेश अग्रवाल ने कुशलता से किया। लायंस क्लब के अध्यक्ष मनोज सिंगल सचिव गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने की सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के दौरान रजत बिरला, पदम माहेश्वरी, सतीश गुप्ता, राजवीर सोलंकी, गौरव अग्रवाल, विवेक बंसल, सौरभ कुमार सिंघल, अजय अग्रवाल, अमित वार्ष्णेय, नितिन अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, शैलेश गर्ग, रोहित बासनी, लकी बासनी, कबीर प्रताप सिंह, अंकित अग्रवाल, अंकीश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, चंद्रशेखर माहेश्वरी, सीताराम अग्रवाल आदि लायन मौजूद रहे।



समारोह के दौरान शिक्षकों को सम्मानित करते लायंस क्लब के पदाधिकारी।

- **लायंस क्लब कासगंज गोल्ड ने चार शिक्षकों को किया सम्मानित**

## दाखिल खारिज के बाद भी महीनों खतौनी में दर्ज नहीं किए जाते नाम

संवाददाता, पटियाली

**अमृत विचारः** पटियाली तहसील में अव्यवस्थाओं का अंबार है। दाखिला खारिज होने के बावजूद खतौनी में नाम दर्ज नहीं किए जाते। लोगों को नाम दर्ज कराने के लिए महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसी को लेकर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने अब्दुल हफीज गांधी ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर खतौनी में जल्द नाम दर्ज कराने की मांग की।

समाजवादी वादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने पटियाली तहसीलदार को ज्ञापन देकर कहा है कि जितने दाखिला खारिज हो रहे हैं उन्हें खतौनी में दर्ज करने में महीनों लग रहे हैं। जबकि नियमानुसार दाखिला खारिज होने के बाद महीने-डेढ़ महीने में खतौनी में नाम दर्ज हो जाना चाहिए। ताकि लोगों को तहसील के चक्कर न लगाना पड़ें।

- **सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन बोले- लोगों को लगाने पड़ते हैं बार-बार चक्कर**



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी।

धर्म-कर्म | जगह-जगह सजाए गए पांडाल, गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर श्रद्धालुओं ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया

## आज मंदिरों और घरों में विराजेंगे विघ्न विनाशक गजानन

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** गणेश चतुर्थी के दिन शनिवार को घरों और मंदिरों में विघ्न विनाशक गणेश जी बिराजमान हो जाएंगे। इसके लिए जिले में जगह-जगह पांडाल सजाए गए हैं। गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर लोगों ने गणेश प्रतिमा की खरीददारी की।

गणेश चतुर्थी पर्व शनिवार सात सितंबर को मनाया जाएगा। बाजार में छोटे से लेकर बड़े आकार तक की गणेश प्रतिमा से दुकानें सज गई हैं। गणेश प्रतिमा की कीमत 1100 से लेकर 10 हजार तक बताई जाती। गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर भक्त ने गणेश प्रतिमा खरीदी और तैयारियों को अंतिम रूप दिया। शनिवार सुबह हवन पूजन के साथ गणेश जी पांडालों में बिराजमान हो जाएंगे। दस दिन तक पांडालों हवन पूजन के साथ भक्ति की बयार बहेगी। सुबह को बैंड बाजा के साथ शोभायात्रा निकालेगी, जिसके बाद मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस बाद मूर्ति स्थापना होगी।

**श्रीगणेश सेवा मित्र मंडल ने सिद्धेश्वर मंदिर में सजाया पंडालः** बजरंग सेना कम्युनिटी हॉल में पंडाल सजाया है। शनिवार को सुबह 10 बजे से हवन होगा। शाम को शोभायात्रा नगर भ्रमण कार्यक्रम होगा। इसके बाद श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापित की जाएगी।

**17 को होगा मूर्ति विसर्जनः** 17 सितंबर को मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। इस बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। पक्की गली में सजे पंडाल में शनिवार सात सितंबर को शोभायात्रा के साथ मूर्ति स्थापना की जाएगी। 14 सितंबर को मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। इस बीच भजन, सुंदर कांड, शिव पार्वती विवाह, देव दिवाली आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



शहर के बिलराम गेट इलाके में गणेश जी की मूर्तियां खरीदते लोग। ● अमृत विचार



गणेश चतुर्थी को लेकर सजाया गया नदरई गेट स्थित बृहस्पति का मंदिर। विचार

### अमांपुर में मनाया जाएगा गणेश महोत्सव

**अमांपुर :** कस्बे में 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारी जोरों पर हैं। शुक्रवार को गणेश पांडाल सजाने के साथ शोभायात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। गणेश चतुर्थी से एक दिन पहले शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमाओं की खरीदारी की। कस्बे के इन्द्रानगर, शास्त्री नगर, गांधीनगर नगर, जवाहर नगर, सुभाष नगर, आंबेडकरनगर नगर में शनिवार को गणपति विराजमान किए जाएंगे।

### सहावर में श्री वार्ष्णेय समाज मनाएगा गणेश महोत्सव

सहावर कस्बे में श्री वार्ष्णेय समाज ने गणेश महोत्सव समिति का गठन किया है। समिति के लोगों ने बताया कि सात सितंबर को मंदिर परिसर में सुबह 10 बजे गणेश जी का दुग्धाभिषेक एवं मांगलिक कार्यक्रम के साथ महोत्सव आरंभ होगा। इसी दिन शाम को छह बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

दुर्जन :परिहर्तव्यो विद्यालंकृतो सन।
मणिना भूषितो सर्प :किमसौ न भयंकर : ॥

दुष्ट व्यक्ति यदि विद्या से सुशोभित भी हो अर्थात वह विद्यावान भी हो तो भी उसका परित्याग कर देना चाहिए। मणि से सुशोभित सर्प क्या भयंकर नहीं होता?

## संपादकीय

# जल संचय में जनभागीदारी

बढ़ती वैश्विक आबादी, कृषि, उद्योग और घरेलू उपयोग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती मांग के कारण पानी की कमी और जल संसाधनों में कमी आई है। इसका पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और आर्थिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यानी सतत विकास के लिए पानी आवश्यक है। पानी एक सीमित संसाधन है, जो जीवन के सभी पहलुओं के लिए आवश्यक है। भारत में दुनिया के कुल ताजा पानी का सिर्फ 4 प्रतिशत ही है। एक बड़े भूभाग को पानी की कमी से जूझना पड़ रहा है। कई जगहों पर पानी का स्तर लगातार गिर रहा है। जलवायु परिवर्तन इस संकट को और गहरा रहा है। भविष्य की पीढ़ियों के लिए इस बहुमूल्य संसाधन की उपलब्धता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जीवन के सभी पहलुओं में जल संरक्षण प्रथाओं को अपनाना आवश्यक है। इसलिए जल की कमी और संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता को दुनिया भर में निकट भविष्य की चुनौतियों के रूप में पहचाना जाता है। सरकार ने टिकाऊ भविष्य के लिए जिन नौ संकल्पों को सामने रखा है, उनमें जल-संरक्षण पहला संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'जल संचय जनभागीदारी पहल' की शुरुआत की और कहा कि जल-संरक्षण केवल नीतियों का नहीं, बल्कि सामाजिक निष्ठा का भी विषय है तथा जागरूकता, जनभागीदारी और जन आंदोलन इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। जल-संरक्षण केवल नीतियों का नहीं, बल्कि सामाजिक निष्ठा का भी विषय है। जागरूक जनमानस, जनभागीदारी और जनआंदोलन ये इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है।

गौरतलब है कि जल संरक्षण प्रथाओं में कई तरह की गतिविधियां और प्रौद्योगिकियां शामिल हैं जिनका उद्देश्य पानी की खपत को कम करना और पानी की बर्बादी को रोकना है। जल संरक्षण प्रथाओं के कुछ उदाहरणों में कुशल सिंचाई, कम प्रवाह वाले उपकरण और पानी का पुनः उपयोग शामिल हैं। जल संरक्षण भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। देश के कई राज्यों में जल संचयन की पुरातन परंपरा रही है। विशेषकर राजस्थान तो इसका ज्वलंत उदाहरण है। वर्तमान में जल का समुचित प्रबंधन ही हमारी सभ्यता को जीवित रख सकता है। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ऐसी रणनीतियों के संयोजन की आवश्यकता है, जो व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारों को स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें। जल संरक्षण को बढ़ावा देने की कुछ रणनीतियों में शिक्षा अभियान, मूल्य निर्धारण तंत्र, विनियमन और प्रौद्योगिकी नवाचार शामिल हैं। जलसंकट की त्रासदी का हल खोजने के लिए भारत को दुनिया में सबसे आगे खड़ा होना ही होगा। हमें संकल्प लेना होगा कि जनभागीदारी से भारत को जल संरक्षण की दिशा में पूरी मानवता के लिए एक प्रेरणा बनाएंगे।

# एलएसी की व्याख्या बिना भारत-चीन विवाद का हल संभव नहीं



पुष्परंजन
वरिष्ठ पत्रकार

अप्रैल 2018 में मोदी-शी वुहान में मिले और 2019 में महाबलीपुरम में दोनों विश्व नेता बगलगीर हुए, लेकिन 2020 आते-आते सीमा तनाव बढ़ गया, जब गलवान घाटी में हुई झड़पों में दर्जनों भारतीय सैनिक और उसके लगभग आधे चीनी सैनिक मारे गए थे।

चीन और भारत ने दशकों पुराने सीमा विवाद का जल्द समाधान करने का संकल्प किया है। पिछले सप्ताह 31 वें दौर की कूटनीतिक वार्ता का समापन करते हुए,दोनों देशों ने संबंधों को मजबूत करने और सीमा पर तनाव को कम करने का अहद किया है। पेइचिंग बैठक के बाद, चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा,"दोनों पक्ष बातचीत और परामर्श को मजबूत करने,एक-दूसरे की वैध चिंताओं को समायोजित करने और जल्द से जल्द एक पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान निकलने पर सहमत हुए हैं। दोनों पक्ष सीमा संबंधी समझौतों का सख्ती से पालन करेंगे और जल्द से जल्द सीमा की स्थिति को सुधारकर, एक नया अध्याय शुरू करेंगे।" भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी हामी भरते हुए कहा है कि दोनों पक्ष "राजनयिक और सैन्य चैनलों" को दुरुस्त करने पर सहमत हुए हैं। इसमें कहा गया है,"एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) का सम्मान, द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए बुनियादी आधार है।"

वास्तविक नियंत्रण रेखा से तात्पर्य 3,200 किलोमीटर की प्रभावी सीमा रेखा से है। सहमति के अभाव में जिसे अब भी सही से परिभाषित नहीं किया गया है। न तो चीन के बयान में और न ही भारत ने इसकी व्याख्या की है। सीमा वार्ता का 31 वां दौर नई दिल्ली में आयोजित पिछले संस्करण के ठीक एक महीने बाद संपन्न हुआ है। गतिरोध का यह चौथा साल है। दोनों पक्षों को लगा कि वार्ता को गति दी जानी चाहिए। तो क्या, इसमें पुतिन की भी कोई भूमिका है? इस सवाल को यहीं छोड़ जाते हैं। पेइचिंग में हुई बैठक की सह-अध्यक्षता चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और महासागरीय विभाग के महानिदेशक हांग लियांग और भारतीय विदेश मंत्रालय में पूर्वी एशिया के संयुक्त सचिव गौरंगलाल दास ने की। दोनों पक्षों के राजनयिक, राष्ट्रीय रक्षा और आव्रजन विभाग के कर्मचारी भी बैठक में उपस्थित थे। सीमा तनाव को हल करने के लिए कूटनीतिक वार्ता का पहला दौर 2012 में आयोजित किया गया था। भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए बने कार्य तंत्र को, "वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोआर्डिनेशन ऑन इंडिया-चाइना बॉर्डर अफेयर्स" (डब्ल्यू.एम.सी.सी.), नाम दिया गया है। वार्ता का प्रस्ताव तत्कालीन चीनी प्रधानमंत्री वेन चियापाओ ने 2010 में भारत की यात्रा के दौरान रखा था। उसके प्रकारांतर 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के न्यौते पर प्रेसिडेंट शी भारत आए, अहमदाबाद में साबरमती के तट पर झूले का आनंद लिया। उन दिनों दिव्य स्वागत से लगा था कि सीमा पर शांति स्थाई रूप से आएगी।

चीन, समुद्री सीमा विवाद में दोनों कोरिया, फिलीपींस, सिंगापुर, ब्रूनेई, लाओस, मलयेशिया, इंडोनेशिया, जापान और वियतनाम से गाहे-बगाहे उलझता रहा है, लेकिन चीन अब सुधर रहा है। अपने सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ सीमा विवाद सुलझाने की ओर ध्यान देने लगा है, भारत के संदर्भ में यह बड़ी बात है।

अप्रैल 2018 में मोदी-शी वुहान में मिले और 2019 में महाबलीपुरम में दोनों विश्व नेता बगलगीर हुए,लेकिन 2020 आते-आते सीमा तनाव बढ़ गया, जब गलवान घाटी में हुई झड़पों में दर्जनों भारतीय सैनिक और उसके लगभग आधे चीनी सैनिक मारे गए थे। 2022 के बाद से कम से कम दो बार सीमा पर संघर्ष की खबरें आई हैं। इसके बाद कई वरिष्ठ रक्षा-स्तरीय और कूटनीतिक वार्ताएं हुईं। इनसे तनाव कम करने में मदद मिली है, लेकिन पश्चिमी हिमालय में सैन्य गतिरोध में कोई बुनियादी बदलाव नहीं आया है। बहरहाल पिछले महीने चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कजाकिस्तान में एक क्षेत्रीय बैठक के दौरान अपने भारतीय समकक्ष सुब्रह्मण्यम जयशंकर से मुलाकात की। दो सप्ताह बाद लाओस में भी दोनों मिले। इन कदमों को मोटे तौर पर दोनों पक्षों द्वारा संबंधों में तनाव को कम करने के प्रयासों के रूप में देखा गया है,लेकिन दोनों पक्ष जब तक एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) की व्याख्या नहीं कर लेते, भारत-चीन विवाद का स्थाई हल संभव नहीं है। यह एक अवसर है कि दोनों देशों की लीडरशिप मिल-बैठकर इसकी सर्जरी करें और नोबेल शांति पुरस्कार के साझा हकदार बनें। 14 देशों से चीन की जमीनी सीमाएं मिलती हैं। नार्थ कोरिया, रूस, मंगोलिया, कजाखस्तान, किर्गिजस्तान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, इंडिया, नेपाल, भूटान, म्यांमार, लाओस और वियतनाम। फरवरी 2022 में नेपाल ने सीमा पर अतिक्रमण करने का आरोप चीन पर लगाया था। नेपाल की ओर से आधिकारिक तौर पर यह दावा किया गया कि चीन,नेपाल के सुदूर पश्चिम,हुमला जिले में अतिक्रमण कर रहा है। हालांकि काठमांडू स्थित चीनी दूतावास ने किसी भी अतिक्रमण से इंकार किया था। चीन और भूटान के बीच 292 मील लंबी सीमा है। दोनों पक्ष सीमा विवाद सुलझाने के प्रयास में हैं।

चीन, समुद्री सीमा विवाद में दोनों कोरिया, फिलीपींस, सिंगापुर, ब्रूनेई, लाओस, मलयेशिया, इंडोनेशिया, जापान और वियतनाम से गाहे-बगाहे उलझता रहा है, लेकिन चीन अब सुधर रहा है। अपने सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ सीमा विवाद सुलझाने की ओर ध्यान देने लगा है, भारत के संदर्भ में यह बड़ी बात है। हिन्द-प्रशांत में अमेरिका को भारत का ही कंधा दिखता है, लेकिन क्या हम अमेरिका के भरोसे टकराव की राह पर चलते रहें? चीन के लिए आज की तारीख में भारत एक विशालकाय बाजार है और भारत की निर्भरता चीन पर बनी रहेगी,यह उस कहावत को चरितार्थ करता है-"गधे के बिना धोबी का गुजारा नहीं और न धोबी के बिना गधे का।"

चीनी आयात पर भारत की निर्भरता विशेष रूप से ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रही है। कार पार्ट्स का 20 प्रतिशत और इलेक्ट्रॉनिक घटकों का 70 फीसद चीन से आयात होता है। इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल उपकरण, कार्बनिक रसायन, मशीनें, परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, लोहा और इस्पात, चिकित्सा और ऑप्टिकल उपकरण, प्लास्टिक, उर्वरक, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर, कपड़ा और अन्य घरेलु वस्तुएं चीन से न आए,तो बाजार में हाहाकार मच जाए। वैश्विक व्यापार में चीन ने खुद को एक "विनिर्माण महाशक्ति" के रूप में स्थापित किया है,जो दुनियाभर के देशों को विविध उत्पाद प्रदान करता है। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' महाभियान को सही से समझने की जरूरत है। पिछले कुछ वर्षों में चीनी उत्पादों के आयात में भारी वृद्धि देखी जा रही है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार उपकरण, हार्डवेयर और घटक, विद्युत उपकरण, उर्वरक और रसायन सबसे डिमांडिंग चीनी आयातों में से रहे हैं। कार के 20 प्रतिशत हिस्से और बिजली के 70 फीसद कम्पोनेंट्स चीन से ही आ रहे हैं। एपीआई का 70 प्रतिशत और चमड़े की वस्तुओं का 40 प्रतिशत हिस्सा चीन से भारत में आयात किया जाता है। निर्यात आयात डेटा के अनुसार 2023 की पहली तिमाही के अंत में चीन से आयातित उत्पाद बढ़कर 98.5 अरब डॉलर हो गए थे,जो चीन से भारत में आयात में 4.16 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। सरकार मालूम नहीं क्यों, आम जनता से इस तथ्य को बताने से कतरा रही थी। भारत और चीन के बीच उभयपक्षीय व्यापार 2021-22 में 115.83 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था,जो 2020 में 86.39 बिलियन डॉलर के मुकाबले 34 प्रतिशत अधिक है। उन्हीं दिनों चीनी सामानों के बहिष्कार के भावनात्मक नारे लग रहे थे। उद्योग-वाणिज्य मंत्रालय के सूत्र बताते हैं कि इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चीन से भारत में आयात किए जाने वाले शीर्ष उत्पाद हैं। इसमें स्मार्टफोन, लैपटॉप, टेलीविजन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शामिल हैं।

वैश्विक व्यापार डेटाबेस के अनुसार, " भारत ने 2022 में चीन से 30.63 बिलियन डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीदे। सेल फोन चीन से भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक आयात है।" मार्च 2024 में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन चुका था। दोनों देशों के बीच 118.41 बिलियन डॉलर का उभयपक्षीय व्यापार हुआ,जो अमेरिका से आगे निकल चुका है। इसी अवधि में अमेरिका-भारत का व्यापार, 118.29 अरब डॉलर रहा है। चीन से आयात की रफ्तार से एक बात तो स्पष्ट हो जाती है कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम फ्लॉप हो चुका है। उसकी सबसे बड़ी वजह लेबर प्रॉब्लम है,दूसरा कच्चे उत्पाद की कमी। सबसे बड़ी बात, चीन के मुकाबले सस्ता उत्पाद बनाने में भारतीय कंपनियां विफल रही हैं।

## प्रसंगवश

# भौतिकवाद जीता

हम यहां इस विषय पर कोई निबंध नहीं लिख रहे हैं। दो ठोस उदाहरण पेश कर रहे हैं। एक एकदम ताजा और दूसरा कोई 75 वर्ष पुराना। पहला और ताजा उदाहरण स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक आदित्य वर्द्धन सिंह का है,जो वाराणसी में पदासीन थे और लखनऊ उनका निवास था।

वे अभी चंद रोज पहले कानपुर जिले के बिल्हौर के निकट गंगाजी के नानामऊ घाट पर मित्रों सहित स्नान करने गए थे। वे तैरना जानते थे। इस भ्रम में धारा में ज्यादा आगे बढ़ गए, संभल नहीं पाए और डूबने लगे। तट पर खड़े उनके मित्रों ने जब यह स्थिति देखी, तो घाट पर उपस्थित गोताखोरों से बचाने का आग्रह किया। गोताखोर ने दस हजार रुपये पेशगी भुगतान पर जोर दिया। अब उस समय ये लोग इतनी नकदी तो लेकर गंगा स्नान करने गए नहीं थे, अतः गोताखोरों से हाथ जोड़कर डूबते मित्र को बचाने और बाद में पैसे दे देने का आग्रह करते रहे,किंतु सब निष्फल। गोताखोर ने जब ऑनलाइन दस हजार का भुगतान ले लिया, तब गंगाजी में कूदा। हालांकि तब तक उप-निदेशक डूब चुके थे। यह दर्दनाक हादसा आज के प्रचंड भौतिकवाद और धन-सर्वस्व को उजागर करता है। दूसरा उदाहरण अब से 75-80 साल पहले हमारे बचपन का है। यह भी कानपुर जिले की बिल्हौर तहसील का ही है। बस घाट बदला है। वह नानामऊ न होकर ब्रह्मावर्त था। मेरे जन्म ग्राम विशुनपुर में मेरे पिता जी से एक पीढ़ी ऊपर के सज्जन बच्चू मिश्र रहते थे। वे एक कुशल तैराक और डुबकी लगाने में माहिर थे। बढ़ी हुई गंगा में निकटवर्ती बिठूर (ब्रह्मावर्त) स्नान करने गए थे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

बिठूर के पंडे/गंगापुत्र अच्छी तरह जानते थे कि बच्चू महराज अच्छे तैराक हैं। बच्चू गंगाजी में कूदे और गहरे में जाकर अपनी कलाबाजियां दिखाने लगे। प्रवाह तेज था, वे थक गए और डूबने लगे। पहले तो तटवर्ती गंगापुत्रों को भ्रम हुआ कि महाराज डुबकी लगाने का प्रदर्शन कर रहे हैं,किंतु जल्दी ही वे यह भांप गए कि अरे! ये तो डूब रहे हैं और बिना समय खोए कई लोग गंगाजी में फांद पड़े तथा बच्चू को सकुशल बाहर निकाल लाए। पैसे का कोई सवाल ही नहीं। न पहले, न बाद में। आज मानवीय मूल्यों, संवेदनशीलता और नैतिकता में हम कहां से कहां पहुंच गए हैं?

# गणेश उत्सव मनाना पहले से अधिक प्रासंगिक



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

कहने को तो हम आज विश्व ग्राम में जी रहे हैं, किंतु हम कितने अकेले हैं यह इससे प्रमाणित होता है कि पड़ोसी पड़ोसी को नहीं पहचानता है। परिवार बिखर रहे हैं।

गणेश जी को सनातन संस्कृति में बुद्धि, समृद्धि देने वाले और विघ्न-बाधाओं को हरने वाला देवता माना जाता है तथा सभी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में प्रथम पूज्य देव के रूप में पूजने की परंपरा है। भारत में गणेश उत्सव की सार्वजनिक रूप से मनाने की शुरुआत 1893 में बाल गंगाधर तिलक ने राजनीतिक एवं सामाजिक मंच के रूप में की थी। उस समय इसका मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारतीय समाज को एकजुट करना था।

तिलक जी का मानना था कि गणेशोत्सव एक ऐसा त्योहार है, जो विभिन्न समुदायों और जातियों के लोगों को अंग्रेजों के विरुद्ध एक साथ ला सकता है और इसे सार्वजनिक एवं सामूहिक रूप से मनाने से लोगों में एकजुटता और राष्ट्रीयता की भावना में वृद्धि होगी तथा उनमें स्वतंत्रता की इच्छा जागृत की जा सकती है। तिलक ने जैसा सोचा था कालांतर में गणेश उत्सव मनाने का प्रभाव वैसा ही हुआ। इस उत्सव ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में विभिन्न जाति, समुदाय के लोगों को अंग्रेजों के विरुद्ध संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसा नहीं है कि तिलक के आह्वान के पूर्व गणेश उत्सव नहीं मनाया जाता था। पहले भी गणेश उत्सव मनाया जाता था,किन्तु तब वह मुख्य रूप से घर-परिवार तक सीमित था।

प्रश्न यह उठता है कि आज जब भारत पूर्ण रूप से स्वतंत्र गणराज्य है तब क्या भारतीयों को सामूहिक एवं सार्वजनिक रूप से गणेश उत्सव मनाने की आवश्यकता है? मेरे विचार में तो आज गणेश उत्सव का सार्वजनिक रूप से मनाया जाना पहले से ज्यादा आवश्यक एवं प्रासंगिक दिखाई देता है। आज भारतीय समाज विभिन्न जाति, धर्म, संप्रदाय में स्वतंत्रता पूर्व की स्थितियों की तुलना में अधिक बंटा हुआ है। सनातन समाज की बात तो निराली है, भारत में सर्वाधिक होते हुए भी न सिर्फ पहले से ज्यादा जातियों और समुदायों में बंटा और बिखरा हुआ है अपितु इनमें अन्य धर्मों की तुलना में एकता, भाईचारा, समन्वय की डोर भी कमजोर दिखाई देती है। यही कारण है कि अन्य धर्म में विश्वास करने वाले लोग सनातन और उसके धार्मिक ग्रंथों को समय-समय पर तरह-तरह से अपमानित करते रहते हैं। सनातनी ईश्वर के अवतारों को काल्पनिक बताते हैं। सनातन धर्म से अन्य धर्मों में परिवर्तन के समाचार भी आए दिन सुनने को मिलते रहते हैं।

आज देश में वैमनस्य, अपराध और हिंसा की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। राष्ट्र विरोधी ताकतें भी पनप रही हैं और उनकी राष्ट्र विरोधी गतिविधियां देश को कमजोर करने में लगी हुई हैं। लोगों को बांटा जा रहा है। उनमें झूठ फैलाया जा रहा है। पाखंड,अंधविश्वास, जादू, टोना- टोटका, पूजा-पाठ के नाम पर ठगी कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। सामाजिक बुराई जैसे नशावृत्ति, धूम्रपान, लूटपाट, अपहरण, हत्या, बच्चियों तथा महिलाओं के साथ छेड़छाड़, बलात्कार,हिंसा आदि की घटनाएं शासन-प्रशासन से लेकर आम नागरिकों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। इन स्थितियों में सार्वजनिक एवं सामूहिक रूप से गणेश उत्सव का विभिन्न स्थानों पर आयोजन और उन आयोजनों में सामाजिक बुराइयों और राष्ट्र के सामने खड़ी चुनौतियों से जुड़े विषयों के कारण और समाधान पर चर्चा, प्रदर्शनी, व्याख्यान, नाटक आदि देश में इन विषयों पर जनजागृति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समाज को राष्ट्र की उन्नति और विकास के लिए एकजुट कर सकते हैं।

कहने को तो हम आज विश्व ग्राम में जी रहे हैं, किंतु हम कितने अकेले हैं यह इससे प्रमाणित होता है कि पड़ोसी पड़ोसी को नहीं पहचानता है। परिवार बिखर रहे हैं। ऐसे में बच्चों में सामाजिकता के संस्कार पल्लवित नहीं हो रहे हैं। मोहल्ला संस्कृति तिरोहित हो गई है। सभी मोबाइल के काल्पनिक जगत में रहना अधिक पसंद करने लगे हैं। आज दशहरा, दीपावली, होली पर भी लोग एक-दूसरे के घर कम ही जा पाते हैं,मोबाइल पर ही शुभकामना संदेश ढेरों पहुंचते हैं। व्यक्ति बहुत ही एकाकी हो गया है। इस एकाकीपन से अनेक समस्याएं और मानसिक रोग जन्म ले रहे हैं।

विशेषज्ञ हमें चेता रहे हैं कि आने वाली महामारी मानसिक रोगों की होगी। इन सब भयावह स्थितियों से यदि समाज को बचाना है, बच्चों में पारस्परिक व्यवहार के संस्कार विकसित करना है,परिवारों को परिवारों से, जाति को जातियों से जोड़ना है और समाज को विघटन होने से बचना है तो गणेश उत्सव जैसे तमाम त्योहारों के माध्यम से मेल-जोल बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। अतः गणेशोत्सव का आयोजन केवल धार्मिक न रखते हुए नए संदर्भों और उद्देश्यों को सामने रखकर करने की आवश्यकता है।

## सोशल फोरम

# मामला इतना सीधा सपाट नहीं

सर्वोच्च न्यायालय की बुलडोजर न्याय मसले पर कुछ आरंभिक टिप्पणियों से एक पक्ष के चंद लोगों को जो सुखाभास हो रहा है, वैसा कुछ इतना सीधा सपाट नहीं है। घर या कोई भी 'बिल्डिंग' इसलिए नहीं गिराए जा रहे कि कोई बलात्कारी है या हत्यारा है या राज्य के विरुद्ध कोई बड़ा घात कर बैठा है,बल्कि वे इसलिए गिराए जा रहे हैं कि उनका निर्माण अवैध रूप से हथियाई गई जमीन पर है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

यह तो एक सामान्य बात है कि कानून के मुताबिक अगर कोई दोषी करार हुआ भी है तो केवल इस कारण से किसी का आवासीय घर या कारोबार की बिल्डिंग बुलडोज नहीं की जा सकती। यह न तो नैतिक है और जो नैतिक नहीं वह कानूनन भी नहीं होना चाहिए। भले ही इस पर भारतीय न्याय संहिताओं में कोई स्पष्ट व्याख्यायित कानून की धारा हो या न हो। अब जब अवैध निर्माण के कारनामें जग जाहिर हो जाएं तो क्या सरकारें हाथ पर हाथ रखे बैठी रहें? कौन नहीं जानता कि भारतीय न्याय अमूमन कितना विलंबित हो जाता है। ऐसे में न्यायप्रिय सरकारें चुपचाप बैठी रह जाएं तो फिर त्वरित न्याय की जनआकांक्षाओं पर कैसे खरी उतरेंगी? इसलिए बुलडोजर न्याय का उदाहरण दिखाकर उत्तर प्रदेश ने न्याय की एक मिसाल कायम की है और एक दिशा दिखाई है, जो प्रकारांतर से भारतीय न्याय व्यवस्था की ही पक्षधर है। यह दिखता है कि न्याय डेलिवर हुआ है?

अपराधी सबक लें, धत कर्म करने और कानून को हाथ में लेने की जुर्रत न करें। गैर कानूनी निर्माण करने से परहेज करें। कानून का पालन करने वाले श्रेष्ठ नागरिक का उदाहरण प्रस्तुत करें। आज उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था के लिहाज से ऐसे ही अन्य तमाम राज्यों का सिरमौर नहीं बना हुआ है। आगामी सुनवाइयों में इन पहलुओं को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचारण के लिए रखा ही जाएगा और जो भी आखिरी फैसला आएगा, कहना नहीं है कि वह शिरोधार्य होगा ही।

-फेसबुक वॉल से

# डिजिटल युग के अपराधों पर कैसे लगे लगाम



डॉ. सत्यवान 'सौरभ'
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में फिशिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के बावजूद, नए कानून ऐसे अपराधों पर मुकदमा चलाने में शामिल जटिलताओं को कवर नहीं करते हैं।

हाल ही में भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं, औपनिवेशिक युग के कानूनों से भारतीय न्याय संहिता और भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता में बदलाव किया गया है। हालांकि नई संहिता में साइबर स्टॉकिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी जैसे डिजिटल युग के अपराधों से निपटने के लिए व्यापक प्रावधानों का अभाव है, जिनकी आज के तकनीकी रूप से संचालित समाज में प्रासंगिकता तीव्रता से बढ़ रही है। नई संहिता वर्तमान के डिजिटल युग बढ़ रहे साइबर अपराधों जैसे कि साइबर स्टॉकिंग, फिशिंग और डेटा उल्लंघन के दायरे को पर्याप्त रूप से परिभाषित नहीं करती हैं।

भारत में फिशिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के बावजूद, नए कानून ऐसे अपराधों पर मुकदमा चलाने में शामिल जटिलताओं को कवर नहीं करते हैं। डेटा उल्लंघनों पर बढ़ती चिंता के साथ, डेटा संरक्षण और गोपनीयता उल्लंघन के लिए विशिष्ट प्रावधान प्रदान करने में नई आपराधिक संहिता विफल रही हैं। वर्तमान आपराधिक संहिताओं में डिजिटल साक्ष्यों को एकत्रित करने,उन्हें संरक्षित करने तथा न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देशों का अभाव है,जो डिजिटल अपराधों पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक है। डिजिटल उत्पीड़न, विशेष रूप से महिलाओं और नाबालिगों को लक्षित करना,नए कानूनी ढांचे में इस संदर्भ में किए गए प्रावधान अपर्याप्त है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, साइबर उत्पीड़न के मामलों में वृद्धि हुई है। विशेष तौर पर महिलाओं के खिलाफ, परंतु नई संहिता ऐसे अपराधों के लिए कड़े दंड निर्दिष्ट नहीं करती हैं। उभरती प्रौद्योगिकियों से निपटने में कमियां हैं,नए कानून उभरती हुई प्रौद्योगिकियों से संबंधित अपराधों,जैसे कि क्रिप्टोकरेंसी घोटाले और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग को ध्यान में नहीं रखते हैं। क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी ने डिजिटल और आभासी वातावरण में अपराधों को संबोधित करने के लिए वर्तमान में एक कानूनी ढांचे की आवश्यकता को दर्शाया है। हैकिंग, आइडेंटिटी थेफ्ट और साइबर स्टॉकिंग सहित साइबर अपराध के विभिन्न रूपों को लक्षित करते हुए विशिष्ट कानून बनाने की आवश्यकता है, ताकि पीड़ितों को प्रभावी विधिक सहायता मिल सके। सूचना और संचार नेटवर्क उपयोग को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण कोरिया के अधिनियम में साइबर अपराधों के खिलाफ व्यापक प्रावधान शामिल हैं,जिसका भारत अनुकरण कर सकता है। डेटा सुरक्षा कानूनों को बेहतर बनाना: डेटा संग्रह, भंडारण और साझाकरण पर स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ डेटा गोपनीयता विनियमों को मजबूत करना। इन कमियों को प्रभावी ढंग से दूर करने के लिए व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2019 में संशोधित किया जा सकता है और आवश्यक परिवर्तन कर लागू किया जा सकता है।

न्यायालयों में डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने, प्रमाणित करने और प्रस्तुत करने के लिए मानक स्थापित करना, ताकि इसे आपराधिक कार्यवाही में यह स्वीकार्य और विश्वसनीय बनाया जा सके है। साइबर बुलिंग और डिजिटल उत्पीड़न के पीड़ितों के लिए सख्त दंड और सहायता प्रणाली प्रारंभ करना,जिसमें महिलाओं और नाबालिगों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध रोकथाम योजना एक अज्ञात रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से समर्थन द्वारा डिजिटल उत्पीड़न उपायों को बढ़ाती है। ऐसे कानून बनाना जो ब्लॉक चेन, उभरती प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करना,ताकि तकनीकी प्रगति के साथ सामंजस्य बनाए रखा जा सके। यूरोपीय संघ का सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन एक लचीला ढांचा प्रदान करता है,जो डिजिटल प्रौद्योगिकियों के विकसित परिदृश्य को संबोधित करता है। व्यापक साइबर अपराध कानूनों को शामिल करके, डेटा सुरक्षा उपायों को बढ़ाकर और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए प्रोटोकॉल को अपडेट करके,भारत एक मजबूत और उत्तरदायी कानूनी प्रणाली सुनिश्चित कर सकता है। यह विकास तेजी से डिजिटल हो रहे विश्व में नागरिकों की सुरक्षा और समाज में विश्वास, सुरक्षा और न्याय को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।

# कभी ऐसी भी हो तीज

उत्तर भारत में स्त्रियों के सबसे प्रिय, लेकिन सबसे कठिन पर्वों में से एक तीज या बड़ी तीज या हरितालिका तीज मनाई गई। औरतों ने चौबीस घंटे भूखी और प्यासी रहकर अपने पति के कुशल-क्षेम और लंबी उम्र की दुआएं करीं। व्रत की समाप्ति पर पतियों का आशीर्वाद भी लिया। वैसे यह साबित नहीं हुआ है कि पत्नियों के व्रत करने से पतियों की उम्र में इज़ाफ़ा होता है,लेकिन आस्था तो आस्था है। यह तो समझ में आता है कि किसी भी बहाने कभी-कभी उपवास कर लेना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, लेकिन जल-त्याग की परंपरा का कोई औचित्य नहीं है। घर की दोनों बहुओं और पत्नी को तीज की पूजा में व्यस्त देखकर ख्याल आया कि हमारी दुनिया में जो कुछ भी कोमल, करुण, सुखद, जीवनदायी और सुंदर है उसकी वजह औरतें ही हैं। उनके बगैर हमारी दुनिया कैसी कुरूप, कठोर और क्रूर होती, यह सोचकर डर लगता है। उनके प्रति सम्मान दिखाने के लिए क्यों न तीज की प्राचीन परंपरा को थोड़ा उलट दिया जाए।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

पत्नियों ने बहुत कर लिया,अब पति खुद तीज का व्रत करें,भूखे (प्यासा नहीं) रहें और अपनी पत्नियों के कुशल-क्षेम तथा लंबी उम्र की दुआएं करें। और हां, जैसे पति इस दिन पत्नियों को नई साड़ी, चूड़ियां और कभी-कभी गहने भेंट करते रहे हैं। पत्नियां हमें साड़ी की जगह पैंट-शर्ट और चूड़ियों की जगह कलाई घड़ी भेंट करें। गहने तो हमें नहीं चलेंगे,गहनों की जगह उनसे घर में शांति का वरदान मांग लेना ठीक रहेगा।

# न्यूनतम पेंशन की उम्मीद

24 अगस्त को केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव की घोषणा के बाद अब यूनिफाइड पेंशन योजना लागू होने जा रही है, जिसमें न्यूनतम पेंशन दस हजार देने का प्रस्ताव रखा गया है। इस प्रकार अब देश में 3 पेंशन योजना लागू होंगी। पहली पुरानी पेंशन,दूसरी एनपीएस और तीसरी यूपीएस (जो 1 अप्रैल 2025 से लागू होना प्रस्तावित है) इस योजना में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकारों के लगभग 90 लाख सरकारी कर्मचारियों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। दूसरी तरफ निजी क्षेत्र के करीब 78 लाख पेंशनर्स मात्र एक हजार पेंशन पा रहे हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यूपीएस की घोषणा के बाद ट्रेड यूनियंस ने निजी क्षेत्र की पेंशन को बढ़ावा देकर न्यूनतम पेंशन दस हजार करने की मांग उठानी शुरू कर दी है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित होने वाली इस पेंशन को बढ़ाए जाने की मांग लंबे समय से उठ रही है। आंकड़ों के मुताबिक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से करीब 8 करोड़ कर्मचारी जुड़े हुए हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ईपीएफओ से जुड़े निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए एक योजना बनाई गई थी, जिसमें उनके मूल वेतन का 30 प्रतिशत पेंशन देने की बात कही गई थी, परंतु इस मामले में अभी तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई, जो भेदभाव पैदा करती है। निजी क्षेत्र के कर्मचारी यूपीएस की घोषणा के बाद अपने हित की पेंशन योजना की उम्मीद केंद्र सरकार से कर रहे हैं।

## एक नजर

### ट्रक की टक्कर से बच्चे की मौत, माता-पिता घायल

एटा। जनपद हाथरस के थाना सिकंदराराऊ के मोहल्ला कौशगंज निवासी देवेंद्र पत्नी मिथलेश और छह वर्षीय पुत्र लकी के साथ बाइक पर थाना बागवाला क्षेत्र के गांव पलरा अपनी ससुराल जा रहे थे। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर घनश्याम के समीप पहुंचने पर उनकी बाइक में ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें गंभीर चोटें आने से लकी की मौत हो गई, जबकि देवेन्द्र और मिथलेश रूप से घायल हो

### रेलवे फाटक तोड़कर भागने वाला पिकअप चालक गिरफ्तार

कासगंज। फर्रुखाबाद रेल मार्ग पर बधारी कला के निकट रेलवे फाटक का बैरियर को पिकअप चालक टक्कर मारने के बाद फरार हो गया था। आरपीएफ ने आरोपी चालक को वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया आरोपी चालक इंद्रपाल पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम सिरावली थाना सोरों है।

### होटल मालिक पर 4.53 करोड़ हड़पने का आरोप

एटा। कोतवाली नगर में राजकमारी चैहान पत्नी अनुप सिंह चैहान निवासी अदर्श नगर एटा ने वेदप्रकाश गुप्ता निवासी चित्रगुप्त कॉलोनी गुप्ता पैलेस होटल मालिक समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजकुमारी ने बताया है कि उससे वेदप्रकाश ने चार करोड़ 53 लाख 95 हजार रुपये लिए। रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# तारीख पर कचहरी जा रहे युवक की हत्या बहनोई ने मौके से भागकर बचाई जान

## हमलावरों ने पहले कार से बाइक में टक्कर मारी, फिर धारदार हथियारों से बार किए

संवाददाता, एटा



घटना के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़ व इंसेट में मृतक विवेक। ● अमृत विचार

- दोनों पक्षों में चल रही है रंजिश पुलिस हत्या आरोपियों की तलाश में जुटी

**अमृत विचारः** रंजिश के चलते तारीख जा रहे कचहरी बाइक सवार जीजा-साले पर कार सवारों लोगों ने हमला कर दिया गया। हमलावरों ने पहले बाइक में टक्कर मारकर उन्हें जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद धारदार हथियार से वार शुरू कर दिए। जीजा ने मौके से दौड़ लगाने के बाद सुजूकी एजेंसी में घुसकर जान बचाई। जबकि साले को हमलावरों ने घेरकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद से पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है। सीसीटीवी कैमरा भी खंगाले जा रहे हैं।

थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव अंबारी निवासी विवेक कुमार (32) पुत्र गोरतन सिंह अपने जीजा ओमवीर सिंह पुत्र रामखिलाड़ी निवासी भमौरा खुर्द थाना दादों जिला अलीगढ़ के साथ शुक्रवार सुबह बाइक पर एटा कचहरी तारीख पर जा रहे थे। वे कोतवाली देहात क्षेत्र में एटा-कासगंज मार्ग स्थित सुजूकी कार एजेंसी के सामने पहुंचे होंगे। तभी तेज रफ्तार आई कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। अचानक टक्कर लगने से दोनों जीजा-साले रोड से नीचे खाई में जा गिरे। ओमवीर ने बताया कि कार के अंदर से आधा दर्जन से अधिक लोग धारदार हथियारों से लैस होकर निकले और उन दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। ओमवीर किसी तरह मौके से भागकर कार एजेंसी में घुस गया, जिससे उसकी जान बच गई। जबकि विवेक की हमलावरों ने मौके पर हत्या कर दी गई। चीख पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तब तक हमलावर वहां से फरार हो गए। अस्पताल ले जाने पर विवेक को मृत घोषित कर दिया गया।

ओमवीर ने बताया गया कि विवेक और उसका छोटा भाई अभिषेक प्राइवेट नौकरी करते थे। 22 जून 2023 को विवेक और परिवार का मोहित (18) पुत्र शिवचरन व गांव का बीटा (20) पुत्र राजकुमार जिरसिमी नहर पर नहाने गए थे। नहाने के दौरान बीटा और मोहित की मौत हो गई। शिवचरन आदि ने विवेक पर मोहित और बीटा की हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तीन-चार माह जेल में रहने के बाद दीपावली पर अदालत से विवेक की जमानत मिल गई थी। जिसका केस चल रहा था। इसके बाद विवेक का परिवार अपनी जमीन बेचकर नोएडा चला गया।ओमवीर ने बताया कि इस केस में सात तारीख पड़ी थी। विवेक तारीख करने के लिए गुरुवार रात करीब 7-8 बजे नोएडा से ओमवीर के घर भमौरा पत्नी और बच्चों के साथ आया था। शुक्रवार सुबह ओमवीर और विवेक कचहरी जा रहे थे। सुबह 9:30 बजे वे कोतवाली देहात के एटा-कासगंज मार्ग स्थित जैन मंदिर और सुजूकी एजेंसी के मध्य पहुंचे होंगे। तभी पीछे से आ रहे कार सवार लोगों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे जीजा साले खाई में जा गिरे। कार के अंदर से निकले हमलावरों ने धारदार हथियार व लाठी डंडे हमलाकर विवेक की हत्या कर दी। उसने भागकर अपनी जान बचाई।

ओमवीर ने बताया कि कार सवार लोग मिरहची से उनका पीछा कर रहे थे। ओमवीर के अनुसार हमला करने वालों में सत्यप्रकाश और टीटा शामिल है। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कार एजेंसी के सीसीटीवी कैमरे चैक किए। घटना की बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षक बृजेश कुमार सम्माानित

एटा। शिक्षक समाज की धुरी होता और शिक्षक अपने विचार, ज्ञान, आचरण,व्यवहार और कर्म के द्वारा छात्रों मे ज्ञान व शिक्षा रूपी नवाचार को प्रवाहित करता है जिससे छात्रों का भविष्य उज्जवल बनता है और छात्र अपने सपनेध्लक्ष्य को सफलता पूर्वक पूर्ण करते हैं और अपने माता पिता, गुरुजन सहित गांव, जनपद, प्रदेश व देश के साथ साथ संपूर्ण विश्व में अपना व देश का मान सम्मान बढ़ाते हैं।

शिक्षक बृजेश कुमार एटा के गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। वह जनपद के समस्त विद्यालयों से संबंधित सभी प्रकार के नवाचार, क्रिया कलापों मे अपना योगदान देते हैं। उनके योगदान के लिए पांच सितंबर को अलीगढ़ की मंडलायुक्त चैत्रा वी, मनोज कुमार गिरी संयुक्त शिक्षा निदेशक व केएस वर्मा सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) अलीगढ़ मंडल ने मंडल स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान-2024 से सम्मानित किया। सम्मान पाकर जनपद लौटने पर गांधी स्मारक इंका के प्रधानाचार्य चंद्रगीत राव, उल्फत राय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजू राम रतन, डॉ अरविंद कुमार, सुभाष चन्द्र, कालीचरन पुष्कर, सरोजा देवी, सौम्या और श्रद्धा द्वारा माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

## सार-संक्षेप

### काली नदी पुल के नीचे मिला युवक का शव



एटा। जैथरा थाना क्षेत्र के गांव नगला मोहन निवासी मनोज कुमार (28) पुत्र हवलदार सिंह गुरुवार सुबह आठ बजे घर से निकले थे। शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू कर दी, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। शुक्रवार सुबह काली नदी पुल के नीचे उनका शव पड़ा मिला। पहचान होने के बाद परिजनों को जानकारी दी गई। भाई ने हत्या की आशंका जाहिर की। पुलिस ने मौत के कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

### मारपीटकर महिला की हत्या करने का केस दर्ज

एटा। जैथरा थाने में मुकेश पुत्र महेन्द्र निवासी ढकपुरा ने राधेश्याम पुत्र अतर सिंह निवासी कैल्ठा थाना अलीगंज समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुकेश का कहना है कि 24 जुलाई को राधेश्याम अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के घर में घुस गया। गाली गलौज करते हुए मौजूद परिजनों के साथ मारपीट की। घटना में पीड़ित की पत्नी स्नेहलता को गंभीर चोटें आई थीं, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपित फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया तो कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश सचिव का स्वागत




एटा। कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग के नवनियुक्त प्रदेश सचिव राजेश यादव का पार्टी कार्यालय पर पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर रुकसाना सिद्धकी, नेमा देवी दिवाकर ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष गुंजन जैन और सावित्री दिवाकर प्रदेश सचिव ने कांग्रेस पार्टी के अनिल सोलंकी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर विनीत पाराशर प्रदेश सचिव प्रभारी अलीगढ़, अनिल सोलंकी जिलाध्यक्ष, अरुणेश गुप्ता कांग्रेसी सेवा दल, सोहन लाल वर्मा जिलाध्यक्ष राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, संजीव गुप्ता जिलाध्यक्ष सेवा दल, सुनील गौतम एडवोकेट जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस एटा, चंद्रकांत गांधी अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग एटा, राजेश चंद्र यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, सावित्री दिवाकर प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस, गुंजन जैन शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस, नेमा देवी दिवाकर, रुकसाना सिद्धिकी, निर्मला देवी दिवाकर, आनंद पाल बघेल जिला सचिव, रामनरेश यादव जिला सचिव, मुनेद्र प्रजापति जिला सचिव, जितेंद्र राना जिला सचिव, मधुरकान्त कश्यप जिला सचिव आदि उपस्थित रहे।

# खाद्य कारोबारियों को दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



प्रशिक्षण शिविर में मौजूद अधिकारी और व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर अधिकृत प्रशिक्षण दाताओं ने शुक्रवार को शहर के खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षण दिया। साथ ही उनकी ओर भी प्रशिक्षण शिविर लगाए जाने की बात कहीं है। उधर, शिविर में कारोबारियों ने कई तरह के सवाल किए।

नदरई गेट मराठा फैमिली रेंस्टोरेंट में खाद्य प्रशिक्षण हुआ। जिसमें प्रशिक्षण दाताओं ने खाद्य कारोबारियों को बताया कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे। जरा सी लापरवाही खाद्य सामग्री सेवन करने वालों की सेहत बिगाड़ सकती है। इसलिए कहीं किसी प्रकार की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। शिविर में 85 कारोबारी सम्मिलित हुए। इनमें किराना, मिठाई, केले वाले शामिल रहे। शिविर में बताया गया कि किस तरह गुणवत्ता पूर्ण खाद्य सामग्री की बिक्री करनी है और कैसे सरलता से खाद्य सामग्री उपलब्ध करानी है। कूड़े दान के प्रयोग पर सबसे अधिक बल दिया गया। साथ ही चेतावनी दी गई नियमों का सही तरह से पालन नहीं किया गया तो खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्रवाई करेगा। लापरवाही करने वालों को नोटिस दिए जाएंगे।

इस मौके पर सहायक खाद्य सुरक्षा आयुक्त सुनील कुमार, आनंद देव सहित प्रशिक्षण दाताओं एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कारोबारी मौजूद रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केंद्र पर दो वादों का निस्तारण

**एटा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण स्थापित मध्यस्थता केन्द्र पर वादों का निस्तारण किया गया। यह कार्यक्रम जिला जज के निर्देशन में आयोजित हुआ।

प्राप्त पत्रावली विनोद कुमार बनाम शिवानी आदि धारा-379, 406, 323, 504, 506 आईपीसी कोतवाली देहात एवं परिवार परामर्श केन्द्र से प्री-लिटिगेशन हेतु प्राप्त पत्रावली रुकसार बनाम रिजवान में मध्यस्थ कन्हीलाल शर्मा एवं मध्यस्थ महेन्द्रा बर्मन के साथ कमालुद्दीन अपर जिला जज के निर्देशन में प्रशिक्षु अपर सिविल जज (जूडि) आंचल मलिक, गरिमा आर्य, अर्पित त्यागी एवं मोहित कुमार द्वारा मीडिएशन कराया गया। इस पर दोनों पत्रावलियों में पक्षकारों ने साथ-साथ रहने की सहमति व्यक्त की और आजीवन साथ रहने को तैयार हो गए। अपर जिला जज ने दोनों दम्पती को समझाया। आपसी मतभेद भुलाकर अपने बहुमूल्य जीवन को हंसी-खुशी निर्वहन करें।

# वन अधिकारियों ने बच्चों संग किया पौधरोपण

संवाददाता, एटा




शिक्षक दिवस पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे और अतिथि।

**अमृत विचारः** सर्वोदय कॉलेज में शिक्षक दिवस पर वन विभाग ने पौधे लगाए। पालिकाध्यक्ष ने विद्यालय में केक काटकर सेलिब्रेट किया। शिक्षक दिवस पर पौधरोपण अभियान की धूम रही। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। वहीं, वन विभाग ने एक पेड़ गुरु के नाम लगाने का बच्चों से आह्वान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम की तर्ज पर वन विभाग ने शिक्षक दिवस पर एक पेड़ गुरु के नाम अभियान शुरु किया। इसके अंतर्गत रोहनलाल चतुर्वेदी सर्वोदय इंटर कॉलेज पहुंचे उप प्रभागीय वनाधिकारी जीतेन्द्र कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी आदित्य सक्सेना, वन दरोगा आदि ने शिक्षकों के सम्मान में बच्चों के साथ पौधरोपण किया। साथ ही इनकी सुरक्षा का संकल्प भी दिलाया। मुख्य अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष सुधा गुप्ता ने केक काटकर शिक्षकों को बधाई दी। साथ ही बच्चों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सीनियर विद्यार्थियों ने शिक्षक प्रतिनिधि बनकर अध्यापन किया। हाईस्कूल टॉपर अनुराधा राजपूत ने प्रधानाचार्य, दीपेंद्र चौहान ने उप प्रधानाचार्य की भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष सुधा गुप्ता ने विद्यालय में पौधरोपण किया। प्रधानाचार्य विजय मिश्र ने अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज गुप्ता एडवोकेट, यश सक्सेना, अनुपम द्विवेदी,आलोक शर्मा, पंकज सोलंकी, बसंत यादव, विनय कुमार, अमोल सिंह, गीता देवी, अंजलि राजपूत, निकिता,केशव, संतोष आदि प्रमुख थे।

# राज्य शिक्षक सम्मान से नवाजे गए प्रधानाचार्य भूपेन्द्र कुमार का स्वागत



प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार के स्वागत में एकत्र शिक्षक।

संवाददाता, कासगंज

अमृत विचारः श्री सूरज प्रसाद डांगा सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व सह प्रदेश निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार सिंह को शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। इस शिक्षकों ने उनका स्वागत किया।

इस पर उप प्रधानाचार्य बृजेश चन्द्र पांडेय ने भूपेन्द्र कुमार सिंह को पटका पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक संतोष कुमार माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष दीपराज, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कौशल साहू, उप प्रधानाचार्य बृजेश चन्द्र पाण्डेय, शैक्षिक प्रमुख विपिन कुमार, मनीष राणा, करन सिंह आदि रहे।

# धूमधाम से मनाया वराह जी का प्रकटोत्सव

संवाददाता, सोरों जी



वराह मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- दुग्धाभिषेक के बाद हुआ हवन यज्ञ, लगाए गए छप्पन भोग

**अमृत विचारः** तीर्थ पुरोहितों द्वारा श्री वराह का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वराह भक्त समिति के तत्वावधान में वराह जी की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने विधि विधान पूर्वक हवन पूजन किया। वराह जी के मंदिर पर फूल बंगला एवं छप्पन भोग सजाया गया। फूल बंगला एवं छप्पन भोग के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

हरि की पौड़ी स्थित भगवान वराह मंदिर पर सुबह से ही वातावरण भक्तिमय था। श्रद्धालु भगवान वराह के जयकारे लगा रहे थे। मौका था भगवान वराह की जयंती का। पुरोहितों द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान वराह की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक किया। वराह मंदिर के प्रमुख पुजारी विध्यानंदन गिरि एवं सेवायक नरेश त्रिगुनायत ने विधिविधान पूर्वक पूजा अर्चना कराई।मंदिर में विधि विधान पूर्वक हवन पूजन का आयोजन किया। श्रद्धालुओं ने भगवान वराह मंदिर पर प्रसाद वितरित किया। भगवान वराह मंदिर पर जयंती के चलते श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ रही। भगवान बारह के महामंडलेश्वर आशुतोष आनंद गिरि, महाराज विदैहानंद ,नरेश तिगुनाईत, मुकेश निर्भय, सिम्मा, रिपुदमन सिह, रामेश्वर दयाल महेरे, विवेक राजपूत, डीएस लोधी, तन्नू पाराशर, अंग्रेज महेरे,सोनू तिवारी सहित बडी संख्या लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने वृद्धाश्रम में सीसी टीवी कैमरे लगाने के दिए निर्देश



वृद्धा आश्रम का निरीक्षण करतीं डीएम मेधा रूपम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगं

- स्वास्थ्य विभाग ने वृद्धाश्रम में मेडिकल कैंप आयोजित किया

अमृत विचारः डीएम ने सहावर गेट नई हवेली स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित मेडिकल कैम्प का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने वृद्धाश्रम में बना खाना खाकर चेक किया। उन्होंने आश्रम के बुजुर्गों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। डीएम ने आश्रम में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने व सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दि।

डीएम मेधा रूपम ने वृद्धाओं का हालचाल पूछा और वहां उपस्थित आश्रम के संपादक को निर्देश दिये कि आश्रम में जितने भी बुजुर्ग निवास कर रहे हैं उनका समय समय पर देखभाल उनकी जांच एवं प्रतिदिन थर्मल स्कैनिंग के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधित सभी जानकारियां लेते रहें। उन्होंने कहा कि नाश्ता, भोजन, दवा व सभी सामान बुजुर्गों को समय पर उपलब्ध कराया जाए, जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्धाश्रम का समय-समय पर निरीक्षण करते रहे ।जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी की तरफ से वृद्धा आश्रम में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया।

## विकास पर चर्चा

### हंगाके के बीच कई प्रस्ताव पास, दो सभासद बैठक का बहिष्कार कर सदन से चले गए

# हंगामेदार रही गंजडुंडवारा नगर पालिका बोर्ड की बैठक

संवादददाता, गंजडुंडवारा



गंजडुंडवारा नगर पालिका में बोर्ड की बैठक में एसडीएम, ईओ व सभासद।

**अमृत विचार :** गंजडुंडवारा नगर पालिका बोर्ड की बैठक के दौरान जमकर हंगामा हुआ। हालांकि एसडीएम की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक में हंगामे के बीच कई प्रस्ताव पास हुए। बैठक के दौरान नगर पालिका परिसर में पुलिस बल तैनात रहा।

गंजडुंडवारा नगर पालिका में 25 सभासद हैं, जिनमें 23 सभासद बोर्ड की बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान कई सभासदों द्वारा अपनी मांगो को लेकर हंगामा किया। आले इमरान, मनोज कुमार, रवि शाक्य सहित नौ सभासदों को बैठक का एजेंडा शुक्रवार को ही प्राप्त होने पर उनके वार्डों में विकास कार्य न कराए जाने से नाराज थे। इन सभी सभासदों ने बैठक में उपस्थित रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने से इंकार करते हुए बोर्ड बैठक का बहिष्कार कर दिया और सभागार से बाहर चले गये। एसडीएम कुलदीप सिंह के आदेश पर अधिशासी अधिकारी द्वारा बैठक के संचालन हेतु 14 सभासदों की उपस्थिति होने पर एजेंडा में शामिल विकास प्रस्तावों को रखा गया ।लेखाकर श्रीकांत शर्मा ने बैठक की कार्वाई पढ़कर सुनाई। इसके बाद आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। पालिका बोर्ड बैठक में पालिकाध्यक्ष हाजी मुनब्बर हुसैन ने एजेंडा में शामिल भवन व भूमि के वार्षिक कर, 39 मदों पर शुल्क लगाए जाने का प्रस्ताव अगली बैठक हेतु विचारार्थ रखा। प्रकाश व्यवस्था हेतु स्काई लिफ्ट क्रय किए जाने, स्वच्छता विभाग में छोटे ट्रैक्टर पर लोडर क्रय करने के प्रस्ताव रखे गए, जो सर्वसम्मति से पारित हो गए।

वहीं, 14 सभासदों ने वार्ड में विकास से संबंधित प्रस्ताव सदन में रखे। जिन्हें अगली बैठक में विचार हेतु रख लिया गया ।बैठक की अध्यक्षता कर रहे पालिकाध्यक्ष हाजी मुनव्वर हुसैन ने कहा कि प्रस्तावित बजट से वेतन, पेंशन, एरियर और कर्मचारियों के सभी देयों का भुगतान किया जाएगा। इसके बाद जो धनराशि बचेगी उससे कस्बे में विकास कार्य कराया जाएगा। उन्होंने सभासदों से अपील की है कि कस्बे के विकास के लिए अपने सुझाव सदन में रखते रहें और विकास में सहभागी बनें। इस दौरान जेई हेमन्त यादव, कैशियर गंगा प्रसाद शाक्य व सभासद उपस्थित रहे।

### नासिर बेगम के हस्ताक्षर को लेकर हुआ हंगामा

बैठक में सभासद नासिर बेगम देरी से पहुंची। मगर उनके पहुंचने से पहले ही उनके हस्ताक्षर उपस्थिति रजिस्टर पर अंकित थे ।इस पर सभासदों द्वारा फर्जी हस्ताक्षर की जांच की मांग की गई। जिसके बाद एसडीएम कुलदीप सिंह द्वारा बैठक में एक-एक करके हस्ताक्षर की जांच की गई। एक सभासद द्वारा नासिर बेगम के कॉलम में गलती से हस्ताक्षर कर दिया जाना पाया गया ।इसके बाद सभासद शांत हो गए।

# विधवाओं की मदद करना सबसे बड़ा पुनीत का कार्य



विधवाओं को सम्मानित करते भारतीय खटीक समाज जागृति महासभा के पदाधिकारी।

संवाददाता, पटियाली

- भारतीय खटीक समाज जागृति महासभा ने सम्मान समारोह आयोजित कर वस्त्र वितरित किए

**अमृत विचारः** शिक्षक दिवस के अवसर पर गांव कुढ़ा में भारतीय खटीक समाज जागृति महासभा के पदाधिकारियों ने समारोह आयोजित कर विधवा महिलाओं को सम्मानित किया। उन्हें अंग वस्त्र भेंट किए।

सम्मान समारोह की अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने की। महासभा के जिला उपाध्यक्ष यशवीर सिंह ने कहा कि विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को चिह्नित कर अंग वस्त्र व साड़ियां वितरण की गईं। महासभा लगातार समाज के हित में काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने समाज के लोगों को एकजुट करने का आह्वान किया। कश्मीर सिंह ने कहा की बेटी-बेटा एक समान होते हैं। अशोक कुमार ने समाज के लोगों को नशा से मुक्त रहने की नसीहत दी। वहीं, रामकिशोर व यशवीर सिंह ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को समझाते हुए संगठित रहो, संघर्ष करो और शिक्षित बनो। इस मौके पर संतोष, सुशीला, सत्यवती, शारदा, मुन्नी देवी, कृष्णा, अनीता, चिन्ता, श्री देवी, रामवती, अमरवती आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर

### खनन अधिकारी ने मिट्टी भरी ट्राली को किया सीज

कुंवर गांव। खनन अधिकारी ने ग्राम दुगरइया के पास मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया और थाने लाकर उसे सीज कर दिया है। खनन अधिकारी ने बृज बिहारी ने बताया कि नियमानुसार किसान अपने खेत से मिट्टी उठाकर अपने प्लाट में ही डालेगा, लेकिन यहां ऐसा नहीं किया जा रहा है। परमीशन के नाम पर खेल किया जा रहा है। परमीशन में न ही चालक का लाइसेंस भी नहीं लगाया जा रहा है। नाबालिग भी मिट्टी लदी ट्रालियों को दौड़ा रहे हैं। बताया कि मिट्टी लदी ट्राली सीज की गई है। मिट्टी कहां से उठ रही थी और कहां डाल रहा था इसकी जानकारी की जा रही है। थाना उघैती में अवैध खनन में लिप्त एक ट्रैक्टर ट्राली को एसडीएम ने पकड़कर सीज कर दिया। क्षेत्र में भ्रमण को निकले बिल्सी एसडीएम प्रवर्धन शर्मा ने ने मेवली रोड पर बालू से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ लिया और सीज कर दिया।

### स्नातक में 10 तक प्रवेश ले सकेंगे महाविद्यालय

बरेली। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए महाविद्यालयों को 10 सितंबर तक का मौका दिया है। महाविद्यालयों को पंजीकृत छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित कर सीट लॉक करनी होगी। कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक 30 और 31 अगस्त को पुलिस भर्ती परीक्षा होने की वजह से अधिकांश राजकीय और सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में प्रवेश नहीं पाए, इसकी वजह से सभी चरणों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वालों के लिए एक और मौका दिया गया है।

### अवैध संबंधों में हुई एक्सरे मैकेनिक की हत्या

आगरा। एक्स रे मशीन मैकेनिक की हत्या अवैध संबंधों में हुई। पुलिस ने हत्याकांड का 12 घंटे में ही खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दंपति को गिरफ्तार किया है। मृतक के आरोपी की पत्नी से अवैध संबंध हो गए थे। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि इटौरा के रहने वाले जितेंद्र का शव रोहता में प्राथमिक स्कूल के पास खेत में मिला। पुलिस ने जांच की तो ताराचंद अग्रवाल का नाम सामने आया। पुलिस ने मृतक के मोबाइल, आईडी कार्ड उसके घर से ही बरामद किये। ताराचंद ने जितेंद्र से कुछ पैसे उधार लिये थे। जितेंद्र रुपये लौटाने के लिए दबाव बना रहा था। इस बीच उसके ताराचंद की पत्नी से प्रेम संबंध हो गये। ताराचंद ने अपने सालों के साथ मिलकर जितेंद्र की हत्या कर दी।

# एसएसपी कार्यालय में युवती ने की आत्मदाह की कोशिश

## ग्राम प्रधान पर लगाए छेड़खानी समेत कई आरोप, पुलिस को भी घेरा

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** एसएसपी कार्यालय में एक युवती ने डीजल डालकर आग लगाने की कोशिश की। युवती का आरोप है कि उसके गांव के प्रधान ने रंजिश में उसके और उसके परिवार के खिलाफ कई फर्जी केस दर्ज करा रखे हैं। उसकी बहन से छेड़खानी भी की जा चुकी है। साठगांठ की वजह से मीरगंज पुलिस उसकी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

वकील की यूनिफार्म पहने मीरगंज के एक गांव की युवती शुक्रवार को बहन के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंची। प्रार्थना पत्र लिए दोनों कुछ इधर-उधर घूमती रहीं। इसके बाद कार्यालय के बाहर युवती ने चीखते हुए बैग से डीजल भरी बोतल निकाली

> युवती को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। उसके प्रार्थना पत्र में जो भी शिकायतें हैं, उनकी जांच कर कार्रवाई के निर्देश मीरगंज पुलिस को दिए हैं।
> – पंकज श्रीवास्तव, सीओ प्रथम

और अपने ऊपर उड़ेलनी शुरू कर दी। यह देखकर पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। कुछ पुलिसकर्मियों ने उसके हाथ से डीजल भरी बोतल छीनी। फिर उसे कार्यालय के अंदर ले गए। कुछ ही देर बाद पहुंची महिला थाने की पुलिस उसे थाने ले गई और पूछताछ की।

युवती ने आरोप लगाया कि उसने गांव के प्रधान के खिलाफ बाल मजदूरी कराने की शिकायत की थी। इसी रंजिश में 24 अगस्त को शाम 6 बजे प्रधान के साथियों ने उसे अपनी

- **महिला थाना पुलिस ने की पूछताछ, शिकायतों की होगी जांच**

मां और बहन के साथ खेत से लौटते वक्त रास्ते में रोक लिया। उसकी बहन से छेड़खानी करते हुए जमीन पर गिरा दिया। शोर सुनकर लोग पहुंचे तो तेजाब डालने और दुष्कर्म की धमकी देकर भाग निकले। उसी रात फिर तमंचे और तलवार लेकर उसके घर में घुसे। यूपी 112 पर कॉल करने पर पुलिस पहुंची तो भाग गए। मीरगंज पुलिस ने उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की। युवती ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने पुलिस से साठगांठ कर उसके, उसकी दोनों बहनों, भाई और मां के खिलाफ झूठे केस दर्ज करा दिए हैं। वह केस वापस कराने की मांग करने एसएसपी से मिलने पहुंची थी।

# जुलूस-ए-मोहम्मदी में नहीं गूंजेगा डीजे का शोर

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** इस बार जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी पर डीजे का शोर नहीं गूंजेगा। दरगाह, खानकाह और अंजुमनों के पदाधिकारियों ने इस बार सख्त रुख अपनाया है। अंजुमनों की शुक्रवार को बैठक में एकराय से निर्णय लिया गया कि डीजे वाली अंजुमनें जुलूस-ए-मोहम्मदी का हिस्सा नहीं बनेंगी और उनका बहिष्कार किया जाएगा।

अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लिम के तत्वाधान में 15 सितंबर को पुराने शहर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा। बजरिया इनायतगंज स्थित एक बारात घर में शुक्रवार को अंजुमनों के अध्यक्षों और सचिवों की बैठक हुई। नवाब मुजाहिद हसन खान

- **अंजुमनों के पदाधिकारियों ने बैठक में एकमत डीजे के बहिष्कार का लिया निर्णय**

की अध्यक्षता में हुई बैठक में पिछले जुलूस में होने वाली परेशानियों पर चर्चा की गई। सभी ने डीजे को जुलूस में बड़ी खलल माना और तय किया कि इस बार डीजे वाली अंजुमन का बहिष्कार किया जाएगा। कमेटी के महासचिव अंजुम शमीम ने बताया कि डीजे रोकने के लिए बरेली की खानकाहों के जिम्मेदारों और मस्जिदों के इमामों को खुलकर सामने आना चाहिए। अपने इलाके से निकलने वाली अंजुमन के जिम्मेदारों को समझाया जाए। पुलिस-प्रशासन से इस संबंध में मुलाकात कर डीजे रहित जुलूस निकालने का इरादा जताया। टीएस बरेलवी ने बैठक का संचालन किया।

**एमएससी पादप विज्ञान की दूसरी काउंसिलिंग 9 को :** बरेली : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में एमएससी पादप विज्ञान की रिक्त सीटों पर दूसरी काउंसिलिंग 9 सितंबर को होगी। एक जनरल, दो ओबीसी, एक एससी और दो ईडब्ल्यूएस के अलावा बढ़ाई गई 10 सीटों पर प्रवेश होंगे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग के कार्य को IREPS के माध्यम से विभिन्न स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई–बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 25.09.2024 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2792/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सूचना**

सूचित किया जाता है कि फर्म–फर्म मैसर्स रत्नप्रिया ट्रांसपोर्ट, मोहल्ला परा, फरीदपुर बरेली यू.पी. 243503 पंजीकरण संख्या : BAR/0012885 फर्म में 03 साझेदार –ज्योति पाण्डेय, रामनिवास, मोहम्मद सादाब खाँ थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 24.06.2024 को फर्म में दो नये साझेदार बल्विन्दर सिंह खेरा, असलम खाँ शामिल किये गये है तथा फर्म से दो साझेदार रामनिवास, मोहम्मद सादाब खाँ दिनांक 06.03.2024 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब–किताब चुकता हो गया है, साझेदार का फर्म/साझेदारों पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन–देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 03 साझेदार ज्योति पाण्डेय, बल्विन्दर सिंह खेरा, असलम खाँ है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी है।

**ज्योति पाण्डेय, साझेदार**
**रत्नप्रिया ट्रांसपोर्ट, बरेली उ.प्र.**



**कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत**

पत्रांक: 54/न.प.गु.भ./2024-25 **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 04.09.2024

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य सेक्टर के पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्यो की निविदा आमंत्रित की गयी है। जिसके लिए ई–निविदा प्रपत्र उ.प्र. की ई–प्रक्योरमेंट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

नोट:– यदि निविदा की खोलने की तिथि में अगर अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| बिड प्रकाशित होने की तिथि | 06.09.2024 | प्रात: 11:30 बजे से |
| ऑनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि | 06.09.2024 | प्रात: 11:40 बजे से |
| बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 13.09.2024 | अपराहन 12:00 बजे तक |
| बिड खुलने की तिथि | 13.09.2024 | अपराहन 02:00 बजे से |

**अधिशासी अधिकारी** — **नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा**
**अध्यक्ष** — **नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा**


# सागर ताल में फिर से नौका विहार को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओंकार सिंह के नेतृत्व में इस्लामनगर स्थित सीएससी केंद्र पर असुविधाओं को दूर करने व नवादा स्थित सागर ताल में नौका विहार पुनः संचालन करने की मांग को लेकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देते हुए ओमकार सिंह ने कहा कि वर्तमान में कस्बा इस्लामनगर की आबादी लगभग 80, हजार है, जबकि क्षेत्रीय आबादी लगभग 2 लाख 50 हजार से ऊपर है। परन्तु इस्लामनगर में कोई भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है। जिलाधिकारी को बताया कि सागर ताल की दरगाह स्थित ताल में नौका विहार का संचालन शुरू किया गया था। जिससे नाव चलाने वालों के परिवारों का भरण पोषण भी होता। यह बंद करा दिया गया। नौका विहार के बंद होने से



डीएम निधि श्रीवास्तव को ज्ञापन देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह।

दरगाह के आस पास भी गंदगी का अंबार लगने लगा है।

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सीएचसी के पुनः संचालन कराने की बात कही, तथा सिटी मजिस्ट्रेट से मौका मुआयना कराकर पुनः नौका विहार संचालन का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर इस्लामनगर अध्यक्ष यूनुस सकलैनी, बाबू चौधरी, अनुराग शर्मा, यूनुस अली, मुनेंद्र कनौजिया, सलमान, शीला देवी, पूनम देवी, आशा देवी, रामावतार, अकील अहमद, आदि रहे।

# हत्या की कोशिश के दोषी को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** छत से फेंककर चोटिल करने, हत्या की कोशिश करने के छह साल पुराने मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए जिला सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार अग्रवाल ने सात साल का कारावास और सात हजार जुर्माने की सजा सुनाई है।

उसहैत थाना क्षेत्र के वादनी मुकदमा संजीदा आलम ने 27 मई 2018 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरीर में उन्होंने बताया कि वह दो बहनें हैं। महिला का चचेरा भाई सहजुद्दीन महिला

- **शुक्रवार को कोर्ट ने सुनाया फैसला, दोषी पर सात हजार रुपये लगाया जुर्माना**

की पैतृक संपत्ति पर बुरी नजर रखता है। संपत्ति के चलते कई बार महिला की मां और पति से झगड़ा कर चुका है। जमीन अपने नाम कराने का दवाब बनाता रहता है।

21 मई 2018 दोपहर लगभग 12 बजे महिला अपने पति, बच्चे, मां मुनीजा बेगम के साथ छत पर सो रही थी। आरोपी लाठी-डंडे लेकर छत पर चढ़ आया। जान से मारने की नीयत से मुनीजा बेगम को छत से नीचे फेंक दिया। परिवार के इस्लियस उर्फ बादशाह को लाठी से पीटा। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की। साक्ष्यों को संकलित करके कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। तब से मामला न्यायालय में विचाराधीन था। शुक्रवार को न्यायाधीश ने डीजीसी क्रिमिनल अनिल कुमार सिंह राठौर और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद आरोपी सहजुद्दीन को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

### प्रशांत सिंह अटल एडवोकेट का किया गया स्वागत

**दातागंज, अमृत विचार :** तहसील बार वेलफेयर एसोसिएशन तहसील दातागंज में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं वरिष्ठ वक्ता प्रशांत सिंह अटल एडवोकेट लखनऊ के बार भवन में प्रथम बार आगमन पर अध्यक्ष दिनेश कुमार सक्सेना ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

बार काउंसिल में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रशांत सिंह अटल ने दी। उन्होंने अधिवक्ता हित में पुन: एक बार प्रथम वरीयता का वोट देने की अपील अधिवक्ता साथियों से की, इस अवसर पर मोहम्मद रहुफ अंसारी पूर्व सचिव, अजय कुमार गुप्ता पूर्व महासचिव, दिनेश कथेरिया बहोरन सिंह यादव, आशा दिक्षित, सुरेश पाल सिंह, अजीत कुमार सिंह, संदीप सिंह, विनय कुमार सिंह, सहित तहसील के अधिकांश अधिवक्ता मौजूद रहे।

### खनन माफिया ने बदला रास्ता

ककराला। पिछले दिनों खनन अधिकारी ने बालू लदे दो ट्रैक्टर सीज किए थे। उसके बाद भी मुहम्मदगंज से खनन माफिया बालू लेकर आ रहे हैं। अब खनन माफिया ने रास्ता बदल दिया है। मुहम्मद गंज से ककराला आने की बजाय बेहटा डम्मर से गभ्याई होते हुए सखानू की ओर आ रहे हैं। पुलिस मौन साधे है।


**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज**

पत्रांक– के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/2456–60/2024–25 दिनांक – 06.09.2024

**निविदा सूचना**

शासनादेश सं0 1553(1)/68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ, दिनांक 11 दिसम्बर 2020 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक के0जी0बी0वी0/11308/2022–23 दिनांक: 14.02.2023 द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी महोदय, कन्नौज द्वारा प्रदत्त अनुमति के उपरान्त कार्यालय के पत्रांक के0जी0बी0वी0/ स्टॉफ चयन/6639–44/2023–24 दिनांक 12.02.2024 के द्वारा जनपद में संचालित 05 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों हेतु पूर्ण कालिक शिक्षिका /अंश कालिक शिक्षिका/उर्दू शिक्षिका/मुख्य रसोइया / सहायक रसोइया / चौकीदार के रिक्त पदों को भरने हेतु दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण, अमर उजाला एवं अमृत विचार में निर्गत विज्ञप्ति के अनुसार उक्त पदों हेतु आवेदन करने वाले समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 12.09.2024 को समय 11:00 AM पर हर्षवर्धन सभागार विकास भवन कन्नौज में अपने अभिलेखों की जाँच/काउंसिलिंग / साक्षात्कार हेतु मूल अभिलेखों एवं उनकी 02 छायाप्रतियों सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि एवं समय पर उपस्थित न होने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र को स्वत: निरस्त माना जायेगा, जिस पर भविष्य में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**(रोहित कुमार)** जिला समन्वयक (बा0शि0) समग्र शिक्षा कन्नौज
**(संदीप कुमार)** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कन्नौज


# उपचारात्मक शिक्षण मॉड्यूल प्रशिक्षण का हुआ समापन



शिक्षक को प्रशस्ति पत्र देते प्रशिक्षक।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** श्री कृष्णा इंटर कॉलेज में चल रहे पांच दिवसीय उपचारात्मक प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन पर शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र सौंपे गए।

पांच दिनों तक चले प्रशिक्षण में माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों को संबंधित विषयों के साथ सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन तथा डिजिटल लाइब्रेरी के प्रयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय के कमजोर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। मुख्य अतिथि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य केसी यादव ,जिला समन्वयक चन्द्र भान द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। इस मौके पर अमित शर्मा, दिलशाद बेग, सुरेन्द्र कुमार, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

### बाबा इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों का हुआ वैक्सीनेशन

**बिल्सी, अमृत विचार :** बाबा इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को जैपनीज इन्सेफेलाइटिस टीकाकरण अभियान चलाया गया। उद्देश्य बच्चो को जापानी के संक्रमण तथा मच्छर जनित वायरस से बचाना है। प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी, डब्ल्यू.एच.ओ. से नरेन्द्र कुमार, चाइल्ड केयर मुकेश कुमार, तथा एम.ओ.आई.सी. सर्वेश यादव की मौजूदगी में डा. प्रगति पाठक, डा. अनुराधा, डा. अनिल तथा संगीता भारती, स्नेहलता, दीपा, सपना सक्सेना, तनयम गौड़, आरती, साक्षी सक्सेना, रेनू, संगीता शाक्य ने सभी बच्चों का टीकाकरण किया।

### अमूल्य धरोहर के रूप में होता है शिक्षकों का श्रेष्ठ ज्ञान

**बदायूं।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में बाल संस्कारशाला की ओर से कैंप कार्यालय पर शिक्षक–शिक्षिकाओं को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान से विभूषित किया गया। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के जीवन भर का तप, त्याग, श्रेष्ठ ज्ञान और संस्कार शिष्यों को अमूल्य धरोहर के रूप में मिलते हैं। शिक्षक अनुज सक्सेना, मनोज कुमार सिंह, सुधा मिश्रा, मनीष कुमार आदि को गायत्री मंत्र का पटका और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भवेश शर्मा, मृत्युंजय शर्मा, हेमंत, सौम्या, दीप्ति आदि मौजूद रहीं।

# मुर्गियों में कमजोरी रोकेगा 'कैरी कॉक्सीक्लीन'

**बरेली, अमृत विचार:** मांस के लिए पाली जाने वाली ब्रॉयलर मुर्गियों में कोक्सिडियोसिस बीमारी की रोकथाम के लिए केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (कैरी) के वैज्ञानिकों ने उत्पाद तैयार किया गया। वैज्ञानिकों ने इसे कैरी कॉक्सिक्लीन नाम दिया है।

वैज्ञानिक डॉ. गौतम कोल्लूरी ने बताया कि कोक्सिडियोसिस एक परजीवी रोग है जो मुर्गियों, बत्तखों और अन्य पक्षियों को प्रभावित करता है। यह रोग कोक्सिडिया नामक एक प्रोटोजोआ से होता है जोकि आइमेरिया प्रजाति का है। कोक्सिडिया एक एककोशिकीय जीव है जो मुर्गियों की आंत में रहता है और वहां पर भोजन और पानी को अवशोषित करता है। इससे मुर्गियों को दस्त, उल्टी, कमजोरी और वजन कम होने जैसी समस्याएं होती हैं। गंभीर मामलों में कोक्सिडियोसिस से मुर्गियों की मौत भी हो सकती है। यह बीमारी ज्यादातर युवा मुर्गियों को होती है। उन्होंने बताया कि उत्पाद नेचुरल तरीके से तैयार किया गया। पेटेंट प्रक्रिया की वजह से अभी उत्पाद में सामग्री की जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती। संस्थान के निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि संस्थान के वैज्ञानिक कम लागत में दुगुनी आय की दिशा में काम रहे हैं। कैरी कॉक्सिक्लीन के जरिए मुर्गियों को खतरनाक बीमारी से बचा सकती है।


**शुद्धि पत्र**

सूचित किया जाता है कि दैनिक अमृत विचार में दिनांक 25.08.2024 के अंक में ग्राम पंचायत मोहनपुर उर्फ रामनगर का विज्ञापन प्रकाशित हुआ था जिसमें त्रुटिवश विकास खंड भोजीपुरा प्रकाशित हो गया है। **कृपया सुधारकर विकास खंड बिथरी चैनपुर पढ़ा व समझा जाये।**

**प्रधान-बादाम सिंह सचिव-छवि पटेल**



**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय तहसील लखीमपुर जिला लखीमपुर–खीरी**

ता. पेशी 11.09.2024 वाद सं. 225/2023

अदालत मुकाम तह. लखीमपुर मुद्दई धारा- 24 (I) राजस्व संहिता ग्रा. छाउछ, परगना तह. लखीमपुर जिला खीरी बनाम ओमप्रकाश आदि बनाम

1. भोला पुत्र परवन 2. नत्थू पुत्र इतवारी 3. रामसिंह पुत्र श्याम बिहारी 4. रमेश पुत्र श्याम बिहारी 5. प्रकाशनाथ पुत्र काशीनाथ 6. रामसागर पुत्र स्वामी दयाल 7. मानसिंह पुत्र साहबदीन 8. गंगा पुत्र पुत्तू लाल 9. सरला देवी पत्नी रमेश चन्द्र 10. ग्राम सभा छाउछ 11. कढ़िले पुत्र बिहारी 12. राजपाल पुत्र बिहारी निवासीगण- ग्राम छाउछ परगना खीरी तहसील लखीमपुर जिला लखीमपुर खीरी 13. शिव कुमार पुत्र कंधई नि. ग्राम. उसरी, परगना, कस्ता- तहसील मितौली, जिला लखीमपुर खीरी 14. गुरूप्रसाद पुत्र लल्लू राम नि. ग्राम नीमगांव परगना चैला तहसील मितौली जिला लखीमपुर खीरी 15. कमला देवी पत्नी हंसराम 16. संजय कुमार पुत्र हंसराम नि. ग्राम छाउछ, परगना खीरी तहसील- लखीमपुर जिला लखीमपुर खीरी

बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बावत का लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आज बतारीख 11.09.2024 बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा से हालात बाकई से वाकिफ किया गया हो और जो कुछ अमूर अहम मुतालका मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर हूजिए और जवाबदेही दावा की कीजिए और हरमाह वही तारीख जो आपको हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाहों की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों उसी रोज पेस कीजिए। और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मसकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा। मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 05.09.2024 को जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय लखीमपुर खीरी**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर**

पत्रांक : 2834/12ए दिनांक: 03/09/2024

**ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**
**(तृतीय आमंत्रण)**

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 शाहजहाँपुर के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑनलाइन ई–निविदा दिनांक 11.09.2024 से दिनांक 17.09.2024 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 17.09.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0) | बिड सिक्युरिटी (लाख रू0) | टेण्डर फीस व स्टेशनरी चार्ज+जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण करने का समय | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सामान्य मरम्मत के अन्तर्गत पूल्ड हाउसिंग कालोनी टाईप–2, टाईप–3 एवं टाईप–4 के आवासों की मरम्मत का कार्य। | 25.00 | 2.50 | रू0 944.00 | 09 माह | (ए,बी,सी,डी) भवन कार्य |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

**(महेन्द्र कुमार पाल)**
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहांपुर

UP – 219141 दिनांक 05.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।


### 480 लेखपाल-कानून गो का 9 से प्रशिक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** मंडल के बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत जिले को मिले नव नियुक्त 480 लेखपालों और कानून–गो को 9 सितंबर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सभी का एक साल तक प्रशिक्षण चलेगा और इसके बाद उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। दरअसल, राजस्व विभाग में लेखपालों की भारी कमी की वजह से लोगों के काम समय से नहीं हो पाते हैं। भर्ती हुए लेखपालों को पिछले महीने नियुक्ति पत्र दिए गए थे। मंडल के चारों जिलों में 480 लेखपाल और प्रोन्नत कानून–गो हैं, जिन्हें प्रशिक्षण दिलाने के लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। 9 सितंबर से नवाबगंज में प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिया जाएगा। एडीएम प्रशासन दिनेश ने बताया कि यह प्रशिक्षण एक साल तक चलेगा। रोस्टर के अनुसार प्रशिक्षण की प्रक्रिया को पूरा कराया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए काबिल तहसीलदारों का चयन किया जाएगा। जिले के अलावा मंडल से भी कई तहसीलदारों को प्रशिक्षण के कार्य में लगाया जाएगा।


**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर, जिला–खीरी**

**ई–निविदा सूचना**

मिल समिति में वर्ष 2024-25 में विभिन्न जॉब कार्यो से सम्बन्धित ई-बिड निविदायें दिनांक 06.09.2024 से दिनांक 23.09.2024 को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदायें www.etender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर देखी जा सकती है। **प्रधान प्रबन्धक**


# कुत्ता काटने के नौ महीने बाद महिला की मौत

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** कुत्ते के काटने के नौ महीने बाद एक महिला की रैबीज से मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग की आईडीएसपी सेल को इसकी भनक तक नहीं लग पाई, जबकि उसकी जिम्मेदारी ही गंभीर संक्रमण से ग्रसित मरीजों के बेहतर इलाज और स्वस्थ होने तक निगरानी की है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार शेरगढ़ निवासी महिला को नौ महीने पहले कुत्ते ने काटा था, लेकिन इसके बाद उसने वैक्सीनेशन नहीं कराया। रैबीज के लक्षण दिखने के बाद कई महीने से उसका निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा था। हालत गंभीर होने पर 3 सितंबर को उसे जिला अस्पताल लाया गया। रैबीज के गंभीर लक्षण होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर किया गया लेकिन परिजन उसे घर ले गए जहां 4 सितंबर को महिला की मौत हो गई।

महिला की हालत गंभीर होने की जानकारी जिला अस्पताल प्रबंधन ने ही आईडीएसपी को दी। इसके बाद आईडीएसपी प्रभारी ने उसके इलाज के बारे में जानकारी ली। आईडीएसपी प्रभारी डॉ. मीसम अब्बास का कहना है कि महिला की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। वह जिस ब्लॉक की रहने वाली थी, वहां के एमओआईसी को भी रिपोर्ट देने को कहा गया है।


**कार्यालय नगर पंचायत कलीनगर (पीलीभीत)**

पत्रांक: / न.प.क./2024-25 **नोटिस** दिनांक: 05.09.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत कलीनगर (पीलीभीत) के कर निर्धारण पंजी में पंजीकृत वसीयत / विक्रय पत्र / बारिसान / अन्य के आधार पर निम्नप्रकार परिवर्तन कराना चाहते हैं, अत: नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो वह व्यक्ति लिखित में साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तदानुसार परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी। विवरण निम्न प्रकार है:–

| भवन सं. | मोहल्ले का नाम | वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति स्वामी विक्रेता का नाम | प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 171 | वार्ड–10 | श्री जुगल किशोर पुत्र रामसरन | श्री यासीन पुत्र सालिम मोहम्मद | रजिस्ट्री |
| 106 | वार्ड– 05 | श्रीमती पार्वती पत्नी रामपाल | श्रीमती नीलम पत्नी ताराचन्द्र | रजिस्ट्री / दानपत्र |
| 108 | वार्ड– 07 | श्री रियासत अली पुत्र अब्दुल वहाव | श्री नौशाद अली पुत्र रियासत अली<br>श्री इरशाद पुत्र रियासत अली | वारिसान प्रमाण पत्र |
| | वार्ड– 10 | अनाम सम्पत्ति | श्री मो. नवी पुत्र अब्दुल गनी<br>श्री तुफैल अहमद पुत्र नजीर अहमद<br>श्री कलीम पुत्र हवीब | रजिस्ट्री |

**अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कलीनगर, पीलीभीत**



**कार्यालय–अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल बरेली**
**पता :–निकट डी0एम0 कम्पाउण्ड, स्टेशन रोड, बरेली।**

पत्रांक: 551/ग्रा0अ0वि0/निविदा–बरेली/ई–टेण्डर/2024–25/ दिनांक:– 02.09.2024

**–:: ई–प्रक्योरमेन्ट सूचना (तृतीय निविदा आमंत्रण) ::–**

1. महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग बरेली परिमण्डल बरेली के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 मे 'ए' श्रेणी भवन में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र मे अंकित एस0बी0डी0 के अन्तर्गत न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तो का भली–भाँति अध्ययन कर लें।

**2. कार्य से संबंधित विवरण निम्नवत् है–**

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) जी.एस.टी. रहित | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य+ स्टेंशनरी+ जी0एस0टी0 रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बरेली | कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय परिसर, क्यारा में एकेडमिक ब्लाक एवं बालिका छात्रावास निर्माण कार्य | 351.17 | 7.03 | 2714.00 | 12 माह | श्रेणी 'ए' (भवन) |

3. वेब साइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि:– 12.09.2024।
4. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्ध की तिथि एवं समय – 12.09.2024 प्रात: 10:00 बजे से।
5. प्री–बिड मीटिंग की तिथि एवं समय– 13.09.2024 प्रात: 11:00 बजे।
बैठक हेतु स्थल– कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–बरेली।
6. बिड डाक्यूमेन्ट डाउनलोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समय– 12.09.2024 प्रात: 10:00 बजे से।
7. ई–निविदा के माध्यम से ई–निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि– 12.09.2024 प्रात: 10:00 बजे से।
8. ई–निविदा के माध्यम से ई–निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय– 19.09.2024 दोपहर 04:00 बजे तक।
9. ई–निविदा के माध्यम से प्राप्त निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 20.09.2024 दोपहर 12:30 बजे।
10. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ–पत्र मान्य नहीं होगा।
11. निविदा ऑनलाइन वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगी एवं इसी साइट पर डाली जाएगी।
12. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

**(रवि कान्त वर्मा)**
अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल–बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UP – 219108 दिनांक 04.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

# युवाओं को 10 लाख तक का ब्याजमुक्त लोन

## मुख्यमंत्री ने कहा- विकास और सुरक्षा के मॉडल में ही यूपी का उज्ज्वल भविष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● गोरखपुर में 635 करोड़ रुपये की पांच विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विकास और सुरक्षा का मॉडल ही वर्तमान और भावी पीढ़ी को उज्ज्वल भविष्य के मार्ग पर आगे बढ़ाएगा। युवाओं को उद्यमी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि इसके लिए सरकार दो चरणों में 10 लाख तक ब्याजमुक्त लोन दे रही है।

वे गोरखपुर के पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के सोनबरसा में 635 करोड़ रुपये की लागत वाली पांच विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए दो चरणों में ब्याजमुक्त लोन देने की व्यवस्था कर दी है। पहले चरण में 5 लाख और दूसरे चरण में 5 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत लोन लेने वाले युवाओ को बैंकों को सिर्फ मूल पूंजी वापस करनी होगी, ब्याज का पैसा सरकार चुकता करेगी।

योगी ने कहा कि फोरलेन निर्माण के लिए उन्होंने निर्देश दे रखा है कि फोरलेन बनने के दौरान मकान नहीं टूटने चाहिए, भले ही फोरलेन का नक्शा बदलने पड़े। इसके साथ ही सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा देने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में शुक्रवार को जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया है कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में उपचार कराएं। उपचार में जो भी पैसा खर्च होगा वह सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और उन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

### माई! वृंदावन या काशी, जहां चाहो वहां करा देंगे व्यवस्था

शुक्रवार को जनता दर्शन के दौरान एक वृद्ध महिला से मुलाकात कर और उसकी समस्या जानकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी भावुक उठे। अपने घर वालों के उपेक्षात्मक रवैये से आहत इस वृद्ध महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि उम्र के इस पड़ाव में अपने ही परिवार से मिल रहा दुख वह नहीं सहन कर पा रही है। योगी ने पूछा कि वह क्या चाहती हैं? बुजुर्ग महिला ने कहा कि उसकी इच्छा अब जीवन के बाकी बचे दिन किसी धर्मनगरी में बिताने की है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि माई! वृंदावन या काशी या जहां भी रहने की इच्छा हो, बता दो। सारी व्यवस्था हम कर देंगे।

# योगी आज शिक्षक भर्ती आंदोलन के प्रतिनिधियों से मिलेंगे

**लखनऊ, अमृत विचार।** 69000 शिक्षक भर्ती मामले में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर में मुलाकात करेंगे। इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचना दे दी गई है।

इसके पहले पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों से मुलाकात करके उनके प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सात सितंबर को मिलवाने का आश्वासन दिया था। योगी से मिलने के लिए पांच अभ्यर्थियों के नाम तय किए गए हैं। वैसे 9000 शिक्षक भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी सेवा सुरक्षा आदि को लेकर रिट दायर की है, जिसपर 9 सितंबर को मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सुनवाई करेगी।

# भारत शांति का पुजारी, हमेशा रहेगा

● रक्षामंत्री ने खाटू श्याम मंदिर में किए दर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पत्रकारों को संबोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व साथ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

**अमृत विचार :** भारत दुनिया का अकेला ऐसा देश है, जिसने वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया है। आज जिस तरह की वैश्विक परिस्थितियां हैं उन्हें ध्यान में रखते हुए सैन्य कमांडर्स को कहा गया था कि विश्व और भारत में शांति की स्थापना के लिए सदैव तत्पर रहें। ताकि कहीं भी शांति भंग न हो। यह बातें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पत्रकारों से कहीं।

शुक्रवार सुबह रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचे। वहां दर्शन करके आरती उतारी। साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल आदि मौजूद रहे। मंदिर से निकलने के बाद रक्षामंत्री ने पत्रकारों के सवालों पर कहा कि भारत दुनिया का अकेला ऐसा देश है जिसने वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया है। भारत शांति का पुजारी है और हमेशा रहेगा।

### लखनऊ से कानपुर अब आप 45 मिनट में पहुंचेंगे

लखनऊ में विकास की जानकारी साझा करते हुए रक्षामंत्री ने कहा कि लखनऊ से कानपुर अब आप 45 मिनट में पहुंचेंगे। लखनऊ से कानपुर के बीच छह लेन सड़क बनाने का कार्य तेजी पर हो रही है। जल्द ही यह तैयार होगा और आप लोगों के लिए सौंप दिया जायेगा। रेलवे मंत्री और अधिकारियों के साथ बैठक हो चुकी है और सभी रेलवे स्टेशनों का विकास तेजी से हो रहा है। गोमती नगर का स्टेशन और एयरपोर्ट आपने देखा होगा की कैसा भव्य बना है। ट्रांसपोर्ट नगर और उतरेटिया के रेलवे स्टेशन का कार्य भी तेजी से चल रहा है। चारबाग स्टेशन पर भी दूसरी एंट्री का कार्य जल्दी पूरा हो रहा है और जो करना हो वह आप बताएं।

# अपर्णा के पदभार संभालने को लेकर गर्मायी राजनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● भाजपा के शीर्ष नेताओं के संपर्क में हैं मुलायम सिंह की छोटी बहू



**अमृत विचार:** राज्य महिला आयोग का उपाध्यक्ष पद पाने से असंतुष्ट बतायीं जा रहीं स्व. मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव दिल्ली पहुंच गईं हैं। शुक्रवार को उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह से संपर्क कर अपनी बात रखी है। हालांकि सूत्रों के मुताबिक अपर्णा की शाह से अभी फोन पर ही बात हो सकी है। वह पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं से मिलने को भी प्रयासरत हैं।

इस बीच उप्र. में अपर्णा को लेकर राजनीति गर्मा रही है। 3 सितंबर को राज्यपाल के आदेश के बाद अपर्णा यादव को उप्र. महिला आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सूत्रों की माने तो महिला आयोग का उपाध्यक्ष पद पाने के बाद जब अपर्णा यादव सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव से आशीर्वाद लेने पहुंची तो यहां हुई आपसी बातचीत के बाद उनका (अपर्णा) रूख बदल गया। यहीं से चर्चा तेज हुई कि मामला दिल्ली से ही गड़बड़ हुआ और अपर्णा को उनके कद के मुताबिक पद नहीं मिला।

# 100 करोड़ के मदरसे पर चलेगा बुलडोजर

संवाददाता, प्रयागराज



● नकली नोट मामला : 2700 स्क्वायर फीट में अवैध निर्माण

**अमृत विचार :** शहर के पॉश इलाके अतरसुइया में बने 100 करोड़ कीमत के आलीशान मदरसे पर बुलडोजर चलाने की तैयारी की जा रही है। इतना ही नहीं पीडीए ने मदरसे के बाहर एक नोटिस चस्पा कर मदरसे के निर्माण से जुड़ी जानकारी मांगी है। पुलिस ने मदरसा सील करने की कार्रवाई के बाद मदरसे में हो रही फंडिंग की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने मदरसे के तीन बैंक खातों को सीज कर दिया है।

इस मदरसे की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है। वैसे-वैसे रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। मदरसे में नकली नोटों की फैक्ट्री बरामद होने के बाद उसे सील कर दिया गया। इसके बाद अब उस पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में है। यह मदरसा 2700 वर्ग फीट में तीन मंजिला निर्माण कराया गया है। जांच में इस इमारत को अवैध पाया गया है। पीडीए के मुताबिक, इस अवैध निर्माण पर मदरसा कमेटी को नोटिस जारी कर दिया गया है। जवाब विधि सम्मत न होने पर इस पर बुलडोजर चलना तय है। यह मदरसा करीब डेढ़ बीघा जमीन पर बनाया गया है। इसके अंदर एक बड़ी मस्जिद भी है।

### मदरसे में पीडीए ने चस्पा किया नोटिस

प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने मदरसे को अवैध निर्माण के मामले में सील किया है। उसके बाद शुक्रवार को प्राधिकरण मदरसे के गेट पर नोटिस भी चस्पा कर दिया है। नोटिस में साफ लिखा गया है कि मदरसे में जो भी निर्माण हुआ है, उसका नक्शा और उसके बारे में विस्तृत जवाब 18 सितंबर तक देना होगा। अगर मदरसे के अवैध निर्माण का सन्तोषजक जवाब पीडीए को नहीं दिया गया तो पीडीए मदरसे पर बुलडोजर चलाकर इस निर्माण को ध्वस्त कर देगा।

# एक ही फंदे से लटके मिले प्रेमी युगल के शव

**सीतापुर, अमृत विचार:** रेउसा इलाके में बिजेहरा गांव के बाहर प्रेमी युगल के शव एक ही फंदे से लटके हुए मिले। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआएना किया, फिर दोनों ही परिवार के लोगों से पूछताछ भी की। एएसपी का कहना है कि दोनों के मध्य 12 साल से प्रेम संबंध चले आ रहे थे। अन्य कारणों की जांच हो रही है। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। रेउसा थाना क्षेत्र के बिजेहरा गांव वासी 50 वर्षीय नकछेद और 45 वर्षीय सलीमुन का शव गांव के बाहर नकछेद के खेत में पेड़ से लटका मिला।

# डीएम को चपरासी ने लिखा पत्र- घूस का पैसा बढ़ाया जाये

संवाददाता, जौनपुर

● उप जिलाधिकारी शाहगंज की जांच में पत्र निकला फर्जी

**अमृत विचार:** जौनपुर जिले का एक पत्र गुरुवार से वायरल है। जिसमें राजाराम यादव नाम का शख्स डीएम को पत्र लिखकर अपनी समस्या बताता है। पत्र में राजाराम लिखता है कि तहसील लपरी शाहगंज में नायब तहसीलदार का प्राइवेट चपरासी हूं। मैं और अन्य प्राइवेट चपरासी ही जनता और अधिकारियों से घूस का पैसा वसूल कर देते हैं, लेकिन सभी प्राइवेट चपरासियों को अधिकारी की तरफ से 1 हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दिया जाता है। जबकि मुझे 500 रुपये ही रोज के हिसाब से मिलता है। ऐसे में मेरा पैसा बढ़ाया जाये। जब यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ ,तो जौनपुर प्रशासन भी हरकत में आया। उप जिलाधिकारी शाहगंज ने पूरे मामले की जांच की। उसके बाद चौकाने वाला खुलासा हुआ। उप जिलाधिकारी शाहगंज ने जांच के बाद डीएम को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि नायब तहसीलदार लपरी व तहसीलदार शाहगंज से जांच कराई गई है। जिसमें राजाराम यादव नाम का कोई प्राइवेट कर्मचारी कार्यरत नहीं पाया गया है। जांच में यह मामला सही नहीं पाया गया है। यह पूरी तरह फर्जी है।

# पुरुषों को भी जागरूक करने की जरूरत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।



● राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने पदभार संभाला

**अमृत विचार:** राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष बबिता चौहान ने महिला उत्पीड़न को लेकर महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों को भी जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। शुक्रवार को अपना पदभार संभालने के बाद बबिता चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसी की हिम्मत नहीं है कि बहन बेटियों को कोई अराजक तत्व परेशान कर सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था इतनी सख्त है कि अगले ही चौराहे पर आरोपी धरे जाएंगे।

पदभार ग्रहण करने के बाद बबीता चौहान ने मानव अधिकार भवन, गोमती नगर स्थित अपने कार्यालय में मीडिया को बताया कि महिला आयोग में ज्यादातर मामले दहेज और महिला उत्पीड़न के आते हैं। ऐसे में जितने भी मामले अभी तक लंबित हैं। उन फाइलों को खुलवाने का निर्देश दिया है। जल्द से जल्द उन मामलों पर आपसी सुलह या निस्तारित करके महिलाओं को न्याय दिलाया जाएगा।

महिला आयोग की अध्यक्ष के मुताबिक, वह उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ मिलकर विभिन्न जिलों से संबधित महिला उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा के मामलों का निस्तारण जल्द से जल्द करेंगी। बाल विवाह, दहेज एवं भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन की रोकथाम के लिए भी हरसंभव प्रयास होगा।

# महिला पहलवानों का आंदोलन कांग्रेस प्रायोजित : बृजभूषण

**गोंडा, एजेंसी:** महिला पहलवान विनेश फोगाट के शुक्रवार को कांग्रेस शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते हुये भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने दावा किया कि यह बात सत्य साबित हुयी कि उनके खिलाफ महिला पहलवानों का आंदोलन कांग्रेस प्रायोजित था। सिंह ने शुक्रवार को एक एजेंसी से बातचीत में कहा कि मैंने जो बात पहले दिन कही थी, आज भी उसी पर कायम हूं, और आज वही बात पूरा देश कह रहा है। अब मुझे इस बारे में ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। इससे एक दिन पहले गोंडा के डुमरियाडीह स्थित एक निजी विद्यालय में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में पूर्व सांसद ने कहा था कि मेरे खिलाफ जब महिला पहलवानों ने आरोप लगाए थे, मैंने तभी बोल दिया था कि यह कांग्रेस की साजिश है। हरियाणा के बड़े नेता दीपेंद्र हुड्डा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा हमारे खिलाफ साजिश कर रहे हैं।

## वर्ग पहेली-184

**बाएं से दाएं**

3. 1. किसी को फड़कने में प्रवृत्त करना 2. कुछ करने के लिए भड़काना, उत्तेजित करना 3. उत्सुकता उत्पन्न करना।

5. 1. घास-फूस से छाया हुआ छोटा कच्चा घर, मिट्टी से बना हुआ घर 2. तृण कुटीर, पर्णशाला, झोपड़ा।

8. ज़ोर से और अचानक होने वाली ठन-ठन की ध्वनि, ठनकार।

9. शरीर में इंसुलिन हार्मोन की कमी से होने वाला एक प्रकार का रोग, मधुमेह, (शुगर)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी काम को करने की तरकीब, युक्ति, उपाय, तदबीर 2. चतुराई 3. जुगाड़,ढब 4. आचार-व्यवहार का कौशल 5. हथकंडा।

2. 1. नाराज़ होना 2. ज़रा सी बात पर चिढ़ जाना 3. चिढ़ना, झुंझलाना।

4. 1. जो किसी प्रधान अधिकारी का सहायक हो 2. किसी की ओर से काम करने वाला, मुख़्तार 3. प्रतिनिधित्व करने वाला 4. स्थानापन्न।

6. 1. जो पढ़ने के योग्य हो 2. जिसे सरलता से पढ़ा जा सके।

7. इमारत या बहुत बड़ा लेकिन कम चौड़ा मकान जिसमें कई छोटे-छोटे कमरे होते हैं।



### वर्ग पहेली -183 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | व | रू | 2 प | | 3 डो |
| | | | रि | | प |
| 4 पं | चो | प | चा | र | |
| | | | य | | 5 ता |
| 6 सं | च | य | क | | र |
| जा | | | | 7 वा | पी |
| 8 त | फ़ | सी | र | | न |

## सुडोकू -97

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 4 | | | |
| | 5 | | | 7 | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 6 | 8 | | | 5 | |
| 8 | | | 2 | 4 | | 6 | 3 | |
| 3 | | | | | | | | 5 |
| | 6 | 4 | | 9 | 1 | | | 7 |
| | 8 | | | 3 | 7 | | 1 | |
| | 3 | 2 | | 5 | | | 4 | |
| | | | 9 | | | | 6 | |

### सुडोकू -96 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 2 | 7 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 8 | 4 | 9 | 3 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 |
| 3 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 1 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 |

# जेल में कैदियों के आवेदन लिखने वाला कुलदीप बना लखपति

फर्रुखाबाद,एजेंसी:



फर्रुखाबाद में एक कैदी कानूनी सलाह और पत्र लिखने में अन्य कैदियों की सहायता कर लखपति बन गया और उसे 1.04 लाख रुपये का पारिश्रमिक मिला है। जेल अधिकारियों के मुताबिक कैदी कुलदीप सिंह को विधिक सेवा प्राधिकरण से यह पारिश्रमिक मिला है। सिंह 14 नवंबर, 2017 से जिला जेल में बंद है और उसके पास स्नातक की डिग्री है। हत्या के एक मामले में दोषी कुलदीप आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने उसे याचिका लिखने के लिए कैदी सहायक नियुक्त किया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्कालीन सचिव अचल प्रताप सिंह ने उसके काम से प्रभावित होकर 19 मई, 2022 को उसे जेल में स्थापित लीगल एड क्लिनिक में पैरा-लीगल वालंटियर नियुक्त किया था।

# सूक्ष्म खाद्य उद्यम कोनहीं खुला चाइल्ड खाता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए शुरू हुई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अधर में है।

निदेशालय से समीक्षा हुई तो 30 अगस्त तक 29 जिले सूक्ष्म खाद्य उद्यम के लिए बैंकों में चाइल्ड खाता नहीं खोल पाए। इसके अलावा जिन 29 जिलों ने चाइल्ड खाता खोला उनमें जौनपुर को छोड़कर शेष लाभार्थियों को धनराशि नहीं बांट पाए। जबकि लिमिट और फंड निर्धारित करके जिलों को उपलब्ध कराया गया था। इन्हीं कमियों के कारण महिलाओं का चयन नहीं हो पाया है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने खराब प्रगति पर नाराजगी जताई।

### 30 अगस्त तक इन जिलों में नहीं बंटी धनराशि

बरेली, औरैया, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, जालौन, कानपुर देहात, आजमगढ़, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, चंदौली, चित्रकूट, अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, देवरिया, इटावा, गाजीपुर, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, सहारनपुर, गोंडा, गोरखपुर, संत रविदासनगर, वाराणसी, बुलंदशहर, ललितपुर व मैनपुरी। **ये जिले नहीं खोल पाए चाइल्ड खाता :** अयोध्या, बदायूं, फर्रुखाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, कासगंज, फतेहपुर, आगरा, अमेठी, बागपत, बिजनौर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, झांसी, कुशीनगर, महाराजगंज, महोबा, मथुरा, मऊ, मेरठ, सम्भल, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर व सोनभद्र।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 17 .37 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 12 .34 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** – आज आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। पार्टनरशिप वाले कार्यों में आपको धन प्राप्त होगा। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। घर की नवीन वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। होटल कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**वृष** – आज नवीन वस्तुओं की खरीदारी करते समय सावधानी रखें। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। कुछ लोग आपके विषय में अफवाहें फैला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आप पर निर्भर रहेंगे। इसके कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**मिथुन** – आज प्रभावशाली लोगों की मदद से आपके काम बन सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। संतान की उन्नति से आप उत्साहित रहेंगे। मित्रों पर ज्यादा विश्वास न करें। शेयर मार्केट में संभल कर निवेश करें।

**कर्क** – आज बहस की स्थितियों से बचना चाहिए। गलत निर्णय होने से आपको नुकसान होगा। कोई पुराना मामला दोबारा उभर सकता है। पैतृक संपत्ति की समस्या दूर होगी। स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है।

**सिंह** – आज पत्रकारों और लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। सहकर्मियों का उचित सहयोग मिलेगा। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। शॉपिंग के लिए बाजार जा सकते हैं। आप रूठे मित्रों को मनाने में सफल रहेंगे।

**कन्या** – आज भावनात्मक मामलों को लेकर उलझ सकते हैं। समस्याओं का डटकर मुकाबला करें। व्यापार में विरोधियों से सावधान रहें। घर में आपसी सामंजस्य में कमी होगी। विद्यार्थियों को इच्छानुसार परिणाम मिलने में कठिनाई हो सकती है।

**तुला** – आज बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। कमीशन से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। नए व्यवसाय को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं आपकी मन :स्थिति काफी स्थिर रहेगी। अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे।

**वृश्चिक** – आज सहयोगी और रिश्तेदारों के साथ संबंध बिगड़ सकते हैं। अचानक खर्च बढ़ने से मन परेशान हो सकता है। धन के लेन-देन में त्रुटि हो सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

**धनु** – आज आप कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जॉब में आपको उच्च पद मिल सकता है। व्यापार में उम्मीद से अधिक धन लाभ होगा। अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। प्रेमी जन से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। बड़े भाई-बहनों से आपको मदद मिलेगी।

**मकर** – आज सहकर्मी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको दृढ़ निश्चय के कारण सफलता मिलेगी। मेडिकल प्रोफेशन से जुड़े लोगों के लिए दिन उत्तम है। व्यापार में अच्छी बढ़ोत्तरी हो सकती है। जॉब में आपके अधिकार बढ़ेंगे। किसी नई डील में धन निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज व्यवसाय में आप कुछ जोखिम ले सकते हैं। परिवार में शुभ उत्सव होने की संभावना है। दिनचर्या काफी संतुलित रहेगी। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

**मीन** – आज परिवार के लोगों से आप थोड़े नाखुश रहेंगे। दूसरों के मामलों को लेकर ज्यादा बहसबाजी न करें। राजनीतिक लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव होने की संभावना है। अधिकारी वर्ग के लोग आपसे नाराज हो सकते है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
यमला पगला दीवाना – सुबह : 10 .43
जंगल – रात : 08 .21

&pictures
खिलाड़ी – सुबह : 11 .16
लव शुदा – रात : 08 .00

SONY PIX
स्पाइडर मैन 2 – सुबह : 11 .30
ओलिम्पस हेज फॉलेन – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
एंग्री गणेशा – दोपहर : 12 .16
धमाल – रात : 08 .00

colors CINEPLEX
ओएमजी 2 – सुबह : 11 .17
योद्धा – रात : 07 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो दोस्त सफर पर जा रहे थे, रात हो गई वो टेंट लगाकर सो गए। रात को एक दोस्त की नींद खुली, उसने दूसरे को जगाकर कहा, आसमान की तरफ तुझे क्या नजर आता है?
दूसरा- बहुत सारे सितारे...
पहला- इससे क्या पता चलता है?
दूसरा- आसमान कितना खुबसूरत है।
पहला- अबे न्यूटन की औलाद, टेंट चोरी हो गया है।

पिंटू-शर्ट के लिए एक अच्छा कपड़ा दिखाइए।
सेल्स मैन- प्लेन में दिखाऊं?
पिंटू-नहीं हेलिकॉप्टर में दिखा।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2195, राज श्री 1470, फ़ॉर्चून कि. 1780, रविन्द्रा 2080, फॉर्चुन ली. 1630, जय जवान 1570, सचिन 1610, सूरज 1595, अवसर 1690, राग गोल्ड 1720, गृहणी ली 1625, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1715, चक्र टिन 2010, ब्लू 1745, आशीर्वाद मस्टर्ड 2025, स्वास्तिक 2165 । किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 30000, लाल मिर्च 17000-20000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900 ।चावल -( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 9700-10300, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13300, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 13800, अरहर पटका मोटा 14200, अरहर कोरा मोटा 14600, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी- डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010, बहेड़ी 4020 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73900 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72900 |
| सिल्वर ( पक्की) | 845 (अनुमानित) |

# टमाटर, पोल्ट्री की कीमतें घटने से खाने की थाली हुई सस्ती

## श्रावण मास में मांसाहार कम होने से कीमतों में आई गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**



- क्रिसिल के मुताबिक शाकाहारी भोजन अगस्त में 4 प्रतिशत घटकर 31.2 रुपये हुआ
- मांसाहारी थाली की कीमत जुलाई की तुलना में तीन प्रतिशत घटकर 59.3 रुपये हुई

श्रावण मास में अधिकांश लोगों के मांसाहार से परहेज करने के कारण टमाटर और पोल्ट्री की कीमतों में गिरावट आई है। इससे अगस्त में घर में पकाए जाने वाले भोजन की कीमतों में कमी देखी गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुताबिक, शाकाहारी भोजन की कीमत जुलाई के 32.6 रुपये प्रति थाली की तुलना में अगस्त में 4 प्रतिशत घटकर 31.2 रुपये हो गई। वहीं पिछले साल के अगस्त महीने में इसकी कीमत 34 रुपये प्रति थाली थी। रिपोर्ट कहती है कि मांसाहारी थाली की कीमत जुलाई की तुलना में तीन प्रतिशत घटकर 59.3 रुपये हो गई। हालांकि, अगस्त, 2023 की तुलना में यह 12 प्रतिशत अधिक थी।

क्रिसिल ने अपनी मासिक रोटी चावल दर रिपोर्ट में कहा कि अगस्त में टमाटर की कीमतें घटकर 50 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गईं। यह जुलाई के मुकाबले 23 प्रतिशत और एक साल पहले के मुकाबले 51 प्रतिशत की गिरावट है। थाली की कीमतों में गिरावट के पीछे टमाटर में आई नरमी की अहम भूमिका है। शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद हैं, जबकि मांसाहारी थाली में दाल की जगह ब्रॉयलर मुर्गे हैं। श्रावण में ब्रॉयलर की कीमतों में मासिक आधार पर तीन और सालाना आधार पर 13 प्रतिशत गिरावट आई। पिछले साल की तुलना में मांसाहारी थाली की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई।

### ईंधन व अन्य की गिरी कीमत ने लागत को किया कम

साल की शुरुआत में रसोई गैस की कीमतों में कमी आने से ईंधन की लागत में 27 प्रतिशत की गिरावट आई है। साथ ही वनस्पति तेल, मिर्च और जीरे की कीमतों में नरमी ने भी पिछले साल की तुलना में भोजन की लागत को कम किया है। क्रिसिल ने कहा कि अगस्त में भोजन की कीमतों में अधिक गिरावट आती, लेकिन प्याज की कीमतों में 15 रुपये प्रति किलोग्राम और आलू की कीमतों में सालाना आधार पर 13 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी से ऐसा नहीं हो पाया। जिसका असर दोनों थालियों पर पड़ा है।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 683.987 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.023 अरब डॉलर बढ़कर 681.688 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक के अनुसार, 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.485 अरब डॉलर बढ़कर 599.037 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## नौ और हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा शुरू

**मुंबई।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के स्वामित्व वाले नौ और हवाई अड्डों पर शुक्रवार को डिजी यात्रा सुविधा की शुरुआत की। अधिकारी ने बताया कि इन हवाई अड्डों में विशाखापत्तनम, पटना, रायपुर, भुवनेश्वर, गोवा (डाबोलिम), इंदौर, रांची, कोयम्बटूर और बागडोगरा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नायडू ने विशाखापत्तनम के कार्यक्रम में इस सुविधा का आरंभ किया। आठ अन्य हवाई अड्डों पर ऑनलाइन इस सुविधा को शुरू किया गया। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा परिकल्पित इस परियोजना का मकसद फेशियल रिकग्निशन टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के आधार पर हवाई अड्डों पर यात्रियों को संपर्क रहित व निर्बाध सुविधा मुहैया कराना है।

# बोनस शेयर : शेयरधारकों के लिए लाभ

बोनस शेयर वे अतिरिक्त शेयर होते हैं जो कंपनियाँ अपने मौजूदा शेयरधारकों को मुफ्त में देती हैं। ये शेयर लाभांश के बजाय वितरित किए जाते हैं और कंपनी की मौजूदा शेयरधारिता का अनुपात बढ़ाते हैं। बोनस शेयर से मौजूदा शेयरधारकों की हिस्सेदारी बढ़ जाती है और उन्हें कंपनी की वित्तीय स्थिति के प्रति विश्वास होता है। यह शेयरधारकों के लिए सकारात्मक संकेत होता है और नकद लाभांश के विकल्प के रूप में उपयोगी होता है। बोनस शेयर पाने के लिए शेयरधारक को रिकॉर्ड डेट पर कंपनी का मौजूदा शेयरधारक होना आवश्यक होता है।

**हिस्सेदारी बढ़ना:** शेयर धारकों की हिस्सेदारी बढ़ती है। शेयरधारक के पास 100 शेयर हैं और कंपनी 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करती है, तो उनके पास अब 200 शेयर होंगे।

**शेयर की कीमत में वृद्धि:** बोनस शेयर जारी करने के बाद शेयर की कीमत में सामान्यत: थोड़ी कमी हो सकती है, लेकिन यदि कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत रहती है।

**लाभांश के बजाय शेयर:** शेयरधारक को नकद लाभांश के रूप में भुगतान नहीं किया जाता, जिससे शेयरधारक के पास कंपनी की शेयरधारिता बढ़ जाती है, जबकि कंपनी के पास नकद पूंजी की कमी नहीं होती।

**शेयरधारक अनुपात:** बोनस शेयर सामान्यत: एक निश्चित अनुपात में दिए जाते हैं। शेयरधारक को बोनस शेयर प्राप्त करने के लिए इस अनुपात के अनुसार उनकी मौजूदा शेयरधारिता के अनुसार अतिरिक्त शेयर मिलते हैं।

**कर की छूट:** कई देशों में बोनस शेयर को लाभांश के रूप में नहीं गिना जाता, इसलिए इससे करों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। हालांकि, यह स्थिति देश के कर कानूनों पर निर्भर करती है।

**मूल्य समायोजन:** बोनस शेयर जारी करने के बाद शेयर की कीमत आमतौर पर घट जाती है, लेकिन शेयर की तरलता बढ़ जाती है। इससे शेयरधारकों को शेयरों की ट्रेडिंग में आसानी होती है।

**मौजूदा शेयरधारक:** बोनस शेयर उस व्यक्ति या संस्था को मिलते हैं जो कंपनी के रिकॉर्ड में शेयरधारक के रूप में सूचीबद्ध हैं। शेयर जारी करने के समय एक रिकॉर्ड डेट निर्धारित की जाती है।

**शेयर बाजार में सकारात्मक संकेत:** बोनस शेयर जारी करने से शेयरधारकों को लगता है कि कंपनी की वित्तीय स्थिति अच्छी है और उसका भविष्य सकारात्मक रहेगा।

**निवेश के प्रकार:** बोनस शेयर आमतौर पर उन शेयरधारकों को दिए जाते हैं जिन्होंने शेयरों को लंबी अवधि के लिए रखा है और उन पर किसी प्रकार की असामान्य स्थिति जैसे कि कंपनी के शेयर की बिक्री या ट्रांसफर नहीं की हो।

**पारदर्शिता और सूचना:** कंपनी बोनस शेयर जारी करने की घोषणा करती है और इससे जुड़े सभी विवरण जैसे कि रिकॉर्ड डेट, वितरण की तारीख और अनुपात सूचित करती है।




## अनुचित प्रतिस्पर्धा पर चर्चा करें इस्पात उद्योग : गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने इस्पात उद्योग को अनुचित प्रतिस्पर्धा पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया है, ताकि इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। इस्पात उद्योग की कुछ कंपनियों ने चीन से कम कीमत के आयात पर चिंता जताई है।



गोयल ने कहा कि मैंने इस्पात उद्योग को आमंत्रित किया है कि वे उस अनुचित प्रतिस्पर्धा को समझें जिसका उनमें से कुछ को सामना करना पड़ रहा है, तथा उचित कदम उठाएं ताकि इस्पात उद्योग जीवंत बना रहे, बढ़ता रहे तथा भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार जोड़े। उन्होंने बढ़ते आयात के खिलाफ समान अवसर प्रदान करके घरेलू उद्योग की रक्षा के लिए सीमा समायोजन कर लागू करने का विचार पांच सितंबर को पेश किया था।

## बैंक एक महीने में युवा स्नातकों को अप्रेन्टिस के रूप में करेंगे भर्ती

- इन्टर्न को 5,000 रुपये प्रति माह मानदेय और विशिष्ट कौशल का देंगे प्रशिक्षण
- पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में प्रशिक्षण देने का लक्ष्य

**मुंबई, एजेंसी**

एक महीने में 25 वर्ष से कम आयु के स्नातकों को अप्रेन्टिस के रूप में भर्ती करने पर बैंक विचार कर रहे हैं। उद्योग लॉबी समूह भारतीय बैंक संघ के मुख्य कार्यकारी सुनील मेहता ने शुक्रवार को कहा कि बैंक ऐसे इन्टर्न को 5,000 रुपये प्रतिमाह का मानदेय देंगे, जिन्हें विशिष्ट कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की बजट घोषणा के बाद यह कदम उठाया गया है, जिसके तहत सरकार पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में प्रशिक्षण देगी। मेहता ने कहा कि ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां हमें कुशल जनशक्ति की जरूरत नहीं है, उदाहरण के लिए विपणन, रिकवरी। हम उन्हें उन क्षेत्रों में प्रशिक्षण दे सकते हैं और वे अपने लिए रोजगार सृजित कर सकते हैं। मेहता ने कहा कि अप्रेन्टिस के लिए आवेदन करने वाले अभ्यार्थी की आयु 21-25 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह स्नातक होना चाहिए, करदाता नहीं होना चाहिए तथा उसके पास आईआईटी या आईआईएम जैसे शीर्ष संस्थानों से डिग्री नहीं होनी चाहिए।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### हरियाणा चुनाव के लिए जारी हुई कांग्रेस की सूची

नई दिल्ली। कांग्रेस में हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 31 उम्मीदवारों की सूची जारी है। पार्टी ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को गढ़ी सांपला किलोई से, शुक्रवार को ही कांग्रेस में शामिल हुई पहलवान विनेश फोगाट को जुलाना से तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को होडल सुरक्षित सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस महासचिव ने देर शाम बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने विधानसभा चुनाव के लिए 31 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। वहीं मुख्यमंत्री नायब सैनी के खिलाफ लाडवा से मेवा सिंह चुनाव लड़ेंगे।

### पांच लाख के इनामी नक्सली दंपत्ति ने किया सरेंडर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ के नारायणपुर पुलिस के प्रयास व शासन की नीतियों से प्रभावित होकर माओवादी संगठन के स्वयंभू टीम कमांडर व उसकी पत्नी ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों पर पांच लाख का इनाम था। आत्मसमर्पण करने वाले कुतुल एरिया कमेटी अन्तर्गत सप्लाई टीम कमांडर के पद पर 13 वर्ष से कार्यरत नक्सली सोनवा उर्फ डोसेल सलाम एवं कोडलियार जनताना सरकार, स्कूल विभाग सदस्य के पद पर नौ वर्ष से कार्यरत महिला नक्सली आरती सलाम दोनों (पति-पत्नि) ने एसपी प्रभात के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

### अवैध निर्माण है तो मस्जिद को गिराना चाहिए : गोयल

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट ने शिमला के उपनगर संजौली में स्थित मस्जिद को वक्फ बोर्ड द्वारा नियंत्रण में लेकर मस्जिद में तैनात इमाम के मुद्दे पर कहा है कि उसका इससे कुछ लेना-देना नहीं है, लेकिन वह इस बात की मांग करता है कि अगर मस्जिद में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हुआ है, तो मस्जिद को गिराना चाहिए। फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं भाजपा नेता जय भगवान गोयल ने शुक्रवार को यह बात कही।

### यात्री बनकर दो लोगों ने बस लूटा, दो घंटे में गिरफ्तार

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बस में यात्री बनकर चढ़े दो बदमाशों ने लूटपाट की। पुलिस ने कार्रवाई कर दोनों को महज दो घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार सुबह राजनगर थाना क्षेत्र के कुटनी डैम के पास यात्री बस में यात्री बनकर कट्टा दिखाकर दो बदमाशों ने लूट की। पकड़े गए आरोपियों के नाम राहुल तिवारी और राजेंद्र पटेल है। दोनों अतर्रा थाना राजनगर छतरपुर बताए गए हैं।

# विधेयक विफलता पर पर्दा डालने का प्रयास

## विधि एवं न्याय मंत्री मेघवाल ने अपराजिता विधेयक के औचित्य और संवैधानिक क्षेत्र पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- महिला पत्रकारों के फोरम को किया संबोधित

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार द्वारा पारित अपराजिता विधेयक को राज्य सरकार की कमियों और कमजोरियों पर पर्दा डालने की कार्रवाई करार दिया है। मेघवाल ने शुक्रवार को महिला पत्रकारों के फोरम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया।

उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा पारित संशोधन विधेयक के औचित्य और उसके संवैधानिक अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाये। उन्होंने विषेयक पर केंद्र के कानूनी रुख पर कहा कि यह विधेयक राज्यपाल के माध्यम से केंद्र के पास जब आएगा तब देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था : तीन नये आपराधिक कानूनों से महिलाओं की सुरक्षा कैसे होगी? विषय पर इस कार्यक्रम का आयोजन वीमेन जर्नलिस्ट्स वेलफेयर ट्रस्ट ने किया था। कानून मंत्री ने कार्यक्रम में नये कानूनों को प्रगतिशील बताया। उन्होंने कहा कि संविधान में केंद्र और राज्य सकारों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विषयों का बंटवारा है। कुछ विषय समवर्ती सूची के होते हैं, जिनके बारे में भी व्यवस्था है। साथ ही उन्होंने विधेयक की तुलना केरल सरकार द्वारा विदेश सचिव नियुक्त किये जाने से की। मेघवाल ने कहा कि अपराधों से निपटने के लिये तीनों नयी संहिताएं-- भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) में महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने की ठोस कार्रवाई और कड़ी सजा के प्रावधान हैं।

### राज्यपाल ने अपराजिता विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित बलात्कार रोधी विधेयक विचार करने के लिए शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेज दिया। राजभवन के अधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव मनोज पंत ने दिन में ही बोस को विधेयक की तकनीकी रिपोर्ट सौंपी थी। राज्यपाल ने विधेयक का अध्ययन करने के बाद इसे मुर्मू के पास भेज दिया। अधिकारी ने कहा कि राज्यपाल ने अपराजिता विधेयक को विचार के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेज दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से अनिवार्य तकनीकी रिपोर्ट मिलने के बाद इसे (राष्ट्रपति को) भेजा है। बोस ने विधेयक को मंजूरी देने के लिए आवश्यक तकनीकी रिपोर्ट इसके साथ भेजने में नाकाम रहने को लेकर बृहस्पतिवार को ममता बनर्जी प्रशासन की आलोचना की थी। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने 3 सितंबर को सर्वसम्मति से अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024पारित किया था।

## चंदा कोचर और उनके पति को नोटिस

**ऋण मामला**

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं सीईओ चंदा कोचर और उनके व्यवसायी पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने के बंबई हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनसे जवाब मांगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने दोनों को नोटिस जारी किया और सीबीआई की अपील पर उनसे जवाब देने को कहा। हाईकोर्ट ने छह फरवरी को दोनों की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए एक अन्य पीठ के जनवरी 2023 के अंतरिम आदेश पर मुहर लगाई थी, जिसमें दोनों को गिरफ्तारी के तुरंत बाद जमानत दे दी गई थी। सीबीआई ने मामले में 23 दिसंबर, 2022 को दोनों को गिरफ्तार किया था।

## डीआरएम के लिए पात्र आयु 52 वर्ष से हो कम

- बोर्ड ने 68 मंडलों के लिए नियुक्ति के लिए नए दिशानिर्देशों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रेलवे बोर्ड ने 68 रेल मंडलों के लिए मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) की नियुक्ति के लिए नए दिशानिर्देशों को मंजूरी दे दी है, जिसके अनुसार डीआरएम के रूप में चयन के लिए विचार किए जा रहे अधिकारियों की आयु अन्य पात्रता मानदंडों के अलावा 52 वर्ष से कम होनी चाहिए।

3 सितंबर को जारी निर्देशों में कुछ नए पात्रता मानदंड पेश हुए हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि अधिकारियों को रेलवे/रेलवे के सार्वजनिक उपक्रमों में न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इसमें हालांकि आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी गई है, जिससे वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों और विशेषज्ञों का एक वर्ग निराश है। निर्देश में कहा गया है कि डीआरएम के रूप में चयन के लिए जिन अधिकारियों पर विचार हो रहा है, उनकी आयु उस वर्ष की पहली जनवरी को 52 वर्ष से कम होनी चाहिए, जिसके लिए चयन सूची बनाई जा रही है। इसमें पिछली स्थिति को ही दोहराया गया है। पूर्व में डीआरएम के पद पर तैनात वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मेरा मानना है कि डीआरएम की नियुक्ति को उम्र के आधार पर सीमित करना सही निर्णय नहीं है। इसमें छूट की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इससे अधिकारियों का मनोबल गिरेगा, जिन्हें पहले से पता होता है कि वे डीआरएम के लिए पात्र होंगे, तब तक उनकी आयु 52 वर्ष हो चुकी होगी।

# बंगाल दुष्कर्म-हत्याकांड पर नौ को होगी शीर्ष अदातल में सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट कोलकाता कांड के संबंध में स्वतः शुरू किए मामले पर सोमवार को सुनवाई करेगा। कोर्ट की वेबसाइट पर 9 सितंबर के लिए अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई करेगी।

केंद्र सरकार के दायर आवेदन में अस्पताल की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को बंगाल सरकार द्वारा सहयोग न देने का आरोप लगाया गया है। गृह मंत्रालय ने आवेदन में राज्य को सीआईएसएफ के सहयोग देने का आग्रह किया है।

### मुख्य आरोपी 20 तक हिरासत में

**कोलकाता।** कोलकाता की अदालत ने दरिंदगी के मुख्य आरोपी संजय रॉय की जमानत याचिका रद कर दी और उसे 20 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। संबंधित वकील अदालत में मौजूद थे, जबकि आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस से पेश हुआ।

### पूर्व प्राचार्य की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष की जनहित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। पीठ ने कहा कि संभावित आरोपी जैव-चिकित्सा अपशिष्ट के निपटान में भ्रष्टाचार की जांच के लिए जनहित याचिका के जरिए अधिकार का दावा नहीं कर सकता।

## बंगाल में कल एक और रिक्लेम द नाईट प्रदर्शन

**कोलकाता।** बंगाल में हजारों महिलाएं 8 सितंबर की मध्य रात्रि को रीक्लेम द नाईट अभियान के तीसरे संस्करण में शामिल हो सकती हैं ताकि अस्पताल में कथित रूप से दुष्कर्म और हत्या की पीड़िता चिकित्सक के लिए न्याय की मांग कर सके। यह प्रदर्शन इस अपराध के एक माह पूरे होने पर होगा। पिछले महीने की 14 तारीख को इस तरह के पहले आयोजन के बाद चार सितंबर के दूसरे संस्करण में न्याय की मांग की गई। लोगों की प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर आठ सितंबर की मध्य रात्रि को एक और रिक्लेम द नाईट आयोजित कर न्याय मांगा जाएगा।

# मोदी और आरएसएस के बीच संबंधों में आई गिरावट : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस महासचिव बोले- लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से तनाव

कांग्रेस ने भाजपा पर शुक्रवार को तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच संबंधों में गिरावट आई है। विपक्षी दल ने दावा किया कि हर बीतते सप्ताह के साथ इस सरकार की उम्र कम होती जा रही है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स दावा किया कि 4 जून 2024 के बाद से नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री और आरएसएस के बीच संबंधों में गिरावट आई है। उनके बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आज पुणे में कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने परमात्मा के अवतार संबंधी प्रधानमंत्री (मोदी) के दावे को लेकर उनपर निशाना साधते हुए कहा कि हम भगवान बनेंगे या नहीं, इसका फैसला लोग करेंगे। हमें यह प्रचार नहीं करना चाहिए कि हम भगवान बन गए हैं। रमेश ने मीडिया रिपोर्ट को टैग किया, जिसमें आरएसएस प्रमुख को ये टिप्पणियां करते हुए उद्धृत किया गया है।

## कक्षा में 11 वर्षीय छात्रा का शिक्षक ने किया यौन शोषण

- परिजन और पड़ोसियों ने कार्रवाई की मांग करते हुए किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में स्थित सरकारी स्कूल में शुक्रवार को शिक्षक के कक्षा में 11 वर्षीय छात्रा का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया, जिसे लेकर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि परिजन और पड़ोसियों ने थाने के बाहर एकत्र होकर शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता के पिता के अनुसार उनकी बेटी ने दोपहर में उन्हें फोन करके बताया कि उसके खेल शिक्षक ने कक्षा में उसे अनुचित तरीके से छुआ तथा धमकी भी दी। पीड़िता के पिता के मुताबिक उन्होंने स्कूल के प्रधानाचार्य से संपर्क किया और स्थानीय पुलिस को भी मामले की जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# आप विधायक अमानतुल्लाह की हिरासत तीन दिन और बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की अदालत ने धन शोधन मामले में गिरफ्तार आप विधायक अमानतुल्ला खान की ईडी हिरासत शुक्रवार को और तीन दिन के लिए बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह आदेश केंद्रीय जांच एजेंसी के आवेदन पर दिया। ईडी ने अदालत से अमानतुल्लाह की हिरासत और 10 दिन के लिये देने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने कहा कि हिरासत तीन दिन के लिए बढ़ाई जाती है। उन्हें नौ सितंबर को पेश किया जाए। ईडी ने खान की पूर्व में उसे दी गई चार दिन की हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद अदालत के समक्ष पेश किया था। एजेंसी ने राष्ट्रीय राजधानी के ओखला क्षेत्र में स्थित अमानतुल्लाह के आवास की तलाशी लेने के बाद दो सितंबर को उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया था।

## दिल्ली में कैदियों की मौत पर मिलेंगे 7.5 लाख

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने जेलों में अप्राकृतिक कारणों से मरने वाले कैदियों के परिजनों या उनके वारिसों को 7.5 लाख का मुआवजा देने का फ़ैसला किया है। गृह मंत्री कैलाश गहलोत ने शुक्रवार को कहा, यह पहल जेल प्रणाली के भीतर न्याय और जवाबदेही सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। दिल्ली सरकार ने इस संबंध में उपराज्यपाल वीके सक्सेना को उनकी मंजूरी के लिए एक प्रस्ताव भेजा है। जेल में कैदियों में झगड़े, अधिकारियों द्वारा लापरवाही से अप्राकृतिक मौत के मामलों में यह मुआवजा दिया जाएगा।

# पीएसी करेगी नियामक निकायों की समीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधबी बुच के खिलाफ हितों के टकराव के आरोपों को लेकर मचे बवाल के बीच संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा करने का फैसला किया है।

लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष केसी वेणुगोपाल ने कहा कि समिति बुच को उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए तलब करने पर फैसला करेगी। सेबी अध्यक्ष को पीएसी के समक्ष तलब किए जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर वेणुगोपाल ने कहा कि बाकी चीजों पर समिति को फैसला करना है। सदस्यों ने संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित नियामकों की प्रदर्शन समीक्षा सहित विभिन्न विषयों का सुझाव दिया। सदस्यों ने जो सुझाव दिए, हमने उन्हें (एजेंडे में) शामिल कर लिया है।

### कांग्रेस ने फिर बुच पर लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सेबी अध्यक्ष माधबी बुच पर नए सिरे से हितों के टकराव का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को दावा किया कि उन्हें एक ऐसी कंपनी से संबद्ध इकाई से किराये की आय प्राप्त हुई, जिसके बारे में पूंजी बाजार नियामक इनसाइडर ट्रेडिंग सहित विभिन्न आरोपों की जांच कर रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सवाल प्रधानमंत्री मोदी से पूछा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां तक पूंजी बाजार नियामक का सवाल है तो पारदर्शिता और निष्ठा के पतन को दिखाने के लिए और कितने सबूतों की जरूरत है। रमेश ने एक्स कहा कि एनएसई के अनुसार, अब 10 करोड़ भारतीय ऐसे हैं जिनके पास विशिष्ट पैन हैं और जिन्होंने बाजार में निवेश किया हुआ है।

## विश्वभारती विवि में छात्रा की मौत

**शांतिनिकेतन।** विश्वभारती विवि में 24 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आशंका जताई जा रही है कि अनामिका सिंह नाम की छात्रा ने अपने छात्रावास के कमरे में जहर खा लिया। विश्वविद्यालय के डिजाइन एवं कला संस्थान की तृतीय वर्ष की छात्रा अनामिका को गुरुवार रात को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत के बाद पुलिस छात्रावास में उसके कमरे में गई, लेकिन छात्राओं के एक वर्ग ने उसका विरोध किया।




# पेरिस पैरालंपिक 2024




## आज के मुकाबले

- **रोड साइकिलिंग :** पुरुषों की रोड रेस सी 1-3 (पदक राउंड) : अरशद शेख दोपहर 1.00 बजे, महिलाओं की रोड रेस सी 1-3 (पदक राउंड) : ज्योति गडेरिया दोपहर 1.05 बजे।
- **कैनो स्प्रिंट :** पुरुषों की केएल1 200 मीटर (सेमीफाइनल) : यश कुमार दोपहर 1.30 बजे, महिलाओं की वीएल2 200 मीटर (सेमीफाइनल) : प्राची यादव दोपहर 2.05 बजे
- **तैराकी :** पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई एस7 (हीट) : सुयश जाधव दोपहर 1.55 बजे
- **एथलेटिक्स :** पुरुषों की 400 मीटर टी47 (पदक राउंड) : दिलीप गावित - 12.29 सुबह (रविवार)।

## खेल डायरी

### हार के बाद सांसदों ने पीसीबी अध्यक्ष से मांगा इस्तीफा

**इस्लामाबाद।** रावलपिंडी में खेले गये दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में बांग्लादेश के हाथों पाकिस्तान को मिली शर्मनाक हार पर वहां की संसद के दोनों सदनों में सांसदों ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और गृहमंत्री मोहसिन नकवी की आलोचना करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। समाचार पत्र डॉन के अनुसार संसद के दोनो सदनों के सांसदों ने कहा कि इस शर्मनाक हार के बाद मोहसिन नकवी को क्रिकेट बोर्ड का प्रमुख बने रहने कोई औचित्य नहीं है। इस दौरान सांसदों ने शर्म करो शर्म करो के नारे लगाए और प्रधानमंत्री से एक सक्षम व्यक्ति को पीसीबी अध्यक्ष नियुक्त करने की मांग की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता बैरिस्टर सैयद अली जफर ने कहा मुझे लगाता है कि देश में अन्य खेलों की तरह क्रिकेट भी खत्म हो गया है। इस आपदा का केवल एक ही कारण है और वह यह है कि जब आप किसी अयोग्य व्यक्ति को संस्थान का प्रमुख नियुक्त करते हैं तो न केवल संस्थान नष्ट हो जाती है, बल्कि संस्थान द्वारा किए गए सभी काम भी खराब हो जाते हैं।

### नीरज ने डायमंड लीग के फाइनल में किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित डायमंड लीग की 14 सीरीज के बाद समग्र तालिका में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। डायमंड लीग का फाइनल 13 और 14 सितंबर को ब्रुसेल्स में होगा। इस प्रतियोगिता के साथ ही एथलेटिक्स में इस सत्र का समापन भी होगा। चोपड़ा डायमंड लीग के दोहा और लुसाने चरण में दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने कुल 14 अंक अर्जित किए। उन्होंने ज्यूरिख में आखिरी सीरीज में भाग नहीं लिया था। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी चेक गणराज्य के तीसरे नंबर पर रहने वाले जैकब वाडलेच से दो अंक पीछे रहे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मन स्टार जूलियन वेबर क्रमश : 29 और 21 अंकों के साथ शीर्ष दो स्थानों पर रहे। ज्यूरिख प्रतियोगिता में पीटर्स ने वेबर को पीछे छोड़ दिया था। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा इस सत्र में फिटनेस से जूझ रहे थे।

### 900 गोल करने वाले खिलाड़ी बने रोनाल्डो

**लिस्बन।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आधिकारिक मैचों में 900 गोल करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। पुर्तगाल के रोनाल्डो ने यूईएफए नेशंस लीग मैच में क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। गोल के बाद जश्न मनाते हुए रोनाल्डो अपने हाथ चेहरे की ओर उठाए और घुटनों के बल बैठ गए। मैच में रोनाल्डो ने 34वें मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर 6 गज की दूरी से वॉली लगाकर यह ऐतिहासिक गोल किया और पुर्तगाल को 2-0 से आगे कर दिया। पुर्तगाल ने इस मुकाबले में क्रोएशिया पर 2-1 से जीत दर्ज की। मैच के बाद रोनाल्डो ने कहा यह उपलब्धि बहुत मायने रखती है। यह एक ऐसा मील का पत्थर था जिसे मैं लंबे समय से हासिल करना चाहता था। मुझे पता था कि मैं इस संख्या तक पहुंच जाऊंगा, क्योंकि जैसे-जैसे मैं खेलता रहूंगा, यह स्वाभाविक रूप से होता जाएगा। रोनाल्डो के निकटतम प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी 842 गोल के साथ दूसरे और पेले 765 गोल के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### तनीषा-ध्रुव की जोड़ी ताइपे ओपन से बाहर

**ताइपे।** भारत की तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को यहां खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में हार के साथ ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी आधे घंटे से अधिक समय तक चले मैच में थाईलैंड की पक्कापोन तीरत्सासाकुल और फातिमास मुएनवोंग की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 20-22, 12-21 से हार गई। दुनिया में 97वें स्थान पर मौजूद तनीषा और ध्रुव ने अच्छी शुरुआत की और एक समय वे 6-3 से आगे थे। इसके बाद 19-16 की बढ़त पर भी उनके पास पहला गेम जीतने का मौका था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। थाईलैंड की जोड़ी ने दूसरे गेम में शुरू से ही नियंत्रण बना दिया था। इंटरवल तक उन्होंने 11-6 से बढ़त हासिल कर रखी थी। इसके बाद उन्हें मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। तनीषा और ध्रुव के बाहर होने के साथ ही भारत की इस टूर्नामेंट में चुनौती भी समाप्त हो गई।

### शौर्य ने विश्व बधिर चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**हनोवर।** शौर्य सैनी ने शुक्रवार को यहां पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में 452.4 के स्कोर के साथ विश्व बधिर चैंपियनशिप का रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। सैनी ने क्वालीफिकेशन दौर में 580 से फाइनल में प्रवेश किया। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत जीतने के बाद यह सैनी का प्रतियोगिता में दूसरा पदक है। अन्य भारतीयों में कुशाग्र सिंह ने फाइनल में चौथा स्थान हासिल किया। चेतन हनमंत सपकाल ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जिससे भारत के पदकों की संख्या 17 (पांच स्वर्ण, सात रजत और पांच कांस्य) हो गई है। चेतन ने 534 अंक से कांस्य पदक जीता जिससे वह यूक्रेन के सेरही ओहोरडनिक और ओलेक्सांद्र कोलोडी से पीछे रहे जिन्होंने क्रमश : स्वर्ण और रजत पदक जीते।

# छोटे पैर से मापा आसमान

## एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर प्रवीण कुमार ने टी64 ऊंची कूद में जीता स्वर्ण पदक

**पेरिस, एजेंसी**

तोक्यो खेलों के रजत पदक विजेता भारत के प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीत लिया। छोटे पैर के साथ पैदा हुए नोएडा के कुमार ने छह खिलाड़ियों में 2.08 मीटर से सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाई और खेलों का आसमान माप लिया। अमेरिका के डेरेक लोकिडेंट ने 2.06 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ रजत पदक जीता जबकि उज्बेकिस्तान के टेमुरबेक गियाजोव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.03 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया।

कुमार ने 1.89 मीटर से शुरुआत करने का विकल्प चुना। अपने पहले प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल की और स्वर्ण पदक जीतने के लिए खुद को शीर्ष स्थान पर बनाए रखा। इसके बाद कुमार और लोकिडेंट के बीच शीर्ष स्थान के लिए मुकाबला जारी रहा, लेकिन भारतीय एथलीट इसमें सफल रहा। यह 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता कुमार का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। टी64 में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनके एक पैर के निचले हिस्से में मामूली रूप से मूवमेंट कम होता है या घुटने के नीचे एक या दोनों पैर नहीं होते। कुमार का विकार जन्म से है जो उनके कूल्हे को बायें पैर से जोड़ने वाली हड्डियों को प्रभावित करता है। बचपन में वह अकसर अपने साथियों से तुलना के कारण हीन भावना से जूझते रहे। इस असुरक्षा की भावना से लड़ने के लिए उन्होंने खेल खेलना शुरू किया और वॉलीबॉल में हाथ आजमाया, पर एक पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद स्पर्धा में भाग लेने के बाद उनकी जिंदगी बदल गई। शरद कुमार और मरियप्पन थंगावेलु के बाद वह पदक जीतने वाले ऊंची कूद के तीसरे एथलीट हैं।

**2.08** मीटर से टी64 स्पर्धा में सत्र की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाकर हासिल किया शीर्ष स्थान

**2023** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता कुमार का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी



पुरुषों की ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में हिस्सा लेते प्रवीण कुमार।>>




### भारतीय कैनोइंग चालक सेमीफाइनल में

**पेरिस।** भारत की प्राची यादव और यश कुमार ने शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक खेलों की कैनोइंग (डोंगीचालन) प्रतियोगिता में क्रमश : महिलाओं की वीएल2 200 मीटर और पुरुषों की केएल1 200 मीटर में अपनी-अपनी हीट में चौथे और छठे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। प्राची और पूजा ओझा ने महिलाओं की एकल 200 मीटर वीएल2 हीट एक और केएल1 200 मीटर हीट दो में क्रमश : 1:06.83 और 1:16.09 का समय निकाला। यश ने पुरुषों की केएल 200 मीटर हीट में 1:03.27 का समय निकाला। सेमीफाइनल शनिवार को होंगे। प्रत्येक हीट का विजेता सीधे फाइनल में पहुंचता है, जबकि बाकी खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाते हैं। प्रत्येक सेमीफाइनल के तीन सबसे तेज़ समय निकालने वाले खिलाड़ी फाइनल में पहुंचते हैं। प्राची तोक्यो पैरालंपिक खेलों में महिलाओं की वीएल2 स्पर्धा के फाइनल में आठवें स्थान पर रही थीं।

### दिलीप फाइनल, सिमरन सेमीफाइनल में पहुंचीं



**पेरिस।** भारतीय एथलीट दिलीप गावित ने पुरुष 400 मीटर टी47 स्पर्धा में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। वहीं दृष्टिबाधित एथलीट सिमरन शर्मा ने भी महिला 200 मीटर टी12 राउंड 1 दौड़ में पांचवें स्थान के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। आज यहां हुए मुकाबले में पैरा एथलीट दिलीप गावित ने पुरुष 400 मीटर टी47 राउंड 1 में 49.54 समय के साथ सीजन के सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए फाइनल में जगह बनाई। दिलीप अपनी हीट में तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले सिमरन शर्मा ने 25.41 सेकंड के समय के साथ शीर्ष पांच में स्थान हासिल किया, इस दौरान उन्होंने वेनेजुएला और इटली को भी पीछे छोड़ते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### भारत के ध्वजवाहक होंगे हरविंदर और प्रीति

**पेरिस।** स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज हरविंदर सिंह और पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला फर्राटा धाविका प्रीति पाल पेरिस खेलों के समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे। 33 वर्ष के हरविंदर पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज हैं। उन्होंने कहा भारत के लिये स्वर्ण पदक जीतना सपना सच होने जैसा है। अब समापन समारोह में भारत का ध्वजवाहक होना तो सबसे बड़ा सम्मान है। यह जीत उन सभी के लिये है जिन्हें मुझ पर भरोसा था। उम्मीद है कि मैं कइयों को अपने सपने पूरे करने की प्रेरणा दे सकूंगा। महिलाओं की टी35 100 और 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली 23 वर्ष की प्रीति ने कहा भारत का ध्वजवाहक होना गर्व की बात है। यह सिर्फ मेरे लिए नहीं बल्कि विषमताओं से निकलकर देश को गौरवान्वित करने वाले हर पैरा एथलीट के लिए है। अभियान प्रमुख सत्य प्रकाश सांगवान ने कहा कि इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से भावी पीढी को प्रेरणा मिलेगी।

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 80 | 63 | 41 | 184 |
| ब्रिटेन | 42 | 32 | 24 | 98 |
| अमेरिका | 31 | 35 | 18 | 84 |
| नीदरलैंड्स | 24 | 14 | 10 | 48 |
| इटली | 20 | 13 | 29 | 62 |
| फ्रांस | 17 | 24 | 24 | 65 |
| ब्राजील | 17 | 20 | 31 | 68 |
| यूक्रेन | 16 | 23 | 28 | 87 |
| ऑस्ट्रेलिया | 15 | 13 | 23 | 51 |
| भारत | 6 | 9 | 11 | 26 |



### पावरलिफ्टिंग में पदक से चूकीं कस्तूरी

**पेरिस।** भारतीय महिला एथलीट कस्तूरी राजमणि शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों के पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में पदक से चूक गईं। आज खेले गए महिलाओं के 67 किलोग्राम के फाइनल मुकाबले में कस्तूरी राजमणि ने 106 किलोग्राम का वजन उठाकर आठवें स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं। यह कस्तूरी राजमणि का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा लेकिन पोडियम से चूक गईं और इसकी के साथ उनका पेरिस पैरालंपिक में अभियान समाप्त हो गया।

### भाला फेंक एफ54 स्पर्धा में अंतिम स्थान पर रहे दीपेश

**पेरिस।** भारत के दीपेश कुमार शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की भाला फेंक एफ54 स्पर्धा के फाइनल में अंतिम स्थान पर रहे। दीपेश (19 वर्ष) सात खिलाड़ियों के फाइनल में 26.11 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ निचले स्थान पर रहे। दिसंबर 2023 में नयी दिल्ली में खेलो इंडिया पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले दीपेश अपनी स्पर्धा में थ्रो करने वाले अंतिम एथलीट थे और पोडियम पर पहुंचने के लिए उन्हें 30 से अधिक अंक चाहिए थे, पर वह इससे काफी पीछे रह गए। एफ54 वर्ग में फील्ड स्पर्धा में एथलीट सीट पर बैठकर हिस्सा लेते हैं।

# पेगुला-सबालेंका में होगा खिताबी मुकाबला

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- पेगुला ने करोलिना मुचोवा को हराकर पहली बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में किया प्रवेश
- पिछले साल की उपविजेता सबालेंका ने अमेरिका की एम्मा नवारो को दी मात



<< एम्मा नवारो के खिलाफ मैच के दौरान शॉट लगातीं आर्यना सबालेंका।

अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा।

न्यूयॉर्क की 30 वर्षीय छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने करोलिना मुचोवा को 1-6, 6-4, 6-2 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल के एक अन्य सेमीफाइनल में पिछले साल की उपविजेता सबालेंका ने अमेरिका की एम्मा नवारो को 6-3, 7-6 (2) से हराया। पेगुला की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्हें संघर्ष करना पड़ा। मुचोवा ने पहला सेट आसानी से 28 मिनट में जीता। उन्होंने पहले नौ गेम में से आठ में जीत हासिल की और दूसरे सेट में वह 3-0 से आगे थी लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई। पेगुला तब तक लय हासिल कर चुकी थी और उन्होंने इसके बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।

### इरानी और वावसोरी को मिश्रित युगल का अमेरिकी ओपन खिताब

**न्यूयॉर्क।** सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने गुरुवार को टेलर टाउनसेंड और डोनाल्ड यंग को 7-6 (0), 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। इटली की अपनी साथी रोबर्टा विंची के साथ महिला युगल में करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली इरानी का यह अपने करियर का पहला मिश्रित युगल खिताब है। उन्होंने पिछले महीने जैस्मीन पाओलिनी के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक खेलों में महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा यह वर्ष मेरे लिए अविश्वसनीय रहा है। यह वर्ष शानदार रहा है। टाउनसेंड और यंग को अमेरिकी ओपन में इस साल वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया था। यंग घोषणा कर चुके थे कि वह इसके बाद संन्यास ले लेंगे।

**विश्व कप क्वालीफाइंग**



### अर्जेंटीना ने चिली को 3-0 से हराया

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना ने चोटिल लियोनेल मेस्सी और संन्यास लेने वाले एंजेल डि मारिया के बिना भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चिली को 3-0 से हराकर दक्षिण अमेरिकी 2026 विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। एलेक्सिस मैक एलीस्टर ने 48वें मिनट में अर्जेंटीना की तरफ से पहला गोल किया जबकि जूलियन अल्वारेज ने 84वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुना कर दी। पाउलो डायबाला ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया। इस जीत से अर्जेंटीना के सात मैच के बाद 18 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर बना हुआ है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग से शीर्ष छह स्थान पर रहने वाली टीम अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप 2026 के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम दूसरे परिसंघ की टीम के खिलाफ प्लेऑफ मैच खेलेगी।

## बॉलीवुड हलचल

### दिलजीत दोसांझ की बार्डर 2 में हुई एंट्री



**मुंबई।** पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ फिल्म बार्डर 2 में काम करते नजर आएंगे। जेपी दत्ता निर्मित-निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। 27 साल बाद बॉर्डर का सीक्वल बनने जा रहा है। बार्डर 2 में सनी देओल की मुख्य भूमिका होगी। हाल ही में बॉर्डर 2 में वरुण की एंट्री हुई थी। अब बार्डर 2 की स्टार कास्ट में दिलजीत दोसांझ भी शामिल हो गए हैं। सनी देओल ने देशभक्ति फिल्म बॉर्डर 2 के कलाकारों में गायक एवं अभिनेता दिलजीत दोसांझ का स्वागत किया है। सनी देओल ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर दिलजीत दोसांझ के साथ एक परिचयात्मक वीडियो जारी किया। इस क्लिप को गीत संदेशे आते हैं के साथ संवर्धित किया गया है, जिसमें दोसांझ का वॉयसओवर भी शामिल है। इस देश की तरफ उठने वाली हर नजर झुक जाती है खौफ से, सरहदों पर जब गुरु के बाज पहरा देते हैं। सनी देओल ने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा, बॉर्डर2 की बटालियन में फौजी दिलजीत दोसांझ का स्वागत है। सनी देओल ने कहा, 27 साल पहले एक सैनिक ने वादा किया था कि वह लौटेंगे। उस वादे को पूरा करने के लिए, भारत की मिट्टी को सलाम करने के लिए, वह आ रहे हैं। बॉर्डर 2, 23 जनवरी 2025 को रिलीज के लिए निर्धारित है।

### इमरजेंसी की रिलीज डेट टलने पर दुखी हैं कंगना




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री और फिल्मकार कंगना रनौत अपनी फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट टलने पर बेहद दुखी हैं। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी विवादों में फंसी हुई है। इसे सेंसर सर्टिफिकेट न मिलने पर फिल्म के मेकर्स बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंचे थे। फिल्म की रिलीज लगभग दो हफ्ते के लिए अटक गई है। कंगना की इस फिल्म को 6 सितंबर को रिलीज होना था। कोर्ट ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन को आदेश दिया है कि वह 18 सितंबर तक इमरजेंसी के सर्टिफिकेट पर फैसला ले। इमरजेंसी की रिलीज डेट टलने पर कंगना रनौत बेहद दुखी हैं। कंगना रनौत ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट में लिखा है, भारी मन से मैं घोषणा करती हूं कि मेरी निर्देशित इमरजेंसी को पोस्टपोन्ड कर दिया गया है, हम अभी भी सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट का इंतजार कर रहे हैं, नई रिलीज की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी, आपकी अंडरस्टैंडिंग और पेशंस के लिए थैंक्स। इस फिल्म में कंगना, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# दोहरे शतक से चूके मुशीर, इंडिया बी मजबूत

**दलीप ट्राफी**

**बेंगलुरु, एजेंसी**

इंडिया बी ने यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेली जा रही चार दिवसीय दलीप ट्राफी के पहले मैच में शुक्रवार को दूसरे दिन मुशीर खान की शानदार 181 रनों की शतकीय पारी एवं नवदीप सैनी के अर्द्धशतक (56) की बदौलत पहली पारी में 321 का स्कोर खड़ा कर लिया। दिन का खेल खत्म होने के समय इंडिया ने दो विकेट पर 134 रन बना लिए है।

मुशीर ने अपने कल के 105 रनों से आगे खेलते हुए स्कोर को 181 रनों तक ले गए। एक समय पर वह अपने दोहरे शतक की ओर बढ़ते हुए दिख रहे थे तभी कुलदीप ने उन्हें रियान के हाथों कैच आउट कराकर उनकी पारी का अंत कर दिया। नवदीप सैनी ने भी (56) अर्द्धशतक पूरा किया। पांच बल्लेबाज दहाई अंकों में भी नहीं पहुंच पाए जबकि मुकेश कुमार शून्य पर नाबाद रहे। इंडिया ए के गेंदबाजों में आकाश दीप सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 27 ओवर में 60 देकर चार बल्लेबाजों को आउट किया। जबकि खलील अहमद, आवेश खान को दो-दो विकेट मिले एवं कुलदीप यादव ने एक विकेट लिया।



विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ी के साथ जश्न मनाते नवदीप सैनी। ● एजेंसी

इंडिया ए ने इसके जवाब में अपनी पहली में ठोस शुरुआत करते हुए दो विकेट पर 134 रन बना लिए है। खेल समाप्ति पर रियान पराग 27 रन और के एल राहुल 23 रनों पर खेल रहे थे। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने 36 रन एवं शुभमन गिल ने 25 रनों का योगदान दिया। इन दोनों सलामी बल्लेबाजों को नवदीप सैनी ने आउट किया। उन्होंने 57 रन के स्कोर पर मयंक अग्रवाल को पंत के हाथों कैच आउट करा इंडिया ए को पहला झटका दिया और अभी स्कोर में नौ रन और जुडे थे तभी सैनी ने 66 रनों पर शुभमन गिल को भी वापस पेवेलियन भेज दिया।

### देवदत्त-अय्यर के अर्धशतक भारत डी को 202 की बढ़त

**अनंतपुर (आंध्र प्रदेश)।** कप्तान श्रेयस अय्यर और देवदत्त पडीक्कल के तेज अर्धशतकों से भारत डी ने शुक्रवार को यहां दलीप ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन भारत सी के खिलाफ अपनी कुल बढ़त 202 रन की कर ली। भारतीय टीम में वापसी की कोशिश में जुटे अय्यर ने 44 गेंद में 54 रन की पारी खेली जिसमें नौ चौके और एक छक्का जड़ा था जबकि पडिक्कल ने 70 गेंद में आठ चौके से 56 रन बनाए। स्टंप तक भारत डी ने अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 206 रन बना लिए। अक्षर पटेल (नाबाद 11 रन) और हर्षित राणा क्रीज पर थे जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला था। बायें हाथ के युवा स्पिनर मानव सुथार भारत सी के लिए दिन के स्टार रहे जिन्होंने 15 ओवर 30 रन देकर पांच विकेट झटके जिसमें पडिक्कल और रिकी भुई (44 रन) के विकेट शामिल थे। अय्यर और पडिक्कल के बीच 126 रन की साझेदारी बनी जिससे भारत डी की पारी संभली। भारत सी ने सुबह चार विकेट पर 91 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहली पारी में 168 रन पर सिमट गई। हर्षित राणा ने 33 रन देकर चार और अक्षर पटेल ने 46 रन देकर दो विकेट झटके।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# जल संचय एक पॉलिसी नहीं, एक प्रयास भी: मोदी

सूरत, एजेंसी

● प्रधानमंत्री ने गुजरात से की 'जल संचय, जन भागीदारी पहल' की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में जल संचय, जन भागीदारी पहल की शुरुआत की। वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह बेहद अहम पहल है, जिसकी गुजरात की धरती से शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि जल-संचय केवल एक पॉलिसी नहीं है। यह एक प्रयास भी है, और यूं कहें तो ये एक पुण्य भी है। इसमें उदारता भी है और उत्तरदायित्व भी।



मोदी ने इस अवसर पर कहा कि आज गुजरात की धरती से जलशक्ति मंत्रालय द्वारा एक अहम अभियान का शुभारंभ हो रहा है। उसके पूर्व पिछले दिनों देश के हर कोने में जो वर्षा का तांडव हुआ, देश का शायद ही कोई इलाका होगा, जिसे इस मुसीबत से संकट को झेलना न पड़ा हो। मैं कई वर्षों तक गुजरात का मुख्यमंत्री रहा, लेकिन एक साथ इतने सभी तहसीलों में इतनी तेज बारिश मैंने कभी ना सुना था, ना देखा था। लेकिन इस बार गुजरात में बहुत बड़ा संकट आया। सारी व्यवस्थाओं की ताकत नहीं थी कि प्रकृति के इस प्रकोप के सामने हम टिक पाएं। लेकिन गुजरात के लोगों का अपना एक स्वभाव है, देशवासियों का स्वभाव है, सामर्थ्य है कि संकट की घड़ी में कंधे से कंधा मिलाकर हर कोई हर किसी की मदद करता है। आज भी देश के कई भाग ऐसे हैं, जो भारी वर्षा के कारण परेशानियों से गुजर रहे हैं।

# सिंगापुर के तीन जजों ने साझा की बंबई हाईकोर्ट में पीठ

**मुंबई।** सिंगापुर के उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायाधीश पहली बार शुक्रवार को बंबई उच्च न्यायालय की पीठों का हिस्सा बने। इनमें सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश सुंदरेश मेनन भी शामिल रहे। सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश मेनन ने ऐतिहासिक केंद्रीय न्यायालय कक्ष में बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय तथा न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला के साथ रस्मी तौर पर पीठ साझा की। पीठ ने महाराष्ट्र में मराठा समुदाय को दिए गए आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर संक्षिप्त सुनवाई की। सिंगापुर के उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति रमेश कन्नन ने बंबई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नितिन जामदार और न्यायमूर्ति एम.एम. सथाये के साथ पीठ साझा की।

# प्लास्टिक कचरा : जीव और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा

प्लास्टिक कचरा आजकल की दुनिया में एक बड़ी समस्या बन गया है। प्लास्टिक की वृद्धि और इसके दुरुपयोग ने पृथ्वी पर प्रदूषण और जीव-जंतुओं के लिए खतरा पैदा कर दिया है। प्लास्टिक कचरे से जल, थल और वायु प्रदूषण होता है, जिससे जीव-जंतुओं की स्वास्थ्य और पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए, प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन और इसके नियंत्रण के लिए कुछ कदम उठाने जरूरी हैं।



### प्रबंधन और बचाव के लिए उपाय

- प्लास्टिक और उससे बनी वस्तुओं के उपयोग को कम किया जाना चाहिए।
- प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल करने के नए तरीकों को खोजा जाए।
- कचरे को सही तरीके से निपटान करें जिससे मानव और पशु इससे बचे रहें।
- प्लास्टिक की जगह अन्य प्राकृतिक उत्पाद के विकल्पों का उपयोग करें।
- देशव्यापी स्तर पर उपयोग कम करने को जागरूकता अभियान चलाना।
- राष्ट्रीय स्तर पर प्लास्टिक कचरे के निपटान को नियम बनाने चाहिए।
- कचरा कम करने को विशेष टीम तकनीकी समाधान खोजे और अमल में लाए।

### यह उपाय किए जा सकते हैं

- प्लास्टिक की बोतलों के बजाय स्टील या ग्लास की बोतलों का उपयोग
- प्लास्टिक के थैलों के बजाय जूट या कपड़े के थैलों का उपयोग करना
- प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल करने के लिए रिसाइकलिंग प्लांट लगाना
- प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए लैंडफिल साइट्स का निर्माण करना
- प्लास्टिक कचरे के बारे में स्कूलों-कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाएं

### भारत में सबसे ज्यादा प्लास्टिक कचरा

प्लास्टिक कचरा पैदा करने के मामले में भारत दुनिया में सबसे आगे है और प्रति वर्ष एक करोड़ दो लाख टन कचरा पैदा करता है जो अन्य बड़े प्रदूषक देशों की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गई है। ब्रिटेन में लीड्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अनुसार, दुनिया हर साल पांच करोड़ 70 लाख टन प्लास्टिक प्रदूषण पैदा करती है जो सबसे गहरे महासागरों से लेकर सबसे ऊंचे पहाड़ों की चोटियों और लोगों के शरीर तक में फैल गया है। इसका दो-तिहाई से अधिक हिस्सा ग्लोबल साउथ से आता है।

### प्रकृति को होने वाली हानि

प्लास्टिक कचरे में मौजूद रसायनिक पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। जल और वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरता कम होती है। प्लास्टिक कचरे के कारण जलीय जीवन प्रभावित होता है, वन्य जीवन को खतरा होता है, मिट्टी और जल प्रदूषित होते हैं।

### क्या है प्लास्टिक कचरा

प्लास्टिक कचरा वह कचरा होता है जो प्लास्टिक से बना होता है, जैसे कि प्लास्टिक की बोतलें, थैले, प्लास्टिक की प्लेटें, और अन्य प्लास्टिक उत्पाद जो एक बार उपयोग करने के बाद फेंक दिए जाते हैं। जो प्रकृति और पशुओं के लिए खतरनाक होता है इससे भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है।

## एक नजर

### नेपाल ने टिकटॉक पर लगा प्रतिबंध हटाया

**काठमांडू।** नेपाल ने सोशल मीडिया एप टिकटॉक पर लगाया गया प्रतिबंध कुछ शर्तों के साथ शुक्रवार को हटा दिया। नेपाल ने पिछले साल 12 नवंबर को यह कहते हुए टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा दिया था कि यह सोशल नेटवर्किंग साइट देश में सामाजिक सौहार्द में खलल के लिए जिम्मेदार है। सरकारी नोटिस में कहा गया है कि टिकटॉक पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया गया है।

### आतंकी हमले में तीन सुरक्षा अधिकारी मारे गए

**दमिश्क।** जॉर्डन के साथ लगती नसीब सीमा के पास आतंकवादियों के एक समूह ने सीरियाई सुरक्षा अधिकारियों पर हमला किया, जिनमें से तीन की मौत हो गई। सीरिया के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि दारा प्रांत में राजनीतिक सुरक्षा विभाग के तीन आंतरिक सुरक्षा अधिकारी आतंकवादियों के एक समूह के हमले में मारे गए, जिन्होंने दारा प्रांत में नसीब सीमा चौकी पर सईदा पुल के पास उन पर गोलीबारी की।

### इस्लामाबाद में 16 वर्ष में पोलियो का पहला मामला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पिछले 16 वर्ष में पोलियो का पहला मामला सामने आया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना देश से इस गंभीर वायरस को खत्म करने के राष्ट्रीय प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान की एक प्रयोगशाला के अनुसार इस्लामाबाद के यूनियन काउंसिल रूरल चार में एक बच्चे में जंगली पोलियो वायरस टाइप 1 पाया गया है। यह पिछले 16 वर्ष में इस्लामाबाद में पहला मामला है।

### स्कूल में गोलीबारी के आरोपी के पिता गिरफ्तार

**विंडर (अमेरिका)।** जॉर्जिया हाई स्कूल में गोलीबारी करने वाले छात्र के पिता को हत्या के आरोप सहित विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किया गया है। छात्र की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हुए थे। जॉर्जिया जांच ब्यूरो ने गुरुवार को बताया कि आरोपी कोल्ट ग्रे के पिता कॉलिन ग्रे (54) पर हत्या और बच्चों के प्रति क्रूरता का आरोप लगाया गया है। 14 वर्षीय कोल्ट ग्रे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### विमान में बम की धमकी, तुर्किए में उतारा गया

**मुंबई।** मुंबई से फ्रैंकफर्ट जा रही विस्तारा की उड़ान संख्या यूके-27 को शुक्रवार को सुरक्षा चिंताओं के चलते तुर्किए की ओर मोड़ दिया गया। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि विमान में चालक दल को सुरक्षा चेतावनी (बम की धमकी) के बारे में पता चला जिसके बाद विमान को सुरक्षित रूप से एरजुरम हवाई अड्डे पर उतारा गया, संबंधित अधिकारियों को तुरंत सतर्क कर दिया गया था। सुरक्षा एजेंसियां विमान की जांच कर रही हैं। यात्रियों और चालक दल की संख्या जैसे अन्य ब्यौरे के बारे में फिलहाल पता नहीं चल सका है।

### पाकिस्तान में आत्मघाती हमला, दो आतंकी ढेर

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक सैन्य मुख्यालय पर हुए आतंकवादी हमले में दो आत्मघाती हमलावर मारे गए। सुरक्षा बलों ने कहा कि उन्होंने अफगानिस्तान की सीमा से लगे मोहमंद जिले के घलानाई कस्बे में मोहमंद राइफल्स मुख्यालय पर आतंकवादी हमले के बाद पांच आत्मघाती हमलावरों में से दो को मुठभेड़ में मार गिराया है।

# तीस्ता मुद्दा सुलझाएगा बांग्लादेश

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने किया आह्वान

ढाका, एजेंसी



● कहा-इस समस्या को टालने से किसी देश को फायदा नहीं होगा

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि अंतरिम सरकार काफी समय से लंबित तीस्ता जल बंटवारा संधि पर मतभेदों को सुलझाने के तरीकों पर भारत के साथ काम करेगी, क्योंकि इसे वर्षों तक टालने से किसी देश को कोई फायदा नहीं होगा। यूनुस ने ढाका में अपने सरकारी आवास पर कहा कि दोनों देशों के बीच जल बंटवारे के मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार सुलझाया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश जैसे निचले तटवर्ती देशों के पास विशिष्ट अधिकार हैं जिन्हें वे बरकरार रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे (पानी के बंटवारे) को निपटाने के लिए काम नहीं करने से कोई फायदा नहीं होगा। भले ही मैं खुश न भी होऊं और हस्ताक्षर कर दूं, लेकिन यदि मुझे पता होगा कि मुझे कितना पानी मिलेगा, तो यह बेहतर होगा। इस मुद्दे को सुलझाना होगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या अंतरिम सरकार तीस्ता जल बंटवारा संधि के मुद्दों को शीघ्र हल करने का दबाव बनाएगी, उन्होंने कहा कि नई सरकार इस पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि हमें साथ बैठकर इसका समाधान करना होगा। भारत और बांग्लादेश 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे संबंधी एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया था।

यूनुस ने कहा कि यह कोई नया नहीं, बल्कि बहुत पुराना मुद्दा है। हमने इस मुद्दे पर कई मौकों पर बात की है। वार्ता पाकिस्तान के शासन के दौरान शुरू हुई थी। हम सभी चाहते थे कि इस संधि को अंतिम रूप दिया जाए, यहां तक कि भारत सरकार भी इसके लिए तैयार थी लेकिन पश्चिम बंगाल राज्य की सरकार इसके लिए तैयार नहीं थी। हमें इसे हल करने की जरूरत है। यूनुस ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में जल संसाधन मामलों की सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने कुछ ही दिन पहले कहा था कि सरकार तीस्ता जल बंटवारा संधि पर भारत के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहती है। बांग्लादेश में बाढ़ की स्थिति तथा बाढ़ के लिए भारत को दोषी ठहराने संबंधी ढाका से आई रिपोर्ट के बारे में यूनुस ने कहा कि जब तक संधि पर हस्ताक्षर नहीं हो जाते, तब तक ऐसे संकटों से निपटने के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के (उच्चायुक्त) जब मुझसे मिलने आए, तो मैंने कहा कि हम बाढ़ के दौरान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बेहतर प्रबंधन पर काम कर सकते हैं।

### दक्षेस से कई क्षेत्रीय समस्याओं का हल निकलेगा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) के मकसद को बहाल करने से कई क्षेत्रीय समस्याओं का हल निकल आएगा। यूनुस ने कहा कि दक्षेस का गठन एक महान उद्देश्य से किया गया था लेकिन अब यह केवल कागजों पर ही सिमट कर रह गया है, क्रियाशील नहीं है। इस क्षेत्रीय समूह में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। यूनुस ने कहा कि वह इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात का प्रयास करेंगे। अंतरिम सरकार के प्रमुख ने यह भी कहा कि वह दक्षेस देशों के राष्ट्राध्यक्षों को फोटो खिंचवाने के लिए एक साथ लाने का भी प्रयास करेंगे।

### बीजीबी बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ रोके

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) से कहा है कि वह अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के मद्देनजर देश के (बांग्लादेश के) नागरिकों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने से रोके। बीएसएफ ने शुक्रवार को कहा कि वह 4,096 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की शुचिता बनाए रखने के साथ-साथ सीमा पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# केन्या के स्कूल छात्रावास में आग 17 छात्रों की मौत

**नैरोबी।** केन्या में एक स्कूल के छात्रावास में आग लगने से 17 छात्रों की मौत हो गई और 13 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। पुलिस प्रवक्ता रेसिला ओन्यांगो ने बताया कि न्येरी काउंटी के 'हिलसाइड एंडाराशा प्राइमरी' में गुरुवार रात आग लगी और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह आग किस कारण से लगी। इस विद्यालय में 14 साल तक की उम्र के बच्चे रहते हैं।

# टेलीग्राम के सीईओ पावेल ने आरोपों को खारिज किया

**पेरिस।** सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पावेल दुरोव ने फ्रांस में गिरफ्तारी के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से आरोपों को खारिज कर दिया। दुरोव को टेलीग्राम पर कथित तौर पर आपराधिक गतिविधियों की अनुमति देने के आरोप में अगस्त के अंत में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने गुरुवार रात टेलीग्राम पर एक पोस्ट में फ्रांस में खुद पर लगे आरोपों से अपना बचाव किया।

## जम्मू कश्मीर चुनावः भाजपा का संकल्प पत्र

# सौ मंदिरों के जीर्णोद्वार सहित 25 गारंटी शामिल

जम्मू, एजेंसी

● कश्मीरी पंडितों की वापसी-पुनर्वास और पांच लाख नौकरियों का सृजन होगा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी किया जिसमें 25 गारंटी दी गई हैं। इसमें श्वेत पत्र जारी करना और आतंकवाद के पीड़ितों के लिए जवाबदेही तय करने के साथ कश्मीर में 100 मंदिरों का जीर्णोद्धार शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत के लिए दो दिवसीय दौरे के पहले दिन संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र में कश्मीरी प्रवासी पंडितों की वापसी-पुनर्वास तथा पांच लाख नौकरियों के सृजन की भी बात कही गई है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा तैयार संकल्प पत्र में शामिल गारंटियों को पढ़ते हुए शाह ने कहा कि आतंकवाद और अलगाववाद का सफाया करके हम जम्मू-कश्मीर को देश में विकास और प्रगति में अग्रणी बनाएंगे। हम एक श्वेत पत्र प्रकाशित करेंगे और आतंकवाद के सभी पीड़ितों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने समेत पार्टी की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा जम्मू कश्मीर में अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी और विकास करेगी। इसने कहा कि दोनों संभागों में पर्यटन उद्योग का विकास किया जाएगा, जिसमें डल झील को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना शामिल है। गारंटियों में जम्मू शहर में विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में आईटी हब की स्थापना, उधमपुर में फार्मास्यूटिकल पार्क और किश्तवाड़ में आयुष हर्बल पार्क की स्थापना और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रणजीत सागर बांध के लिए एक अलग झील विकास प्राधिकरण बनाना शामिल हैं। कश्मीरी पंडित समुदाय की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए टीका लाल टपलू विस्थापित समाज पुनर्वास योजना शुरू की जाएगी। जम्मू-कश्मीर सरकारी नौकरियों और पुलिस भर्ती में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत कोटा देने के साथ सामान्य कोटे को प्रभावित किए बिना जम्मू-कश्मीर आरक्षण नीति का पालन करेंगे।

# यूरोपीय संघ में जनसांख्यिकीय संकट अपरिहार्य

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ में जनसांख्यिकीय संकट को अपरिहार्य बताया। मस्क ने यह बयान वाशिंगटन में दिया, जहां उन्होंने यूरोपीय संघ की जनसंख्या में गिरावट और इससे होने वाली आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की। कहा कि यह संकट न केवल यूरोपीय संघ (ईयू) के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा है इसके समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।



# गुवाहाटी में प्रशिक्षण केंद्र खोलेगी आईआईटी

गुवाहाटी, एजेंसी

● विमान निर्माता कंपनी एयरबस के साथ किया समझौता

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी ने विमान विनिर्माता एयरबस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक वैश्विक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए शुक्रवार को समझौता किया। इस केंद्र को गुवाहाटी में स्थापित किया जाएगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान कहा कि यह सहयोग वैमानिकी प्रौद्योगिकी में कुशल कर्मियों को उपलब्ध कराने में एक लॉजिस्टिक केंद्र के रूप में असम के उभार का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### इसरो-आईआईजी में हुआ अन्वेषण के लिए समझौता

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारतीय भू-चुंबकत्व संस्थान (आईआईजी) ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी और अन्वेषण सहयोग के लिए के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते पर इसरो के वैज्ञानिक सचिव शांतनु भटावडेकर और निदेशक आईआईजी प्रोफेसर ए.पी. डिमरी ने हस्ताक्षर किए।

# शीर्ष अमेरिकी सैन्य अफसरों से मिले जेलेंस्की

**रामस्टीन (जर्मनी), एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अधिक हथियार मुहैया कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को जर्मनी में शीर्ष अमेरिकी सैन्य अधिकारियों और 50 से अधिक साझेदार देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इससे पहले अमेरिका ने कीव को सुरक्षा सहायता के तौर पर 25 करोड़ डालर प्रदान करने की घोषणा की। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉएड ऑस्टिन ने कहा कि अधिकारियों की यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब रूस के साथ जारी युद्ध में यूक्रेन को डोनबास में एक प्रमुख केंद्र के पास रूसी सेना की ओर से अहम खतरा है।

# अदालतें बच्चे को चल संपत्ति नहीं मान सकतीं : शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रभाव पर विचार किए बिना उसे हस्तांतरित नहीं किया जा सकता

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि नाबालिग के संबंध में बंदी प्रत्यक्षीकरण के मुद्दे पर विचार करने वाली अदालतें बच्चे को चल संपत्ति नहीं मान सकतीं और अभिरक्षा में व्यवधान से उन पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार किए बिना उसे (अभिरक्षा को) हस्तांतरित नहीं कर सकतीं। न्यायमूर्ति ए.एस. ओका और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने कहा कि ऐसे मुद्दों पर यांत्रिक ढंग से निर्णय नहीं किया जा सकता तथा न्यायालय को मानवीय आधार पर कार्य करना होगा।

पीठ ने कहा कि जब अदालत किसी नाबालिग के संबंध में बंदी प्रत्यक्षीकरण के मुद्दे पर विचार करती है, तो वह बच्चे को चल संपत्ति नहीं मान सकती है और अभिरक्षा में व्यवधान के बच्चे पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार किए बिना अभिरक्षा हस्तांतरित नहीं कर सकती है। शीर्ष अदालत ने दो साल और सात महीने की एक बच्ची की अभिरक्षा से जुड़े मामले में अपना फैसला सुनाया। दिसंबर 2022 में उसकी मां की असमय मौत हो गई थी और वह ननिहाल पक्ष की रिश्तेदार के पास है।

# क्या केजरीवाल के जेल से काम करने पर कोई रोक है

● न्यायालय ने पूछा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार से पूछा कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जेल से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने पर रोक का कोई आदेश है? न्यायालय को बताया गया था कि पात्र दोषियों की सजा माफी से संबंधित फाइलों में उनके हस्ताक्षर नहीं हो पाने से देरी हो रही है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक दोषी की सजा को माफ करने में कथित देरी की उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

# भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में बदलाव बहाल किया

इस्लामाबाद, एजेंसी

● पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने सरकार के पक्ष में सुनाया फैसला

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने देश के भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में उन बदलावों को शुक्रवार को सर्वसम्मति से बहाल कर दिया, जिनसे प्रधानमंत्री और उनके बड़े भाई नवाज शरीफ सहित कई बड़े नेताओं को फायदा हुआ था।

पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने संघीय सरकार और अन्य पक्षों द्वारा दायर अंतर-अदालती अपीलों (आईसीए) पर सुनवाई के बाद पांच सदस्यीय पीठ द्वारा छह जून को सुरक्षित रखा गया फैसला सुनाया। देश की शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) कानूनों में संशोधन को निरस्त करने वाले पहले के फैसले को पलट दिया तथा संघीय सरकार एवं अन्य प्रभावित पक्षों द्वारा दायर अंतर-अदालती अपीलों को स्वीकार कर लिया।

### जनरल को अहम पद से हटाने का आदेश दिया

**लाहौर।** पाकिस्तानी की एक अदालत ने दुलर्भ फैसला सुनाते हुए शुक्रवार को सेना के एक कार्यरत जनरल को अहम राष्ट्रीय डेटाबेस एवं पंजीकरण प्राधिकरण (नाद्रा) के प्रमुख पद से हटाने का आदेश देते हुए नियुक्ति को अनधिकृत और नियमों का उल्लंघन करार दिया। यह संगठन सरकारी डेटाबेस को नियंत्रित करता है और देश के सभी नागरिकों के संवेदनशील पंजीकरण डेटाबेस का सांख्यिकीय प्रबंधन करता है।

# धूमकेतु ही नहीं, क्षुद्रग्रह भी हैं उल्कावृष्टि की वजह

## धूमकेतुओं व उल्कावृष्टि की प्रकृति व उत्पत्ति को लेकर 45 वैज्ञानिकों का सामूहिक शोध

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** रातों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली उल्कावृष्टि यानी आसमानी आतिशबाजी बरबस मन मोह लेनी वाली खगोलीय घटना अक्सर देखने को मिलती है। मगर यह होती क्यों है और इनकी प्रकृति व उत्पत्ति को लेकर वैज्ञानिकों की टीम ने सामूहिक शोध कर विस्तृत जानकारी जुटाई है।

उल्कावृष्टि की मुख्य वजह धूमकेतुओं द्वारा छोड़े जाने धूल कणों के अवशेष को माना जाता है, जो हमारे वायुमंडल से गिरते हैं और वातावरण में प्रकाश की तेज़ गति से चलने वाली चमकीली लकीर के रूप में दिखते हैं। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि उल्कावृष्टि की चमक के आधार पर उल्का कणों के आकार को समझा जा सकता है। इससे धूमकेतु के निर्माण में शामिल पदार्थों को जाना जा सकता है।



अधिकांश धूमकेतु बर्फ से बने होते हैं, जिनमें बड़ी मात्रा में चट्टान भी मिली होती है। बर्फ और चट्टान के मिश्रण को एक गंदा स्नोबॉल भी कहा जाता है। वे सूर्य के चारों ओर लम्बी अण्डाकार कक्षाओं में यात्रा करते हैं। सूर्य के करीब पहुचने पर तीव्र गर्मी के कारण बर्फ तुरंत गैस में बदल जाती है और फंसी हुई धूल कणों या उल्का को बाहर फेक देती है। बर्फ से निकली गैस व धूल कणों से पूंछ पैदा होती है। साथ ही उल्काओं का मलवा अंतरिक्ष मे छूट जाता है और जब पृथ्वी छोड़े गए मलवे से होकर गुजरती है तो धूल कण जल जाते हैं और गिरती हुई चमकीली रेखा के रूप मे नजर आती है।

नए शोध में शामिल 45 शोधकर्ताओं की टीम ने उल्कावृष्टि की कुछ हटकर खोज की है। उन्होंने पाया है कि सभी धूमकेतु सूर्य के निकट आने पर एक समान तरह से नहीं टूटते। टीम ने दुनिया भर में विशेष कम रोशनी वाले वीडियो कैमरों का उपयोग करके 47 युवा उल्कापात का अध्ययन किया। कैमरों ने उल्काओं के मार्ग को मापा जिससे टीम को यह पता लगाने में मदद मिली कि जब वे पहली बार प्रकाश में आए तो वे कितनी ऊंचाई पर थे और फिर वे वायुमंडल में कैसे धीमे हो गए। वे संरचना को मापने में भी सक्षम थे जिससे उन्हें कणों का आकार निकालने में मदद मिली। नतीजों से पता चला कि ऊर्ट क्लाउड में उत्पन्न होने वाले धूमकेतु आम तौर पर धीमी और सौम्य अभिवृद्धि स्थितियों का संकेत देने वाले कणों के आकार में टूट जाते हैं।

दूसरी ओर, बृहस्पति परिवार के धूमकेतु औसतन 8 फीसद अधिक ठोस पदार्थ के साथ छोटे व सघन उल्कापिंडों में टूट जाते हैं। इनके अलावा शोध मे यह जानकारी भी सामने आई कि कुछ उल्कापात क्षुद्रग्रहों से उत्पन्न होते हैं,जो छोटे कणों के साथ उल्का वर्षा उत्पन्न करते हैं। क्षुदग्रहों के धरती करीब से गुजरने व उनके गुरुत्व या अन्य स्थिति मे उनके साथ जुड़े छोटे कण भी उल्कावर्ष्टि की वजह होते हैं।

### साल में कई बार चरम पर होती है उल्कावृष्टि

यूं तो साफ आसमान मे रात को टकटकी लगाकर निहारने में हल्की-फुल्की उल्कावृष्टि अक्सर देखने को मिल जाती है, लेकिन साल में कुछ ही रातें होती हैं, जब यह चरम पर देखी जा सकती है। दिसंबर माह को जेमनीड उल्कावर्ष्टि मे सबसे ज्यादा उल्काओं को बरसते देखा जाता है। इस माह 9 सितंबर को परसीड उल्कावृष्टि चरम पर रहेगी, जो रोशनी से मुक्त क्षेत्रों से बखूबी देखी जा सकती है।